

दैनिक

# क्षितिज किरण

त्वदीय पाद पंकजम् नमामि देवी नर्मदे

आरएनआई क्र.MPHIN/2012/40924

प्रेरणापुंज- विचित्र कुमार सिन्हा -- ब्यूरो प्रमुख भोपाल- विलक्षण सक्सेना

जबलपुर, होशंगाबाद एवं सीहोर से एक साथ प्रकाशित एकमात्र निर्भीक समाचार-पत्र

प्रधान सम्पादक-कृष्णकान्त सक्सेना वर्ष-14, अंक -23 जबलपुर, गुरूवार 20 फरवरी 2025 कीमत-70 पैसे पृष्ठ-8 संपादक अरुण श्रीवास्तव


जबलपुर में राज्य तीरंदाजी एकेडमी का मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने किया लोकार्पण-प्रदेश के खेल मंत्रालय को किया फ्री हैंड जो नीति तैयार करेगा प्रदेश में लागू की जायेगी

## प्रदेश में खिलाड़ियों को राष्ट्रीय स्तर की सुविधाएं देकर अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी तैयार करेंगे-सीएम डॉ. यादव

26.80 करोड़ की खेल अकादमी स्व. ईश्वरदास रोहाणी के नाम करने की मुख्यमंत्री ने की घोषणा -शिवाजी के पुत्र संभाजी महाराज के जीवन के अदम्य साहस का परिचय कराने वाली छावा फ़िल्म प्रदेश में टैक्स फ्री





**जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रदेश को तीरंदाजी खेल अकादमी की सौगात देते हुये कहा कि प्रदेश में खिलाड़ियों को राष्ट्रीय स्तर पर जो सुविधाएं दी जाती हैं। वे सभी सुविधाएं प्रदेश के खिलाड़ियों को भी दी जाएगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि खेल मंत्रालय द्वारा जो भी खेल नीति तय की जायेगी, वो राज्य में अमल में लायी जाएगी। प्रदेश में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में ओलंपिक, एशीयाड और अंतरराष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी तैयार करने के लिए भारत ने खेलों की दिशा में उल्लेखनीय प्रगति की है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने यह बात आज यहां जबलपुर के रांझी में 26.80 करोड़ की लागत से बनी राज्य तीरंदाजी खेल अकादमी का लोकार्पण करते हुए कही। उन्होंने राज्य स्तरीय खेल अकादमी का नामकरण स्व. ईश्वरदास रोहाणी के नाम पर करने की भी घोषणा की।

**प्रधानमंत्री के नेतृत्व में प्रदेश का नए दौर में प्रवेश**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में प्रदेश नए दौर में प्रवेश कर रहा है। इस नए दौर में हम हर क्षेत्र में समान रूप से विकास कार्यो की गति बढ़ा रहें है। आज जिस खेल अकादमी और इसमे सिंथेटिक एथलेटिक ट्रेक का लोकार्पण हुआ है। इसका मूल्य सभी खिलाड़ी जानते है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने राज्य खेल अकादमी के लोकार्पण कार्यक्रम के दौरान प्रदेश में शिवाजी की जयंती की सभी को शुभकामनायें देते हुये कहा कि उनके पुत्र संभाजी महाराज के जीवन से प्रेरित फ़िल्म छावा को प्रदेश में टैक्स फ्री करने की घोषणा की। उन्होंने शिवाजी की वीरता को याद करते हुये कहा कि शिवाजी उनके वीर पुत्र संभाजी के जीवन परिचय और उनके अदम्य साहस व न्यायप्रियता को दर्शाने वाले जीवन व उनके पुत्र की वीरगाथा दर्शानें वाली फिल्म पर कोई टैक्स नही होगा। प्रदेश की जनता को संभाजी के अदम्य साहस और वीरता को जानना चाहिए। इस लिए प्रदेश की जनता से इस फिल्म को देखने पर कोई टेक्स नहीं लिया जायेगा।

**सभी पात्रों को दें आवासीय पट्टा**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मंच से कलेक्टर श्री दीपक सक्सेना को निर्देशित करते हुये उपनगरीय क्षेत्र रांझी के शारदा नगर , शांति नगर, राम नगर, उदय नगर के पात्र व्यक्तियों का परीक्षण करवाकर आवासीय पट्टा प्रदान करने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों के सभी आवासहीन परिवारों को पक्का आवास देने के लिये सर्वे निरंतर चल रहा है। उन्होंने सरकार प्रदेश के सभी आवासहीन परिवारों को पक्का आवास देने की प्रतिबद्धता जताई है। इस दौरान लोक निर्माण मंत्री श्री राकेश सिंह, सांसद द्वय श्री आशीष दुबे एवं सुमित्रा बाल्मीक, विधायक सर्वश्री अजय विश्नोई, अशोक रोहाणी, अभिलाष पांडे, नीरज सिंह ठाकुर, महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू, महाधिवक्ता श्री प्रशांत सिंह, ओलंपिक संघ के सचिव श्री दिग्विजय सिंह व नगर निगम अध्यक्ष रिकुंज विज मौजूद रहे।

## दिल्ली की मुख्यमंत्री होगी रेखा गुप्ता

एलजी से मिलकर सरकार बनाने का पेश करेगी दावा



नई दिल्ली.(आरएनएस)। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता होंगी, आज शाम विधायक दल की बैठक में इसका ऐलान किया गया. रेखा गुप्ता को सीएम चुने जाने के बाद भाजपा प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने गुलदस्ता देकर उनका स्वागत किया. सूत्रों के अनपुसार विधायक दल की बैठक संघ ने रेखा गुप्ता का नाम सुझाया था, जिसे भाजपा के शीर्ष नेतृत्व ने मान लिया. पार्टी ने रविशंकर प्रसाद और ओम प्रकाश धनखड़ को पर्यवेक्षक बनाया था. दोनों ने विधायक दल की बैठक से पहले भाजपा के सभी विधायकों से एक-एक करके बात की. इसके बाद विधायक दल की बैठक में सतीश उपाध्याय व विजेंद्र गुप्ता ने रेखा गुप्ता के नाम का प्रस्ताव रखा, फिर सीएम के नाम का ऐलान किया गया. मुख्यमंत्री की शपथ 20 फरवरी को रामलीला मैदान में दोपहर 12.35 बजे होगी. दिल्ली के मुख्य सचिव की तरफ से भेजे गए निमंत्रण में मुख्यमंत्री के साथ मंत्रियों की शपथ का भी जिक्र है.

## बालाघाट में मुठभेड़ में पुलिस ने तीन महिला नक्सलियों को मार गिराया

बालाघाट (आरएनएस)। नक्सल प्रभावित जिले के गढी थाना क्षेत्र अंतर्गत रौंदा के जंगल में एक बार फिर से पुलिस व नक्सलियों के आमने-सामने होने से हुई मुठभेड़ में पुलिस को सफलता हाथ लगी है। यहां मुठभेड़ में तीन नक्सलियों के ढेर होने की जानकारी मिल रही है। वहीं अन्य नक्सलियों के घायल होने पर पुलिस पार्टी जंगल में नक्सलियों की तलाश कर रही है। मिली जानकारी के अनुसार रौंदा के जंगल में हाकफोर्स के जवान सर्चिंग कर रहे थे। इसी दौरान जंगल में मौजूद नक्सलियों ने सर्चिंग पार्टी पर घात लगाकर फायरिंग करना शुरु कर दिया। स्वयं को बचाते हुए सर्चिंग पार्टी ने जवाबी फायरिंग की तो तीन नक्सलियों को मार गिराने पर उन्हें सफलता हाथ लगी हैं। वहीं पुलिस व नक्सलियों के बीच मुठभेड़ की जानकारी मिलते

## मैहर में ट्रक से टकराई एसयूवी कार के परखच्चे उड़े, 3 महाकुम्भ यात्रियों की मौत, 2 गंभीर, मुम्बई लौट रहे श्रद्धालु



मैहर. (आरएनएस)। एमपी के मैहर में आज दोपहर 12 बजे के लगभग महाकुम्भ स्नान कर लौट रहे यात्रियों की एसयूवी कार सड़क किनारे खड़े ट्रक से टकरा गई. दुर्घटना में कार के परखच्चे उड़ गए, वहीं कार में सवार तीन लोगों की मौत हो गई, वहीं दो के शरीर पर गंभीर चोटें आई है. ये सभी लोग स्नन करके मुम्बई लौट रहे थे.

पुलिस के अनुसार मुम्बई के उपाध्याय परिवार के पांच सदस्य प्रयागराज महाकुम्भ से स्नान कर एसयूवी कार से अपने घर मुम्बई के लिए रवाना हुए. जब वे मैहर से गुजर रहे थे. इस दौरान कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे ट्रक से टकरा गई. दुर्घटना में कार के परखच्चे उड़ गए, वहीं कार में सवार तीन लोगों के शरीर पर गंभीर चोटें आने से मौके पर ही मौत हो गई. वहीं अन्य दो यात्री गंभीर रुप से घायल हो गए. राह चलते लोगों ने देखा तो पुलिस को खबर दी. मौके पर पहुंची पुलिस ने सभी को कार से बाहर निकालकर स्थानीय अस्पताल में भरती कराया. जहां पर दोनों यात्रियों की हालत को देखते हुए भरती कर लिया गया है. दुर्घटना में इनकी हुई मौत--सुनील पिता गणेश उपाध्याय उम्र 62 वर्ष -सरोजित पति सुनील उपाध्याय 55 वर्ष -स्नेहा पिता सुनील उपाध्याय उम्र 24 वर्ष इनकी हालत गंभीर--मोहन पिता सुनील उपाध्याय उम्र 27 वर्ष -मीनाक्षी कुमार पति स्वर्गीय विनोद कुमार 60 वर्ष

### महाकुंभ में स्नान के लिए आई महिला की हत्या कर साथी फरार

लखनऊ.- महाकुंभ में स्नान के लिए आई एक महिला की उसके साथ आए अज्ञात व्यक्ति ने बुधवार की सुबह कथित तौर पर धारदार हथियार से हत्या कर दी। पुलिस ने यह जानकारी दी। झूंसी थाना प्रभारी उपेंद्र सिंह ने बताया कि यह महिला एक पुरुष के साथ महाकुंभ आई थी

अखिलेश यादव का सीएम योगी पर पलटवार, बोले

## मौलाना बनना भी अच्छा है और योगी बनना भी



लखनऊ.(आरएनएस)। उत्तर प्रदेश विधानसभा के बजट सत्र के पहले दिन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने समाजवादी पार्टी पर जमकर हमला बोला. उन्होंने सपा को दोहरे चरित्र वाली पार्टी बताते हुए कहा कि अन्य भाषाओं की तुलना में उर्दू को ज्यादा महत्व दिया जाता है. अब इस बयान पर सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने पलटवार किया है. अखिलेश ने कहा, मौलाना बनना भी अच्छा है और योगी बनना भी, लेकिन खराब योगी बनना ठीक नहीं है. अखिलेश यादव ने अपनी सरकार के कार्यकाल को लेकर कहा कि समाजवादी पार्टी ने छात्रों की शिक्षा को बेहतर बनाने के लिए लैपटॉप बांटे थे. उन्होंने तंज कसते हुए कहा, मुख्यमंत्री के क्षेत्र में भी 200 छात्रों को लैपटॉप मिला होगा. मैं गारंटी के साथ कह सकता हूं कि जो लैपटॉप मेरी सरकार ने दिया था, वह आज भी चल रहा होगा. उन्होंने राज्य में पुलिस सुधार और टेक्नोलॉजी के उपयोग को लेकर भी अपनी बात रखी. अखिलेश ने कहा, डायल 100 योजना टेक्नोलॉजी पर आधारित थी, जिसे हमारी सरकार ने शुरू किया

## स्कूली छात्रों से भरी बस पेड़ से टकराकर पलटी, 19 गंभीर, घायल बच्चों को छोड़ ड्राइवर फरार



बुरहानपुर.(आरएनएस)। मध्य प्रदेश के बुरहानपुर में बुधवार को दर्दनाक सड़क हादसा हो गया. नेपानगर-नावरा रोड पर अनियंत्रित होकर एक स्कूल बस पलट गई. हादसे में बस सावर 19 स्कूली छात्र गंभीर रूप से घायल हुए हैं.

स्कूल बस एक निजी स्कूल की है. हादसे के बाद बस चालक बच्चों को घायल अवस्था में छोड़कर फरार हो गया. फिलहाल, पुलिस ड्राइवर की तलाश में जुट गई है. हादसे के बाद घटनास्थल पर चीख पुकार मच गई. आसपास से लोगों की भीड़ मौके पर जमा हो गई. लोगों ने सबसे पहले चालक को ही निकालकर बाहर किया, फिर सभी बच्चों को बस से बाहर निकाला गया. इसके बाद स्थानीय पुलिस को मामले की जानकारी दी गई.

स्थानीय लोगों की मदद से घायल बच्चों को नेपानगर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया. इधर, हादसे की जानकारी लगते ही कई बच्चों के परिजन भी पहले घटना स्थल और फिर परेशान होते हुए अस्पताल पहुंचे. फिलहाल, सभी घायल बच्चों का इलाज किया जा रहा है. डॉक्टरों की टीम बच्चों को मॉनिटर कर रही है.

## कांग्रेस महासचिव, प्रभारी चुनाव नतीजों के लिए जवाबदेह होंगे-खरगे



नई दिल्ली-(आरएनएस)। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने पार्टी के भीतर जवाबदेही की जरूरत पर जोर देते हुए बुधवार को कहा कि सभी महासचिव तथा प्रभारी अपने प्रभार वाले राज्यों में संगठन एवं चुनाव परिणामों के लिए जवाबदेह होंगे। खरगे ने पार्टी महासचिवों और प्रदेश प्रभारियों की बैठक में नए मुख्य निर्वाचन आयुक्त की नियुक्ति का उल्लेख करते हुए यह भी कहा कि चयन समिति से प्रधान न्यायाधीश को बाहर करने से स्पष्ट है कि सरकार को उनकी निष्पक्षता पर भी भरोसा नहीं है। उन्होंने मतदाता सूचियों में कथित गड़बड़ी को लेकर कहा कि इस चुनौती से निपटना होगा।

खरगे ने पार्टी पदाधिकारियों से कहा, कई बार पार्टी की मजबूती के लिए जल्दबाजी में कई लोगों को शामिल कर लिया जाता है लेकिन विचारधारा में कमजोर लोग मुश्किल समय में भाग खड़े होते हैं। 'असल फिसल पड़े और नकल चल पड़े' यह पुरानी कहावत है, ऐसे लोगों से हम दूर रहें।

उन्होंने इस बात पर जोर दिया, मैं सबसे जरूरी बात जवाबदेही के बारे में भी आप सभी से कहना चाहूंगा। आप सभी अपने प्रभार वाले राज्यों के संगठन और भविष्य के चुनाव परिणामों के लिए जवाबदेह होंगे। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा, मैंने कार्य समिति की पिछली दो बैठकों में संगठनात्मक सृजन बात की थी। उस कड़ी में कई फैसले लिए जा चुके हैं। कुछ और फैसले जल्दी ही किए जाएंगे।

### 12 साल पहले जहां से गिरफ्तारी हुई थी, इंदौर के उसी आश्रम लौटा आसाराम



इंदौर (आरएनएस)। उपचार के लिए जमानत पर जेल से बाहर आया आसाराम मंगलवार रात 10 बजे खंडवा रोड स्थित आश्रम पर पहुंचा। सड़क मार्ग से आसाराम के साथ उसके अनुयायियों का काफिला था। उसके आने की सूचना के चलते सुबह से आश्रम पर तैयारी शुरू हो गई थी। हालांकि इस संबंध में आश्रम से जुड़े सदस्य कुछ भी कहने से इन्कार करते रहे। 12 साल पहले आसाराम को इंदौर स्थित इसी आश्रम से दुष्कर्म के मामले में गिरफ्तार किया गया था। रात में आसाराम के काफिले ने सीधे आश्रम के भीतर प्रवेश किया। इस दौरान आश्रम में अन्य लोगों की आवाजाही बंद थी। आश्रम से मिली जानकारी के मुताबिक वह अगले कुछ दिन यहां स्वास्थ्य लाभ लेगा। इस दौरान अनुयायियों से सामूहिक रूप से मिलने का कोई कार्यक्रम नहीं है। वह गोधरा से सड़क मार्ग से इंदौर आश्रम पहुंचा है। 12 साल पहले दुष्कर्म के आरोप में इंदौर से आसाराम की गिरफ्तारी हुई थी।

## एक हजार विद्यार्थियों ने मैनिट के निदेशक के बंगले का किया घेराव



भोपाल (आरएनएस)। मैनिट में रविवार रात छात्रों की पिटाई के मामले को लेकर मंगलवार को भी परिसर में जमकर हंगामा हुआ। पुलिस की बर्बरतापूर्वक कार्रवाई को छात्रों ने मैनिट के इतिहास का काला दिवस बताया। सभी वर्ष के एक हजार से अधिक छात्रों ने मिलकर हॉस्टल नंबर पांच से लेकर निदेशक केके शुक्ला के बंगले तक मार्च किया।

घटना के विरोध में मंगलवार दोपहर तीन बजे हास्टल से मार्च निकाला गया, जो संस्थान के विभिन्न विभागों के भवनों से होते हुए निदेशक शुक्ला के बंगले पर शाम करीब चार बजे पहुंचा। छात्रों ने यहां निदेशक से बातचीत करने का आग्रह किया, लेकिन निदेशक उनसे नहीं मिले। छात्रों की छात्रों ने निदेशक शुक्ला के बंगले का घेराव करते हुए उनके त्यागपत्र की मांग की है। साथ ही पूरे प्रकरण की जांच के लिए राज्यपाल मंगुभाई पटेल को पत्र लिखा है। छात्रों ने पत्र की प्रति डीसीपी जोन-1 प्रियंका शुक्ला को भी सौंपी है। उनका कहना है कि जिन पुलिसकर्मियों ने उनसे अनावश्यक रूप से मारपीट की है, उन पर कठोर कार्रवाई होनी चाहिए।

## अमेरिका से अवैध प्रवासियों को बेड़ियों में बांधकर भेजना 'शर्मनाक'-ममता बनर्जी



पश्चिम बंगाल-(आरएनएस)। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने अमेरिका से अवैध भारतीय प्रवासियों को बेड़ियों में बांधकर वापस भेजे जाने को ''शर्मनाक'' बताया और गरिमापूर्ण तरीके से उनकी वापसी सुनिश्चित नहीं करने के लिए केंद्र सरकार की आलोचना की। ममता ने उन ''अमानवीय परिस्थितियों'' पर चिंता व्यक्त की जिनके तहत निर्वासित लोगों को भारत वापस भेजा गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस तरह के व्यवहार से बचा जा सकता था। उन्होंने मंगलवार को कहा, ''निर्वासित लोगों को बेड़ियों में बांधकर वापस भेजना शर्मनाक है। यह बहुत चिंता का विषय है।'' मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार को निर्वासित लोगों को ऐसे हाल में छोड़ने के बजाय उन्हें लाने के लिए अपने विमानों की व्यवस्था करनी चाहिए थी। मुख्यमंत्री ने कहा, ''माननीय प्रधानमंत्री जी, क्या आपने इसकी जिम्मेदारी ली? जब आप अमेरिका में थे (आधिकारिक यात्रा पर), तो वहां से अवैध प्रवासियों को बेड़ियों में बांधकर वापस भेजा गया। आप कम से कम यह तो कह सकते थे कि 'ये हमारे नागरिक हैं और हम इन्हें वापस ले

सुप्रीम कोर्ट की फटकार, कहा

## आप किसी बड़े वकील का नाम लेंगे और हम सुनवाई स्थगित कर देंगे, ऐसे नहीं चलेगा



नई दिल्ली. (आरएनएस)। सुप्रीम कोर्ट में बुधवार 19 फरवरी को एक मामले की सुनवाई के दौरान वकील ने पीठ से सुनवाई स्थगित करने की मांग की क्योंकि एक वरिष्ठ वकील सुनवाई में शामिल होने वाले थे। इस पर पीठ ने वकील को फटकार लगाई और सख्त टिप्पणी करते हुए कहा कि अगर आपको लगता है कि किसी बड़े वकील का नाम लेकर आप मामले की सुनवाई स्थगित करा लेंगे तो आपका ये सोचना गलत है. जस्टिस अभय एस ओका और उज्जल भुइंया की पीठ ने एक व्यवसायिक विवाद के मामले में सुनवाई के दौरान ये टिप्पणी की। दरअसल सुनवाई के दौरान पेश हुए एक वकील ने कोर्ट से अपील की कि सुनवाई के चार हफ्ते के लिए स्थगित कर दिया जाए, क्योंकि वरिष्ठ वकील हरीश साल्वे इस मामले में आगे सुनवाई करेंगे। वकील ने बताया कि साल्वे अभी विदेश में हैं और जब वे वापस भारत लौटेंगे तो सुनवाई में शामिल होंगे। इस पर पीठ ने नाराजगी जताते हुए कहा कि %क्या आपको ऐसा लगता है कि हम मामले की सुनवाई इसलिए स्थगित कर देंगे क्योंकि आपने एक वरिष्ठ वकील का नाम लिया है? वकीलों को ये आदत छोड़नी होगी। हम इस आधार पर सुनवाई स्थगित नहीं कर सकते। पीठ ने कहा कि हम इस सोच को खत्म करना चाहते हैं। हालांकि बाद में पीठ ने वकील की अपील को स्वीकार कर लिया और मामले की सुनवाई स्थगित कर दी।



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। थाना तिलवारा में संजय सिंह उम्र 38 वर्ष निवासी ग्राम जेसमई पंचपुखरा जिला फारूखाबाद उत्तरप्रदेश ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि एनकेसी कम्पनी जो रिंग रोड बनाने का काम कर रही है में वह एच आर डिपार्टमेंट में आफिसर के पद पर पदस्थ है । रात लगभग 10 बजे अपने साथी हरेन्द्र गिरी के साथ पेट्रोलिंग ड्यिूटी पर था जैसे ही हम लोग डगडगा हिनौता के पास हमारी साईड पर पहुॅचे वहां एक मालवाहक गाड़ी क्रमांक एमपी 20 जेड एफ3215 में चार लड़के हमारी साईड में रखे 25 एम एम के लोहे की सरिये के टुकड़े मालवाहक गाड़ी में चोरी कर ले जा रहे थे

# एम.पी. ट्रांस्को के कार्मिकों ने सीखीं जीवन रक्षक तकनीक





जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। मध्य प्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी (एम.पी. ट्रांसको) एवं रेड क्रॉस सोसायटी व स्थानीय जिला चिकित्सालयों के सहयोग से मध्यप्रदेश में एम.पी. ट्रांसको के जिला मुख्यालयों में स्थित ट्रांसमिशन लाइन मेंटेनेंस उप संभागों, सबस्टेशनों आदि में ''सी.पी.आर. एवं अन्य ऐसे ही जीवन रक्षक तकनीकों'' पर प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित किये जा रहें है। इसी क्रम में एक प्रशिक्षण कार्यशाला एमपी ट्रांसको एवं श्रीमंत राजमाता विजयाराजे सिंधिया चिकित्सा महाविघालय शिवपुरी के संयुक्त तत्वावधान में शिवपुरी में आयोजित की गई। 220 के.व्ही. सबस्टेशन शिवपुरी में आयोजित इस प्रशिक्षण कार्यशाला के संयोजक शिवपुरी के कार्यपालन अभियंता श्री अजीत वर्मा द्वारा कार्यक्रम के उद्देश्य एवं विषय की उपयोगिता पर प्रकाश डालते हुए इस प्रशिक्षण पर प्रबंध संचालक इंजी. सुनील तिवारी कि मंशानुसार ''ट्रांस्को के प्रशिक्षित व्यक्तियों में से अपने जीवन काल में यदि कोई कर्मी किसी एक भी व्यक्ति की जान बचाने में सफल होता है तो कंपनी के लिये प्रशिक्षण का यह उद्देश्य पूर्णत: सफल होगा'' से अवगत कराया। इस उपयोगी कार्यशाला में कंपनी के परीक्षण संभाग शिवपुरी एवं अति उच्चदाब संधारण उपसंभाग शिवपुरी के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारियो को श्रीमंत राजमाता विजयाराजे सिंधिया चिकित्सा महाविघालय शिवपुरी की डॉ. शिल्पा अग्रवाल (विभागाध्यक्ष एवं सह प्रध्यापक, निश्चेतना विभाग) एवं डॉ. नीति अग्रवाल (सहप्रध्यापक, सर्जरी विभाग) द्वारा व्यवहारिक और उपयोगी प्रशिक्षण दिया गया। शिवपुरी के कार्यपालन अभियंता श्री अजीत वर्मा के सतत् प्रयासों से आयोजित कंपनी के कार्मिकों एवं समाज के लिए बहुउपयोगी एवं जीवनरक्षक इस कार्यशाला के सफल आयोजन में एम.पी. ट्रांसको के करीब 50 मेंटनेन्स, ऑपरेटिंग एवं सुरक्षा कर्मियों ने हिस्सा लिया। सी.पी.आर. प्रशिक्षण हेतु उपयोग किये जाने वाले मानव पुतले एवं कुछ वीडियों की सहायता से सी.पी.आर. तकनीक का विस्तृत प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान यह सुनिश्चित किया गया कि प्रत्येक प्रतिभागी ने विषय विशेषज्ञ की निगरानी में मानव पुतले पर सीपीआर तकनीक का अभ्यास किया एवं प्राथमिक उपचार संबंधित प्रशिक्षण प्राप्त किया। अभ्यास के दौरान विषय विशेषज्ञ द्वारा प्रतिभागियों की शारिरिक मुद्रा एवं तकनीक उपयोग की बारीकी से जांच कर उन्हें सुधारा गया। डाक्टरों द्वारा अन्य जीवन रक्षक तकनीकों यथा पानी में डूबे हुए व्यक्ति का बचाव, किसी भी प्रकार के शॉक लगने वाले व्यक्ति का बचाव, सिक्का या किसी अन्य वस्तु का गलती से श्वास नली में फंस जाने एवं चोट लगने पर उसका प्राथमिक उपचार इत्यादि पर विस्तृत जानकारी भी दी गई। प्रतिभागियों के प्रश्नों का समाधान भी इस शिविर में किया गया।

# शास. महाविद्यालयों के अतिथि सहायक प्रोफेसर के नियमितीकरण पर सुनवाई हेतु हाईकोर्ट की मंजूरी

## मामले की सुनवाई 20 फर. को

तालिब हुसैन



जबलपुर. शासकीय महाविधालयों के अथिथि सहायक प्राध्यापकों को नियमित करने की उम्मीद जगी है. हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस सुरेश कुमार कैत की डबल बैंच ने इस मामले की सुनवाई के लिए सहमति देते हुए 20 फरवरी की तारीख निर्धारित की है. याचिकाकर्ताओं का पक्ष रखते हुए वरिष्ठ अधिवक्ता रविंद्र कुमार गुप्ता ने बताया कि याचिका कर्ताओं के पास सभी आवश्यक योग्यताएं, व्यापक अनुभव और शिक्षण कौशल है, एवं पीएचडी

की उपाधि है और लगभग 29 वर्षों से अधिक समय से अतिथि प्राध्यापक के रूप में सेवाएं दे रहे हैं लिहाजा वस नियमतिकरण के योग्य हैं. अधिवक्ता गुप्ता ने कोर्ट को यह भी बताया कि 1992 से 2017 तक एमपी पीएससी द्वारा सहायक प्रोफेसर सामान्य वर्ग के लिए कोई पद घोषित नहीं किए गए हैं, 2017 में आयोजित पीएससी परीक्षा में बैठने की अनुमति उन्हें उच्च न्यायालय से मिली थी.हालांकि उन्होंने पीएससी द्वारा निर्धारित आयु सीमा पार कर ली थी और परीक्षा भी उत्तीर्ण की थी. 2017 के बाद एमपीपीएससी द्वारा 2023 तक कोई रिक्ति घोषित नहीं की गई थी. हालांकि पीएससी के माध्यम से रोजगार के दिशानिर्देश और मानदंडों के अनुसार उनको पीएससी परीक्षा उत्तीर्ण करना आवश्यक होता है और उन जैसे उम्मीदवारों के लिए कोई छूट प्रदान नहीं करता है जो गलत प्रावधान है.जिन्होंने पहले ही परीक्षा उत्तीर्ण कर ली है और शिक्षण में इतना कौशल और अनुभव प्राप्त कर लिया है और पीएससी अभी भी उम्मीद करता है कि वह इतनी अधिक उम्र में फिर से चयन के लिए पुन: नए नियमों के अंतर्गत परीक्षा दें. आवेदक गण पीएससी की शर्तों और मानदंडों में छूट देने के मामले को इस माननीय न्यायालय के समक्ष रखना चाहते है ताकि उन्हें अपने चयन के लिए उसी प्रक्रिया से ना गुजरना पड़े

और पीएससी अभी भी उससे इतनी अधिक उम्र में फिर से चयन के लिए योग्य होने की अपेक्षा करता है.आवेदकों को हर वर्ष अतिथि सहायक प्रोफेसर हेतु आवेदन ना करना पड़े ताकि वे अपनी वर्तमान नौकरी के स्थान पर 65 वर्ष की आयु तक काम करना जारी रख सकें. इसलिए यह याचिका प्रस्तुत की है? दलीलों को सुनने के बाद हाईकोर्ट याचिका पर 20 फरवरी को सुनवाई करेगा.


# पाथेय का आयोजन श्रीमती छाया त्रिवेदी की कृति का विमोचन 23 को





जबलपुर। पाथेय संस्था के तत्वावधान में वरिष्ठ कवयित्री, कथाकार श्रीमती छाया त्रिवेदी के लघुकथा संग्रह बादल का एक टुकड़ा का विमोचन दीप धरोहर के अंतर्गत 23 फरवरी को कला विधिक में आयोजित है। समारोह संयोजक राजेश पाठक प्रवीण ने बताया कि मुख्य अतिथि वरिष्ठ साहित्यकार डॉ चंद्रा चतुर्वेदी होंगी। अध्यक्षता डॉ. हरिशंकर दुबे करेंगे। सारस्वत अतिथि आचार्य भगवत दुबे एवं डॉ. इला घोष होंगी। इस अवसर पर विविध क्षेत्रों के मनीषियों को सम्मानित किया जाएगा।पाथेय संस्था ने साहित्यकारों से उपस्थिति का आग्रह किया है।

# श्री सिंगाजी ताप विद्युत गृह की यूनिट नंबर 3 का चौथी बार शतकीय रिकार्ड



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी के श्री सिंगाजी ताप विद्युत गृह दोंगलिया (खंडवा) की 660 मेगावाट क्षमता की यूनिट नंबर 3 ने अपनी कमीशनिंग के बाद चौथी बार 100 दिनों तक लगातार बिजली उत्पादन करने का रिकार्ड बनाया। इस यूनिट ने 10 नवम्बर 2024 से 18 फरवरी तक 100 दिनों में 1423.52 मिलियन यूनिट बिजली उत्पादन किया। उल्लेखनीय है कि पावर जनरेटिंग कंपनी के ताप विद्युत गृहों की विभिन्न ताप विद्युत यूनिट ने वर्ष 2024-25 में 13 वीं बार 100 अथवा अधिक दिन दिन तक अनवरत संचालित रहने का नया कीर्तिमान बनाया। चौथे शतकीय में सबसे अधिक उत्पादन-श्री सिंगाजी ताप विद्युत गृह की यूनिट नंबर 3 द्वारा अपने चौथे शतकीय रिकार्ड में सबसे अधिक 1423.52 मिलियन यूनिट बिजली उत्पादन किया गया। इससे पूर्व इस यूनिट द्वारा 6 फरवरी 2022, 19 नवम्बर 2023 व 20 मार्च 2024 को लगातार 100 दिन तक बिजली उत्पादन करने का रिकार्ड बनाया गया था। सभी मापदंड में सफल हुई यूनिट नंबर 3-660मेगावाट की यूनिट ने जब चौथी बार 100 दिन सतत् विद्युत उत्पादन करने का कीर्तिमान अर्जित किया तब इसने विद्युत उत्पादन के स्थापित विभिन्न मापदंड को पूर्ण करने में सफलता पायी। यूनिट नंबर 3 ने 94.78 फीसदी प्लांट उपलब्धता फेक्टर (पीएएफ), 89.87 फीसदी प्लांट लोड फेक्टर (पीएलएफ) 5.89 फीसदी ऑक्जलरी कंजम्पशन व 0.199 मिलीलीटर प्रति यूनिट विशिष्ट तेल खपत की उपलब्धि हासिल की। टीम एसएसटीपीपी को ऊर्जा मंत्री व अपर मुख्य सचिव ने दी बधाई-मध्यप्रदेश के ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर, अपर मुख्य सचिव ऊर्जा नीरज मंडलोई व मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी के प्रबंध संचालक मनजीत सिंह ने श्री सिंगाजी ताप विद्युत परियोजना के यूनिट नंबर 3 के अभियंताओं व कार्मिकों को बधाई देते हुए कहा कि उनकी सफलता से सभी को गर्व महसूस हो रहा है। यूनिट नंबर 3 के अभियंताओं व कार्मिकों ने मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी के प्रदर्शन सुधार अभियान में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। ऊर्जा मंत्री ने कहा कि टीम एसएसटीपीपी उत्कृष्टता के लिए प्रयास करना जारी रखेगी। पावर जनरेटिंग कंपनी एसएसटीपीपी से इससे और अधिक योगदान देखने के लिए तत्पर है।

# गोंदिया-टुंडला-गोंदिया कुंभ मेला स्पेशल ट्रेन का संचालन

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। महाकुम्भ-2025 के अवसर पर यात्रियों की सुविधा एवं अतिरिक्त यात्री भीड़ को क्लीयर करने के उद्देश्य से रेल प्रशासन द्वारा गोंदिया-टुंडला-गोंदिया कुंभ मेला स्पेशल ट्रेन 01-01 ट्रिप के लिए चलाई जा रही है। यह स्पेशल ट्रेन पश्चिम मध्य रेल के दोनों दिशाओं में कटनी, मैहर एवं सतना स्टेशनों से होकर गुजरेगी।

गाड़ी संख्या 08869 गोंदिया-टुंडला कुंभ मेला स्पेशल ट्रेन दिनांक 23 फरवरी 2025 को गोंदिया स्टेशन से सुबह 08ः20 बजे प्रस्थान कर, कटनी रात 19ः55 बजे, मैहर 21ः20 बजे, सतना रात 22ः10 बजे एवं अगले दिन प्रयागराज छिवकी मध्य रात्रि 02ः05 बजे पहुँचकर अन्य स्टेशनों से होते हुए और सुबह 09ः30 बजे टुंडला स्टेशन पहुंचेगी। गाड़ी संख्या 08870 टुंडला-गोंदिया कुंभ मेला स्पेशल ट्रेन दिनांक 24 फरवरी 2025 को टुंडला स्टेशन से सुबह 11ः30 बजे प्रस्थान कर, प्रयागराज छिवकी सायं 18ः50 बजे एवं अगले दिन सतना मध्य रात्रि 00ः35 बजे, मैहर 01ः00 बजे, कटनी 02ः10 बजे पहुँचकर अन्य स्टेशनों से होते हुए और दोपहर 15ः20 बजे गोंदिया स्टेशन पहुंचेगी। ठहरावः- डोंगरगढ़, राजनांदगांव, दुर्ग, रायपुर, भाटापारा, उसलापुर, पेंड्रा रोड, अनूपपुर, शहडोल, उमरिया, कटनी, मैहर, सतना, मानिकपुर, प्रयागराज छिवकी, फतेहपुर, गोविंदपुरी और इटावा।

संरचनाः- 3 वातानुकूलित चेयरकार, 13 द्वितीय चेयरकार और 1 सामान्य द्वितीय श्रेणी सह गार्ड ब्रेक वैन एवं 1 जनरेटर कार।

# कांग्रेस के नेताओं को भाजपा में शामिल किया जाने के कारण भाजपा के पुराने समर्पित कार्यकर्ताओं एवं नेताओं की अपेक्षा!

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। भारतीय जनता पार्टी, जो खुद को अनुशासन और संगठन का आदर्श मानती थी, आज जबलपुर में अपनी ही अंदरूनी कलह का शिकार होती दिखी। जबलपुर भाजपा विधायक को मंच से उचित सम्मान न मिलने के कारण बैठक छोड़कर बाहर जाना पड़ा। यह घटना इस बात का प्रमाण है कि भाजपा में अब उन नेताओं के लिए कोई जगह नहीं बची है, जिन्होंने अपना पूरा जीवन पार्टी को समर्पित कर दिया। इस विवाद के पीछे एक बड़ी वजह यह भी है कि भाजपा में लगातार कांग्रेस के नेताओं को शामिल किया जा रहा है, जिसके कारण पार्टी के पुराने और समर्पित कार्यकर्ताओं की उपेक्षा हो रही है। कांग्रेस से आए नए नेताओं को तवज्जो दी जा रही है, जबकि भाजपा के जमीनी नेता हाशिए पर धकेले जा रहे हैं। जबलपुर के एक भाजपा विधायक जैसे वरिष्ठ नेता, जिन्होंने बरसों तक पार्टी के लिए संघर्ष किया, अब खुद को उपेक्षित महसूस कर रहे हैं। भाजपा में कांग्रेस नेताओं को शामिल किए जाने से आंतरिक कलह बढ़ गई है। जबलपुर भाजपा के एक विधायक मंच पर सम्मान न मिलने से नाराज़ होकर बैठक छोड़कर चले गए। समर्पित नेताओं की उपेक्षा हो रही है, जबकि बाहरी लोग प्राथमिकता पा रहे हैं। भाजपा अब गुटबाज़ी और अंतर्कलह का शिकार है। जब पार्टी के भीतर ही गुटबाज़ी और आपसी टकराव बढ़ रहे हैं, तो भाजपा जनता की भलाई के लिए कैसे काम करेगी? जब अपनों को ही सम्मान नहीं मिल रहा, तो आम जनता के हितों की रक्षा की उम्मीद कैसे की जा सकती है? यह घटना स्पष्ट रूप से भाजपा के गिरते नैतिक स्तर और उसके भीतर बढ़ती अंदरूनी कलह को दर्शाती है।

# हितकारिणी दंत चिकित्सा महाविद्यालय की छात्रा डॉ. निकिता सैनी ने तृतीय वर्ष सत्र में द्वितीय स्थान प्राप्त किया



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। हितकारिणी दंत चिकित्सा महाविद्यालय की छात्रा डॉ. निकिता सैनी ने मध्य प्रदेश आर्युविज्ञान महाविद्यालय एम. डी. एस. तृतीय वर्ष सत्र एम.डी.एस. 2024-25 के अपनी स्पेशलिटि में वार्षिक परीक्षा में सूची में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर पूरे मध्यप्रदेश में द्वितीय स्थान प्राप्त किया है। महाविद्यालय का तृतीय वर्ष का परिणाम 100 प्रतिशत रहा। डॉ. निकिता सैनी ने पिलेडाटिक्स एंड प्रेवेनटिव डेनटेस्ट्री में यह सफलता अर्जित की है। आप कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सम्मति सैनी की पुत्री है आपकी इस सफलता पर हितकारणी सभा के सचिव बाबू विश्वमोहन महाविद्यालय शासी निकाय के राजेश अग्रवाल महाविद्यालय के डायरेक्टर डॉ. राजेश धीरावानी, डॉ. रोहित मिश्रा ने इस सफलता पर शुभकामनायें दी एवं डॉ. निकिता सैनी के उज्जवल भविष्य की कामना की।

# सिकंदराबाद-दानापुर-सिकंदराबाद एक्सप्रेस 19 से 28 फरवरी तक रहेगी निरस्त

## 19 फरवरी को दरभंगा-अहमदाबाद एक्सप्रेस ट्रेन का मार्ग परिवर्तित

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। रेल प्रशासन द्वारा महाकुंभ-2025 के दौरान परिचालनिक कारणों से रेलगाड़ियों का निरस्तीकरण एवं मार्ग परिवर्तन करने का निर्णय लिया गया है। जिसमें पश्चिम मध्य रेल से गुजरने वाली सिकंदराबाद-दानापुर-सिकंदराबाद एवं दरभंगा-अहमदाबाद एक्सप्रेस ट्रेनें प्रभावित रहेगी, जिसका विवरण निम्?नवत है-

प्रारम्भिक स्टेशन से यात्रा प्रारंभ करने की तिथि से निरस्त रेलगाड़ियाँ ः-

1) गाड़ी संख्या 12791/12792 सिकंदराबाद-दानापुर-सिकंदराबाद एक्सप्रेस दोनों दिशाओं में दिनांक 19 फरवरी 2025 से 28 फरवरी 2025 तक निरस्त रहेगी। यह ट्रेन पश्चिम मध्य रेलवे के इटारसी, जबलपुर, कटनी, मैहर एवं सतना स्टेशनों से होकर गुजरती है। प्रारम्भिक स्टेशन से यात्रा प्रारंभ करने की तिथि से मार्ग परिवर्तित रेलगाड़ियाँः-

2) गाड़ी संख्या 15559 दरभंगा-अहमदाबाद एक्सप्रेस दिनाँक 19.02.2025 को अनिर्धारित रूट वाया छपरा-बनारस-प्रयागराज-सतना-कटनी मुड़वारा-बीना की बजाय परिवर्तित मार्ग वाया छपरा-गोरखपुर-बाराबंकी-लखनऊ-कानपुर सेंट्रल-वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी-बीना होकर गंतव्य को जाएगी। यात्रियों से अनुरोध है कि असुविधा से बचने के लिए रेलवे द्वारा अधिकृत रेलवे पूछताछ सेवा एनटीईएस/ रेल मदद 139 से गाड़ी की सही स्थिति की जानकारी प्राप्त करके यात्रा प्रारंभ करें।

# हिंदुत्व के सच्चे संरक्षक थे छत्रपति शिवाजी महाराज



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। भारत रक्षा मंच द्वारा छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती मदन महल स्थित शिवाजी परिषर में हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। शिवाजी महाराज के पूजन अर्चन और माल्यार्पण से आरंभ हुए जयंती समारोह में मध्यक्षेत्र सह संगठन प्रमुख डॉ. एच. पी. तिवारी ने कहा कि शिवाजी महाराज में प्रथम हिंदू राष्ट्र की स्थापना कर सनातन का गौरव बढ़ाया। उन्होंने अपनी मातृभूमि के प्रति त्याग,सेवा व समर्पण के बल पर अति शक्ति शाली मुगल साम्राज्य की चूलें हिला दीं । वे हिंदुत्व के सच्चे संरक्षक थे।आज की युवा पीढ़ी को शिवाजी महाराज से प्रेरणा लेकर हर हाल मातृभूमि की रक्षा का संकल्प लेना चाहिए। इस अवसर पर प्रांतीय सह संगठन मंत्री जीवेश पांडे, युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष रामायण प्रसाद चौबे कोषाध्यक्ष राजेंद्र तिवारी, के के शुक्ला,अनिल दुबे,सचिन अवस्थी व सुमित प्यासी ने भी शिवाजी महाराज के व्यक्तित्व और कृतित्व पर अपने विचार रखे।

# समितियाँ आदर्श ग्राम में विभिन्न आयामों को संचालित करें -जन अभियान परिषद उपाध्यक्ष मोहन नागर



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। म.प्र.जन आभियान परिषद के माननीय उपाध्यक्ष महोदय श्री मोहन नागर जी का जबलपुर जिले में प्रवास हुआ। इस दौरान माननीय उपाध्यक्ष महोदय ने स्थानीय जवाहरलाल नेहरु कृषि विश्वविद्यालय में जिले के जन अभियान परिषद् के विकासखंड समन्वयको, विकासखण्ड पाटन, पनागर एवं बरगी की नवांकुर संस्थाओं ,परामर्शदाओं, एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं के साथ अयोजित बैठक में कहा कि जन अभियान परिषद् से जुड़े हुए सामाजिक कार्यकर्ता विशेष रुप से नवांकुर संस्थायें एवं प्रस्फुटन समितियां आदर्श ग्राम में चिन्हांकित विभिन्न आयामों में जन सहभागिता से कार्य करें।

उन्?होंने कहा कि माननीय मुख्यमंत्री जी की मंशा के अनुरूप एक निश्चित समय सीमा में लक्ष्य को हासिल करना है इसके साथ ही कृषि को बढ़ावा देने के लिए कृषकों को सौर ऊर्जा संयंत्र विशेष रूप से सोलर पंप लगाने के लिए प्रेरित किया जा सकता है साथ ही जैविक एवं शून्य बजट कृषि के लिए प्रोत्साहित करने का का कार्य भी जन अभियान परिषद् को करना है ।

इसके लिए समाज में वातावरण बनाया जाना चाहिए।

श्री मोहन नागर जी ने कहा कि शासन के विभिन्न विभागों के साथ समन्वय स्थापित कर कल्याणकारी योजनाओं को जन जन तक पहुंचाने में सहयोग करें, श्री मोहन नागर ने कहा कि नर्मदा जी के तट में रसायन मुक्त खेती के लिऐ तटीय क्षेत्र के किसानों के साथ संवाद कर रसायन मुक्त खेती के लिए तैयार करें, विकास खंड समन्वयको से चर्चा करते हुए उपाध्यक्ष श्री नागर ने निर्देशित किया सतत प्रवास करते हुए शत प्रतिशत प्रस्फुटन समितियों को सक्रिय करें और सभी कार्यक्रमों एवं अभियानों में उनकी सहभागिता करवाएं। बैठक में जि़ला समन्वयक प्रदीप तिवारी ने जि़ले में परिषद द्वारा संचालित नवाचार गतिविधियों की जानकारी देते हुए कार्य वृत प्रस्तुत किया, बैठक के बाद उपाध्यक्ष श्री मोहन नागर जी द्वारा नवांकुर संस्था जन हित स्वयं सेवी संस्था के सौजन्य से नीम, बरगद एवं पीपल ( त्रिवेणी ) पौधो का रोपण किया गया।

बैठक में संभाग समन्वयक श्री रवि प्रसाद बर्मन, जि़ला समन्वयक प्रदीप तिवारी, विकासखण्ड समन्वयक श्री विनायक राव वडनेरकर, श्री विवेक मिश्रा, श्री भारत महरोलिया ,श्रीमति नूपुर खरे,श्रीमति तृप्ति मिश्रा, श्री आशीष जैन नवांकुर संस्था के प्रतिनिधि पारस दाहिया, संजीत अहिरवार, राजाराम यादव, मेंटर्स एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही।

# म दयानंद बोधोत्सव और शिवरात्रि पर्व पर पंचकुंडीय चतुर्वेद शतकम यज्ञ का आयोजन

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। आर्य समाज गोरखपुर जबलपुर में म दयानंद बोधोत्सव और शिवरात्रि पर्व पर आगामी 23 से 26 फरवरी तक चार दिवसीय पंचकुण्डीय चतुर्वेद शतकम यज्ञ आयोजित किया जा रहा है। प्रात: 8 से 9.30 बजे तक होने वाले यज्ञ के ब्रह्मा और उपदेशक पंडित सतेंद्र शास्त्री होंगे। अधिक से अधिक यजमानों से शामिल होने का आग्रह गणेश नेमा, आशुतोष चंदेल, वेद अमृत गारी, श्रीमती कुसुम जिंदल, श्रीमती सुनीता हांडा, श्रीमती सुनीता मुखी आदि ने किया है।



भोपाल - किसान कल्याण एवं कृषि विकास मंत्री एदल सिंह कंषाना ने कहा है कि भोपाल में 24 एवं 25 फरवरी को आयोजित होने वाली ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट की प्रदेश के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका होगी। मध्यप्रदेश की अर्थ-व्यवस्था में कृषि आधारित उद्योगों की अहम भूमिका है। कृषि के क्षेत्र में किए गए निवेश से प्रदेश की अर्थ-व्यवस्था को मजबूती मिलेगी।

स्टार्ट-अप को मिलेंगी अनेक सौगातें- एकीकृत टाउनशिप नीति-2025 लागू किये जाने की स्वीकृति-इलेक्ट्रिक वाहन नीति-2025 को मिली स्वीकृति-प्रदेश को जैव ईंधन उत्पादन में अग्रणी बनाने के लिए बायोफ्यूल योजना-2025 का किया अनुमोदन

# मुख्यमंत्री डॉ. यादव की अध्यक्षता में मंत्रि-परिषद ने प्रदेश और निवेशकों के हित में दी अनेक नीतियों को मंज़ूरी



भोपाल- (आरएनएस)मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में मंगलवार को मंत्रि-परिषद की बैठक मंत्रालय में हुई। मंत्रि-परिषद द्वारा शहरी क्षेत्र में रियल स्टेट से संबंधित निजी निवेश को प्रोत्साहित करने के लिए एकीकृत टाउनशिप नीति 2025%% लागू किये जाने की स्वीकृति दी गयी। इससे राज्य में आर्थिक गतिविधियों को बढावा मिलेगा एवं रोजगार के अवसर सृजित होंगे और राज्य की जी.डी.पी. में वृद्धि होगी। एकीकृत टाउनशिप नीति लैंड पूलिंग के माध्यम से भूमि का विकास करने के उ?द्देश्य से बनायी गयी है। नीति के लागू होने से जहां एक ओर वृहद स्वरूप की टाउनशिप विकसित होगी, वहीं दूसरी ओर प्रचलित प्रक्रिया अनुसार भी कॉलोनियों का विकास यथावत होता रहेगा।

निर्णय अनुसार एकीकृत टाउनशिप को विकास के उन क्षेत्रों में लागू किया जाएगा जहां इंफ्रास्ट्रक्चर सुविधाएं उपलब्ध हैं। इस नीति में 5 लाख से कम आबादी वाले शहरों के लिए भूमि की न्यूनतम अर्हता 10 हेक्टेयर और 5 लाख से अधिक आबादी वाले शहरों के लिए भूमि की न्यूनतम अर्हता 20 से 40 हेक्टेयर होगी। डेवलपर को इस नीति में सक्षम प्राधिकारी के साथ पंजीयन कराना आवश्यक होगा। टाउनशिप प्रस्ताव अनुमोदन के लिए राज्य स्तर पर प्रमुख सचिव एवं जिला स्तर पर कलेक्टर की अध्यक्षता में साधिकार समिति गठित की जायेगी। टाउनशिप नीति के क्रियान्वयन के लिए नोडल एजेंसी संचालनालय, नगर तथा ग्राम निवेश होगी। टाउनशिप नीति में राज्य सरकार द्वारा भूमि अधिग्रहण, बाह्य विकास कार्य, समय पर समस्त अनुमतियां प्रदाय कराना, टीडीआर का लाभ, कृषि भूमि की अधिकतम सीमा में छूट, स्टॉम्प ड्यूटी पर रियायत, कॉलोनी नियमों में छूट, विकास योजना में संशोधन के लिए प्रक्रिया में आसानी, ग्रीन एफएआर, ऊर्जा के गैर-परंपरागत उपयोग के लिए एफएआर, अतिरिक्त ईडब्ल्यूएस/एलआईजी / किफायती आवास इकाइयों के लिए एफएआर तथा अंगीकृत विकास योजना में प्रस्तावित भूमि उपयोग में अधिनियम 1973 की धारा-23 के अंतर्गत उपांतरण के लिए विभाग स्तर पर साधिकार समिति को अधिकृत किया गया है। नीति से प्रदेश में व्यवस्थित शहरीकरण को बढ़ावा मिलेगा। उल्लेखनीय है कि वर्तमान में डेवलपर द्वारा कॉलोनियों का विकास छोटी-छोटी भूमियों पर किया जा रहा है, जिससे नगर स्तर की अधोसंरचनाएं विकसित नहीं हो पाती है। प्रचलित नियमों में कॉलोनियों के विकास के लिए नियमों में न्यूनतम क्षेत्र का बंधन नहीं है इसके परिणामस्वरूप विकास के लिए नगरीय भूमि की मांग और आपूर्ति में तेजी से उतार-चढ़ाव होता है जिससे बुनियादी ढांचे और किफायती आवास के विकास में होने वाली देरी को रोकने के लिये एकीकृत टाउनशिप नीति लागू की जा रही है।

मंत्रि-परिषद् द्वारा सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योग के संवर्धन के लिए नवीन मध्यप्रदेश एमएसएमई विकास नीति-2025 का अनुमोदन दिया गया। निर्णय अनुसार औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन विभाग की म.प्र. लॉजिस्टिक नीति-2025 और एक्सपोर्ट पॉलिसी-2025 का लाभ एमएसएमई को प्रदान किया जायेगा। उद्योग संवर्धन नीति-2025 अंतर्गत वर्गीकृत एमएसएमई श्रेणी की मेगा इकाइयों को कस्टमाईज पैकेज प्रदान करने के लिए एमएसएमई विभाग को अधिकृत किया गया है।

निवेश पर प्रोत्साहन के लिए 40 प्रतिशत तक की सहायता, नए उद्योगों में नवकरणीय ऊर्जा को प्रोत्साहन, अनुसूचित जाति/जनजाति, महिला उद्यमी इकाई को 48 प्रतिशत की सहायता के साथ पिछड़े विकासखण्डों में 1.3 गुना सहायता दी जायेगी। निर्यात प्रोत्साहन के रूप मे निर्यातक इकाई को निवेश पर 52न तक की सहायता, निर्यात के लिए माल ढुलाई पर अधिकतम 2 करोड़ रूपए की सहायता और निर्यात के लिए प्रमाण-पत्र पर 50 लाख रुपए की सहायता दी जायेगी।

नई नीति में मध्यम इकाई को 100 से अधिक रोजगार देने पर डेढ़ गुना अनुदान, रोजगार सृजन सेक्टर में प्रति कर्मचारी 5 हजार रूपये प्रति माह 5 वर्ष के लिए एवं कौशल विकास प्रशिक्षण के लिए 13 हजार रुपए की सहायता दी जायेंगी। नवीन क्षेत्र जैसे एमएसएमई एक्सचेंज, लीन इंजीनियरिंग, टेस्टिंग लैब और टेक्नोलॉजी ट्रांसफर के लिए सहायता दी जायेगी। नीति में पहली बार सेवा क्षेत्र में लॉजिस्टिक, रिसाईकलिंग, मोटर यान स्क्रेपिंग और आरएंडडी को भी शामिल किया गया है। मेडिकल डिवाइस और फुटवियर क्षेत्र के लिए पहली बार विशेष पैकेज दिया जायेगा। मंत्रि-परिषद द्वारा मध्यप्रदेश एमएसएमई को औद्योगिक भूमि, भवन आवंटन एवं प्रबंधन नियम-2021 मे संशोधन का अनुमोदन दिया गया। निर्णय अनुसार विकसित औद्योगिक भू-खण्डों एवं फ्लैटेड इण्डस्ट्रियल एरिया/कॉम्पलेक्स का आवंटन ई-बिडिंग पद्धति से तथा अविकसित भूमि का आवंटन ऑन लाईन प्रक्रिया आधारित पारदर्शी तरीके से आवेदन प्राप्त कर किया जायेगा। साथ ही अधिक सरल एवं पारदर्शी प्रक्रिया से गंभीर निवेशक को त्वरित गति से आवंटन किया जायेगा। औद्योगिक क्षेत्रों का संधारण उद्योग संघ अथवा अन्य एजेंसी से किया जायेगा। मंत्रि-परिषद द्वारा प्रदेश में स्टार्ट-अप को प्रोत्साहित करने के लिए मध्यप्रदेश स्टार्ट-अप नीति एवं कार्यान्वयन योजना-2025 का अनुमोदन किया गया। नीति अन्तर्गत स्टार्ट-अप एवं इन्क्यूबेटर्स को वित्तीय एवं गैर वित्तीय सुविधा, सहायता एवं फेसिलिटेशन का प्रावधान किया गया है।

## उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने स्वास्थ्य विभाग में भर्ती एवं अधोसंरचना विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा की



भोपाल-(आरएनएस) उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने मंत्रालय, भोपाल में लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग में भर्ती प्रक्रिया और अधोसंरचना विकास कार्यों की वृहद समीक्षा की। उन्होंने चिकित्सकीय, सहायक चिकित्सकीय एवं नर्सिंग ऑफिसर पदों की भर्ती प्रक्रिया की गहन समीक्षा की और समयबद्ध एवं पारदर्शी तरीके से प्रक्रिया को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी आवश्यक प्रस्ताव लोक सेवा आयोग (पीएससी) एवं कर्मचारी चयन मंडल (ईएसबी) को शीघ्र भेजे जाएं और भर्ती से संबंधित समस्त औपचारिकताओं को जल्द पूरा किया जाए। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने स्वास्थ्य विभाग में पदोन्नति के रिक्त पदों की पूर्ति के लिये प्रस्ताव बनाने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि मेडिकल संस्थानों में मैनपावर की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करना सरकार की प्राथमिकता है, ताकि प्रदेश के नागरिकों को सुचारु रूप से स्वास्थ्य सेवाएँ मिल सकें। उन्होंने नवीन ज़िला चिकित्सालयों के निर्माण कार्यों की व्यापक समीक्षा की और निर्देश दिए कि कार्यों की सतत मॉनिटरिंग की जाए और अधोसंरचना विकास के कार्यों को तय समय सीमा में पूरा किया जाए। इस दौरान प्रमुख सचिव श्री संदीप यादव, आयुक्त श्री तरुण राठी, एवं संचालक श्री प्रवीण सिंह अढ़ायच सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

### मुख्य सचिव जैन ने प्रयागराज महाकुंभ को देखते हुए अधिकारियों को दिये निर्देश

## प्रदेश में रेलवे-सड़क मार्गों से जुड़ी सभी एजेंसी समन्वय बनाकर बेहतर व्यवस्था रखें



भोपाल-(आरएनएस) मुख्य सचिव श्री अनुराग जैन ने मंगलवार को मंत्रालय में वीडियो कॉन्फ्रेंस से प्रदेश में रेलवे-सड़क मार्गों से जुड़ी सभी एजेंसियों को समन्वय बनाकर यातायात व्यवस्था और भीड़ प्रबंधन के संबंध में आवश्यक निर्देश दिये। बैठक में अपर मुख्य सचिव गृह विभाग श्री जे.एन. कंसोटिया, सचिव गृह श्री गौरव राजपूत और परिवहन सचिव श्री मनीष सिंह मौजूद थे। मुख्य सचिव ने वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से रेलवे, कमिश्नर, पुलिस महानिरीक्षक, कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक एवं परिवहन विभाग के अधिकारियों से जिलों में की गयी व्यवस्थाओं की जानकारी ली। मुख्य सचिव श्री जैन ने कहा कि आगामी दिनों में महाशिवरात्रि को देखते हुए प्रयागराज से जुड़े मार्गों पर भीड़ का दबाव बना रहेगा। उन्होंने कहा कि व्यवस्था से जुड़ी एजेंसियों के बीच समन्वय के लिये सेंट्रल कंट्रोल-रूम की व्यवस्था हो, जहाँ महत्वपूर्ण सूचनाओं का आदान-प्रदान हो सके। उन्होंने कहा कि भीड़ और यातायात प्रबंधन के लिये पुलिस और रेलवे फोर्स के साथ वॉलेंटियर्स का सहयोग लिया जाये। उन्होंने भीड़ के दबाव को कम करने के लिये जिलों में की गयी होल्डिंग सेंटर की व्यवस्था की जानकारी ली। मुख्य सचिव श्री जैन ने कहा कि रेलवे स्टेशनों के पास बेरीकेड्स लगाकर व्यवस्था की जाये। उन्होंने रेलवे अधिकारियों से कहा कि रेलवे स्टेशनों पर ट्रेन की क्षमता के अनुसार यात्रियों का प्रवेश सुनिश्चित हो। रेलवे स्टेशनों में यात्रियों की सुविधा के लिये ऐनाउंसमेंट की स्पष्ट सुविधा हो। स्टेशन प्लेटफार्म पर यात्रियों के खान-पान के साथ सुलभ सुविधा की व्यवस्था हो। रेलवे अधिकारियों ने बताया कि रेलवे स्टेशनों में यात्रा टिकिट या प्लेटफार्म टिकिट के बाद ही यात्रियों को प्रवेश दिये जाने की व्यवस्था की गयी है। मुख्य सचिव श्री जैन ने कहा कि सड़क मार्ग पर यातायात के दबाव पर सतत निगरानी रखी जाये। होल्डिंग सेंटर पर यात्रियों की सुविधा के लिये स्वयंसेवी संस्थाओं के साथ मिलकर खान-पान की व्यवस्था के साथ अन्य आवश्यक व्यवस्था हो। उन्होंने प्रदेश की सड़कों के ब्लैक-स्पॉट पर आवश्यक निर्देश और रोशनी की व्यवस्था पर भी जोर दिया।

## सिवनी में एसडीओ की दादागीरी, किसान की कॉलर पकड़ी, दूसरे को कार की डिग्गी में ठूंसने की कोशिश; सस्पेंड

सिवनी (आरएनएस)। सिवनी में जल संसाधन विभाग के एसडीओ ने एक किसान की कॉलर पकड़ी। वहीं दूसरे किसान को कार की डिग्गी में जबरन ठूंसने की कोशिश भी की। अफ्सर ने किसानों को चेतावनी देते हुए कहा कि तुम अपनी सीमा में रहना। मैं किसी भी हद तक जाऊंगा। तुम्हारी ऐसी-तैसी कर दूंगा मामला जिले के केवलारी क्षेत्र में शनिवार का है। तिलवारा दाई तट नहर के एसडीओ श्रीराम बघेल नहर का निरीक्षण करने पहुंचे थे। स्थानीय किसानों ने उनके सामने सिंचाई की समस्या रखी, तो वे भड़क गए और मारपीट और गाली-गलौज करने लगे। वीडियो सामने आने के बाद आरोपी अफ्सर को सस्पेंड कर दिया गया है। इधर, एसडीओ श्रीराम बघेल पर केवलारी थाने में केस भी दर्ज किया गया है।

किसान गिड़गिड़ाते रहे, अफ्सर गालियां देता रहा किसान अफ्सर के सामने हाथ जोड़कर गिड़गिड़ाते रहे। लेकिन अफ्सर ने उनकी एक न सुनी। वीडियो सामने आने के बाद जल संसाधन विभाग के प्रमुख अभियंता विनोद कुमार देवड़ा ने एसडीओ श्रीराम बघेल को निलंबित कर दिया है। उन्हें जल संसाधन विभाग नर्मदापुरम में अटैच किया है।

जीतू पटवारी बोले- सत्ता अफ्सरों के सामने सरेंडर

मप्र कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष जीतू पटवारी ने एक्स पर लिखा कि सिवनी में जल संसाधन विभाग के स्ड्ढ ने किसान को पीटा और फ्रि कार की डिक्की में ठूंस दिया! चूंकि सत्ता अफ्सरों के सामने सरेंडर हैं, इसीलिए किसान प्रताड़ित हैं!

राज्यमंत्री श्रीमती गौर ने नेहरू युवा केंद्र और केंद्र सरकार के खेल मंत्रालय द्वारा आयोजित सीमावर्ती राज्यीय युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम में की सहभागिता

## हमारी युवा पीढ़ी योग्य और जिम्मेदार है- राज्यमंत्री श्रीमती गौर

भोपाल- (आरएनएस) पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्रीमती कृष्णा गौर ने कहा कि %हमारी युवा पीढ़ी योग्य और जिम्मेदार है। युवा पीढ़ी में राष्ट्र के प्रति अटूट भक्ति भी है और दुनिया को जीतने का जोश भी है। राज्यमंत्री श्रीमती गौर ने मंगलवार को नेहरू युवा केंद्र और भारत सरकार के खेल मंत्रालय द्वारा आयोजित सीमावर्ती राज्यीय युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम के समापन अवसर पर छात्रों को संबोधित कर रही थीं। राज्यमंत्री श्रीमती गौर ने कहा कि निश्चित रूप से युवाओं की सोच, आपका चिंतन, आपका विचार, आपका दृष्टिकोण इस भारतवर्ष को नई दिशा देने का काम करता है, इसलिए आप अपने संस्कृति और परंपराओं के साथ देश की माटी से जुड़े रहें। यह वर्तमान समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है और इसी उद्देश्य से प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में नेहरू युवा केंद्र और भारत सरकार के खेल मंत्रालय द्वारा सीमावर्ती राज्यीय कार्यक्रम प्रारंभ किया गया। सीमावर्ती राज्यों की चुनौतियां भी बहुत होती है। कार्यक्रम में पांच राज्यों उत्तर प्रदेश, बिहार, गुजरात, राजस्थान और पंजाब से आए छात्रों ने अपने अनुभव भी मंच से साझा किए। इस दौरान भोपाल नगर निगम के अध्यक्ष श्री किशन सूर्यवंशी, नेहरू युवा केंद्र की जिला अधिकारी श्रीमती निक्की राठौर, श्री प्रदीप देशमुख और विभिन्न राज्यों से आए छात्र मौजूद रहे।

**राज्यमंत्री श्रीमती गौर ने भेल क्षेत्र में 3 करोड़ रुपए लागत की सड़कों के डामरीकरण का किया भूमि पूजन**

पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्रीमती कृष्णा गौर ने मंगलवार को गोविंदपुरा क्षेत्र में 3 करोड़ रुपए की लागत से होने वाले सड़क डामरीकरण के कार्य का भूमि-पूजन किया। राज्यमंत्री श्रीमती गौर ने भूमिपूजन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि गोविंदपुरा के नागरिकों की सुविधा और क्षेत्र के विकास के लिए हम सतत कार्य कर रहे हैं। निरंतरता के साथ क्षेत्र की प्रगति के कार्य जारी हैं। राज्यमंत्री श्रीमती गौर ने अधिकारियों से कहा कि सड़क मरम्मत के कार्य को प्राथमिकता से करें। राज्य मंत्री श्रीमती गौर ने महात्मा गांधी चौराहा से पिपलानी पेट्रोल पंप तक 2 किलोमीटर सड़क के डामरीकरण कार्य जिसकी लागत 1 करोड़ 61 लाख रुपए है और चेतकब्रिज चौराहा से अवधपुरी रोड तक 4 किलोमीटर में 1 करोड़ 25 लाख रुपए की लागत से होने वाले डामरीकरण कार्य का भूमिपूजन किया।

उन्होंने कहा कि सेवंतिका पेट्रोल पंप से गोविंदपुरा थाने तक डामरीकरण तथा अन्नानगर से डीआरएम तक एक करोड़ 16 लाख की लागत से पेचवर्क का कार्य किया जाएगा। पार्षद श्रीमती मधु शवनानी, श्री वी शक्ति राव, श्री प्रताप बेस, श्री गणेश राम नागर, श्री शिवलाल मकोरिया, श्री नारायण परमार, श्री संजय शवनानी सहित जनप्रतिनिधि एवं रहवासी मौजूद रहे।

## पुलिस अफसर का अपहरण : अपराधी महाराष्ट्र से किडनैप कर मध्य प्रदेश लाया, जलगांव एसपी ने एमपी पुलिस से मांगी मदद

भोपाल (आरएनएस)। महाराष्ट्र में पुलिस अफ्सर की किडनैपिंग का सनसनीखेज मामला सामने आया है। मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र बार्डर पर स्थित जलगांव जिले के अमरती गांव में आरोपी को पकड़ने गई पुलिस अफ्सर को गांव वालों ने अपहरण कर लिया। अपराधी बंदूक की नोक पर पुलिस अफ्सर का अपहरण कर मध्यप्रदेश ले आया। मामले की जानकारी के बाद से ही महाराष्ट्र पुलिस विभाग में हड़कंप मच गया है। वहीं अफ्सर को छुड़ाने के लिए जलगांव एसपी ने एमपी पुलिस से मदद मांगी है। जलगांव जिले के चोपड़ा इलाके में महाराष्ट्र-मध्य प्रदेश सीमा के पास स्थित उमरती गांव है। यहां चोपड़ा ग्रामीण पुलिस एक आरोपी को गिरफ्तार करने के लिए महाराष्ट्र के उमरती गांव गई थी। आरोपी की गिरफ्तारी के बाद गांव के कुछ लोग पुलिस की ओर दौड़े। इसके बाद एक पुलिस अधिकारी को उन्होंने पकड़कर बंधक बना लिया। बाद में वह लोग पुलिस अधिकारी को मध्य प्रदेश सीमा के पार ले गए। मामले की जानकारी होते ही पुलिस विभाग में हड़कंप मचा गया। ऐसा कहा है कि आरोपी पुलिस अधिकारी को बंधकर बनाकर मध्य प्रदेश सीमा के पार उमरती गांव ले गए हैं। महाराष्ट्र-मध्य प्रदेश सीमा पर दो उमरती गांव हैं। एक गांव महाराष्ट्र में है और दूसरा सीमा पार मध्य प्रदेश में है। घटना की सूचना मिलने पर जिला पुलिस अधीक्षक महेश्वर रेड्डी सहित पुलिस अधिकारी उमरती गांव के लिए रवाना हो गए हैं।

## पीएम मोदी रखेंगे कैंसर अस्पताल की नींव, राष्ट्रपति मुर्मू देंगी 251 जोड़ों को आशीर्वाद

छतरपुर (आरएनएस)। सिद्ध तीर्थ बागेश्वर धाम में 19 फ्रवरी से कलश यात्रा के साथ बुन्देलखण्ड का महामहोत्सव शुरू हो रहा है। रविवार को बागेश्वर धाम पीठाधीश्वर पं. धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री ने पत्रकारों से संवाद करते हुए धाम में होने वाले आयोजन की जानकारी दी। महाराजश्री ने कहा कि देवर्षि विश्वामित्र के भारत में विश्व मित्र की भूमिका निभाने वाले देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 23 फ्रवरी को बागेश्वर धाम में कैंसर अस्पताल एवं रिसर्च सेंटर की आधारशिला रखेंगे। 23 फ्रवरी की शाम को कवि सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। वहीं 26 फ्रवरी को देश की प्रथम नागरिक राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू 251 वर-वधू को सफ्ल वैवाहिक जीवन का आशीर्वाद देंगी।

पं. धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री ने 7 दिनों तक चलने वाले महा उत्सव की मीडिया को जानकारी देते हुए बताया कि 19 फ्रवरी को विशाल कलश यात्रा निकलेगी। कलश यात्रा के माध्यम से गांव के देवी-देवताओं को महोत्सव सफ्ल बनाने के लिए निमंत्रण दिया जाएगा। 3 से 5 हजार सदस्य गांव-गांव पीले चावल बांटकर कार्यक्रम में शामिल होने के लिए आमंत्रित कर रहे हैं। बागेश्वर धाम में 18 पुराण, चार वेद, 6 शास्त्र का वाचन होगा। 23 फ्रवरी को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बालाजी कैंसर हॉस्पिटल एण्ड रिसर्च इंस्टीट्यूट की आधारशिला रखेंगे। 20 फ्रवरी को भारत एवं संपूर्ण विश्व के शिष्य मंडल धाम पहुंचेंगे और इसी दिन अन्नपूर्णा यज्ञ की शुरूआत होगी।

21 एवं 22 फ्रवरी को धाम में गुरू दीक्षा महोत्सव होगा। जिनमें दीक्षा का कार्यक्रम रखा गया है जबकि शाम को रामलीला का मंचन होगा। बागेश्वर धाम आने वाले भक्तों के लिए सांस्कृतिक एवं धार्मिक कार्यक्रमों की व्यवस्था की गई है ताकि वे बालाजी और बागेश्वर महादेव के दर्शन करने के साथ ही भगवत चर्चा श्रवण कर पुण्य लाभ कमाएं। देश की प्रख्यात कथावाचक एवं अनाथ बेटियों को वात्सल्य देने वालीं दीदी मां ऋतंभरा धाम में आशीर्वचन देने आ रही हैं।

### सहकारिता मंत्री सारंग की अध्यक्षता में हुई बीज संघ की संचालक मण्डल की बैठक

## बीज संघ के उत्पाद नये ब्रॉन्ड नेम और आकर्षक लोगो के साथ करें विक्रय



भोपाल (आरएनएस) सहकारिता मंत्री श्री विश्वास कैलाश सारंग ने कहा है कि बीज संस्थाओं द्वारा प्रमाणित बीज के विपणन का कार्य नये ब्रॉन्ड नेम के साथ किया जाए। इसके लिये आकर्षक लोगो तैयार किया जाए। मंत्री श्री सारंग मंगलवार को मंत्रालय में राज्य सहकारी बीज उत्पादक एवं विपणन संघ के संचालक मण्डल की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। बैठक में कृषि उत्पादन आयुक्त श्री मोहम्मद सुलेमान और अपर मुख्य सचिव श्री अशोक वर्णबाल उपस्थित थे। मंत्री श्री सारंग ने कहा कि पैक्स, अन्य सहकारी संस्थाओं तथा निजी व्यवसायियों के माध्यम से स्थानीय कृषकों को प्रमाणित बीज विपणन का कार्य हो। उन्होंने विपणन विशेषज्ञ एवं बीज उत्पादन से संबंधित तकनीकी विशेषज्ञ की सेवायें लेने को भी कहा। उन्होंने कहा कि क्वालिटी कंट्रोल, मार्केटिंग और पैकेजिंग पर आवश्यक ध्यान दिया जाये। इस कार्यवाही से पैक्स के 32 लाख कृषक सदस्यों, बीज सहकारी संस्थाओं के सदस्यों एवं अन्य कृषकों को बीज संघ द्वारा उच्च गुणवत्ता युक्त प्रमाणित बीज उपलब्ध कराया जा सकेगा। मंत्री श्री सारंग ने कहा कि बीज सोसायटियों को नवाचार विंग से जोड़े। कहाँ कौन-सी सोसायटी विकसित करना है। उसकी डीपीआर तैयार करें। बीज सोसायटियों की रेटिंग भी की जाये। श्री सारंग ने कहा कि बिजनेस मॉड्युल तैयार करें और बिजनेस डेव?लपमेंट सेंटर का सेट-अप बनाए। मंत्री सारंग ने कहा कि उच्च गुणवत्ता वाले बीजों के उपयोग से किसानों के फसलों की उत्पादन क्षमता में वृद्धि होगी। उन्होंने कहा कि किसानों की खेती को उत्कृष्ट करने के लिए बीज संघ अपने ब्रांड के साथ गुणवत्तापूर्ण बीज उपलब्ध कराएगा। इसके लिए बीज संघ द्वारा विस्तृत रूपरेखा तैयार की जाए। मंत्री सारंग ने कहा कि बीज संघ गुणवत्ता, विश्वसनीयता, स्थिरता और जलवायु अनुकूल बीज की उपलब्धता सुनिश्चित करे। बैठक में निर्णय लिया गया कि, बीज संघ प्रदेश के विभिन्न स्थानों पर व्यावसायिक विकास केन्द्र स्थापित कर उनके माध्यम से अपनी गतिविधि संचालित करेगा। बीज संघ उत्पादित बीज की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिये बीज उत्पादन के विशेषज्ञों की सेवाऐं लेकर कृषकों को बीज उत्पादन के प्रशिक्षण एवं वांछित आदान उपलब्ध कराने की कार्यवाही करेगा।



भगवान श्रीगणेश को समर्पित होता है। इस दिन भगवान गणेश की पूजा का विशेष महत्व होता है। साथ ही गणेश जी की कृपा और आशीर्वाद पाने के लिए बुधवार का व्रत भी किया जाता है। बता दें कि भगवान गणेश की पूजा करने से जातक के आय, सुख और सौभाग्य में वृद्धि होती है और बिगड़े काम बनने लगते हैं। ऐसे में अगर आप भी जीवन में आने वाले दुखों और संकटों से छुटकारा पाना चाहते हैं, तो बुधवार को सुबह स्नान आदि करने के बाद विधि-विधान से भगवान गणेश की पूजा करें। वहीं पूजा के दौरान श्रीगणेश को मोदक और दूर्वा जरूर अर्पित करें।



## मस्क और ट्रंप को बड़ा झटका

अमेरिकी अदालत ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा नीति विभाग की संवेदनशील जानकारी हासिल करने पर रोक लगा दी है। संघीय न्यायाधीश ने पूंजीपति एलन मस्क नीति सरकारी दक्षता विभाग को वित्त विभाग के रिकार्ड हासिल करने पर रोक लगाई जिसमें लाखों अमेरिकियों की सामाजिक सुरक्षा व बैंक खाता संबंधी संवेदनशील जानकारी व डेटा शामिल हैं। यह आदेश उन्नीस डेमोक्रेटिक अटॉरनी जनरलों द्वारा ट्रंप पर दायर किये गये मुकदमे के बाद जारी किया। एक अन्य संघीय अदालत ने अमेरिकी अंतरराष्ट्रीय विकास एजेंसी के हजारों कर्मचारियों को नौकरी से निकाले जाने के आदेश पर अस्थाई रोक लगा दी। अदालत का कहना है कि ट्रंप प्रशासन ने संघीय कानून का उल्लंघन करते हुए मस्क की टीम को वित्त विभाग की केंद्रीय भुगतान प्रणाली तक पहुंचने की अनुमति दी जिसके तहत रिफंड, सामाजिक सुरक्षा लाभ, पूर्व सैनिकों को लाभ समेत तमाम जिम्मेदारियां आती हैं। यह प्रति वर्ष लाखों-करोड़ों डॉलर का लेन-देन करती है। ट्रंप के सत्ता संभालते ही उनके प्रशासन ने सरकारी फिजूलखर्ची का पता लगाने और उसे खत्म करने के लिए मस्क के नेतृत्व में सरकारी दक्षता विभाग यानी डीओजीआई का गठन किया था। हजारों विदेशी कर्मचारियों को तीस दिन के भीतर परिवार समेत लौटने के आदेश को रोकते हुए अदालत ने इसे जल्दबाजी में किया गया फैसला बताया। अदालत का यह रुख दिग्गज कारोबारी मस्क और ट्रंप, दोनों को बड़ा झटका माना जा रहा है। राष्ट्रपति चुनाव से पूर्व ही मस्क ने ट्रंप के साथ दोस्ती का हाथ बढ़ाया था। राष्ट्रपति बनते ही रिपब्लिकन पार्टी के नेता ट्रंप के इमीग्रेशन, टैरिफ, जलवायु समझौते और विश्व स्वास्थ्य संगठन से पांव खींचने जैसे चौंकाने वाले फैसलों पर दुनिया हतप्रभ थी।

# केजरीवाल और आप का राजनीति का नशा उतरा

कहते हैं वक्त ख़राब हो तो ऊँट पर बैठे आदमी को भी कुत्ता काट लेता है। दिल्ली विधानसभा के इन चुनावों में लगता है अरविंद केजरीवाल केजरीवाल और उनकी पार्टी आप के साथ भी कुछ ऐसा ही हुआ दिखा। दिल्ली में लोगों और ख़ासकर महिलाओं को केजरीवाल ने जो सुविधाऐं मुहैया कराई उनसे यादा उन्होंने भविष्य में मिलने का वादा की गई सुविधाओं पर भरोसा कर भाजपा को उम्मीद से यादा वोट दिए। या यूँ कहिए कि मोदी है तो मुमकिन हुआ पर साथ ही यह भी नहीं भूलना चाहिए कि आप पार्टी के पिछले तीन चुनावों से मोदी प्रधानमंत्री हैं पर तब क्यूं नहीं मोदी मुमकिन कहना सार्थक हो सका । तभी इन चुनावों में केजरीवाल की हार के बाद यह कहावत भी सटीक है कि वक्त तो ऊँट पर बैठा नेता केजरीवाल चुनाव हार गए।

दिल्ली में महिलाओं को मिल रहीं सुविधाएँ गर्भ में चलीं गई भविष्य में मिलने वाली सुविधाओं पर भरोसा हुआ और ऐसा कि एक दशक से सत्ता में बैठे केजरीवाल और उनकी पार्टी का राजनीति का नशा उतर गया। महिलाओं ने पुरुषों से कहीं अधिक वोट भाजपा डाल जता दिया कि केजरीवाल को देखलिया अब भाजपा को देखेंगे। महिलाओं ने जहां 61.92 फ़ीसद वोट डाले वहीं पुरूषों ने 60.21 ही वोट डाले। यही नहीं वोटिंग में भी महिलाएँ आगे रहीं। तभी कहा जा रहा है कि भाजपा की इस जीत में महिला फ़ैक्टर यादा रहा। अब भले 2020 के चुनाव में आप पार्टी ने महिलाओं को बसों में मुफ़्त यात्रा सुविधा दी और यह आप की जीत का आधार बना था। और इस बार भी महिलाओं की लिए सुविधाओं का पिटारा खुलना था जिसमें फ़्री बस के अलावा महिला सम्मान योजना में 2100 रूपये हर महीने देने का वादा था। यही नहीं कांग्रेस की तरफ़ से भी 2500 रूपये हर महीने देने का वादा था और साथ ही गरीब महिलाओं को 500 में सिलेंडर के अलावा त्योहार पर पर फ़्री गैस सिलेंडर के अलावा 2100 रूपये भी देने का वादा था। लेकिन भाजपा की ओर से बुजुर्गों को पेंशन,2000 रूपये हर महीने से बढ़ाकर 2500 के अलावा पेंशन राशि बढ़ाने के साथ ही झुग्गी बस्ती में अटल कैंटीन और फिर मोदी की गारंटी पर पर ज्या भरोसा कर भाजपा के लिए वोट दिए। और भाजपा ने 70 में 48 सीटें जीतीं।

भला हो दिल्ली के लोगों और ख़ासकर महिलाओं का कि भाजपा उनसे किए गए वादें को पूरा करें और अगले चुनावों के लिए अपनी ज़मीन पक्की पर अगर इन वादों और केजरीवाल की योजनाओं को जारी रखने का वादा पूरा करने की बजाए इन्हें पिछले चुनावी वादों की तरह चुनावी जुमला करार दे दिया गया तो क्या तो होगा वादों का और कैसे कहेंगे लोग कि मोदी है तो मुमकिन है ।

विधानसभा चुनावों में 70 सीटों में से 48 सीटें जीतने वाली भाजपा के सामने अब दिल्ली का मुख्यमंत्री चुनने की चुनौती है।

यूँ सीएम बनने की चाहत में दिल्ली भाजपा के पुराने और धुरंधर नेता चुनाव जीतने के बाद से गणेश पर्क्रिमा लगे हैं।

माना जा रहा है कि प्रधानमंत्री मोदी के फ्ऱांस और अमेरिका के दौरे के बाद यानी 15 फ़रवरी तक सीएम के नाम का एलान हो सकेगा। और जीते हुए विधायकों का शपथ ग्रहण समारोह भी इसी दौरान होगा।

कहा जा रहा है कि सीएम बनाते समय बिहार और फिर यूपी में होने वाले चुनावों में पार्टी की चुनौतियों को भी ध्यान रखा जाना है।

इस हिसाब से सांसद मनोज तिवारी भी इस क़तार में माने जा रहे हैं। जबकि दावा अरविंद केजरीवाल को नई दिल्ली से हराने वाले प्रवेश वर्मा के समर्थक भी दबाव बनाए हुए हैं।

यह अलग बात है कि सीएम की लाईन में जनकपुरी से जीते वरिष्ठ नेता आशीष सूद ,मालवीय नगर से जीते पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सतीश उपाध्याय,रोहिणी से जीते और विधानसभा में विपक्ष के नेता विजेंदर गुप्ता,और संघ की पृष्ठभूमि से निकले पवन शर्मा भी शामिल हैं। पर दारोमदार आकाओं के हवाले है।

दिल्ली में पूर्वांचल के लोगों को मनोज तिवारी को सीएम बनाए की उम्मीद है। लोकसभा चुनाव में भाजपा के सातों में से अकेले मनोज तिवारी को ही टिकट दिया गया था और जीते भी।

शालीन और मृदुभाषी तिवारी विवादों में भी कम ही रहे है। चर्चा तो है कि राजस्थान,एमपी और दूसरे राज्यों की तरह सीएम के किए गए सिलेक्शन की तरह दिल्ली में कोई चौंकाने वाला नाम इस पद के लिए लाया जा सकता है।

भला किसकी परिक्रमा सफल रहती है और सीएम कौन बनाया जाता है सीएम पर सीट पर बैठने के साथ ही चुनौतियाँ भी शुरू हो जानी हैं ख़ास यह भी कि विपक्ष केजरीवाल सरीखे खूंसट और उनके साथियों का रहना है।

विधानसभा की हॉट सीटों में से एक कालकाजी सीट से जीतीं दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी को अपनी जीत के लिये वोटरों के अलावा प्रतिद्वंद्वी भाजपा के रमेश विधूडी और कांग्रेस की अलका लांबा का भी शुक्रगुज़ार करना चाहिए।

## मन्दिरों एवं धर्म-स्थलों में वीआईपी संस्कृति समाप्त हो

मन्दिरों, धर्मस्थलों एवं धार्मिक आयोजनों में वीआईपी संस्कृति एवं उससे जुड़े हादसों एवं त्रासद स्थितियों ने न केवल देश के आम आदमी के मन को आहत किया है, बल्कि भारत के समानता के सिद्धान्त की भी धज्जियां उड़ा दी है। मौनी अमावस्या महाकुंभ में भगदड़ के चलते तीस लोगों की मौत ने ऐसे मौकों पर कुछ विशेष लोगों को मिलने वाले वीआईपी सम्मान एवं सुविधा पर प्रश्नचिन्ह लगा दिया है। बात केवल महाकुंभ की नहीं है, बल्कि अनेक प्रतिष्ठित मन्दिरों में वीआईपी संस्कृति के चलते होने वाले हादसों एवं आम लोगों की मौत ने अनेक सवाले खड़े किये हैं। प्रश्न है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने पहले ही कार्यकाल के दौरान वीआईपी कल्चर को खत्म करते हुए लालबत्ती एवं ऐसी अनेक वीआईपी सुविधाओं को समाप्त कर दिया था तो मन्दिरों एवं धार्मिक आयोजनों की वीआईवी संस्कृति को क्यों नहीं समाप्त किया? क्यों महाकुंभ में वीआईपी स्नान के लिये सरकार ने अलग से व्यवस्थाएं की। क्यों एक विधायक अपने पद का वैभव प्रदर्शित करते हुए महाकुंभ में कारों के बड़े काफिले के साथ घूमते एवं स्नान करते हुए, पुलिस-सुविधा का बेजा इस्तेमाल करते हुए एवं सेल्फी लेते हुए करोड़ लोगों की भीड़ का मजाक बनाते रहे? सवाल यह पूछा जा रहा है कि हिंदुओं के धार्मिक स्थलों और आयोजनों में क्यों भक्तों के बीच भेदभाव होता है? वीआईपी दर्शन की अवधारणा भक्ति एवं आस्था के खिलाफ है। यह एक असमानता का उदाहरण है, जो लोकतांत्रिक मूल्यों पर भी आघात करती है। महाकुंभ हो या मन्दिर, धार्मिक आयोजन हो या कीर्तन-प्रवचन भगदड़ के कारण जो दर्दनाक हादसे होते रहे हैं, जो असंख्य लोगों की मौत के साक्षी बने हैं, उसने वीआईपी कल्चर पर एक बार फिर से नये सिरे से बहस छेड़ दी है। सवाल उठ रहा है कि जब गुरुद्वारे में वीआईपी दर्शन नहीं, मस्जिद में वीआईपी नमाज नहीं, चर्च में वीआईपी प्रार्थना नहीं होती है

## महाकुंभ की अद्भुत, अविस्मरणीय, अतुलनीय प्रशासनिक तैयारियां अब शोध-अनुसंधान का विषय

प्रथमं तीर्थराजं तू प्रयागाख्यं सुविश्रुतिम। कामिकं सर्वतीर्थानां धर्म कामार्थ मोक्षदम।। अर्थात तीर्थराज प्रयाग का नाम सर्वश्रेष्ठ तीर्थ के रूप में लोक विख्यात है। यह सभी तीर्थों के फलों को देने वाला अकेला तीर्थ है, जो व्यक्तिविशेष के जीवन में- धर्म, अर्थ, काम एवं मोक्ष- नामक चारों पुरुषार्थों का प्रदाता है। यूँ तो हर 12 वें वर्ष में यहां कुंभ का आयोजन अनंत काल से हो रहा है, लेकिन महाकुम्भ का आयोजन प्रयागराज हर बार 144वें वर्ष में ही होता है। इसलिए पतित पावनी गंगा, कलंक प्रक्षालिनी यमुना और अंतर्धारा पुण्य सलिला सरस्वती नदी के त्रिवेणी संगम तट पर अवस्थित प्रयागराज, उत्तरप्रदेश, भारत गणराज्य का अलग ही महात्म्य है।

सनातन मनीषियों के मुताबिक, हर 144 वर्ष के अंतराल पर और इस बार वर्ष 2025 में पुनः ग्रहों का ऐसा शुभ संयोग बना है जिसके कारण यहाँ आना और संगम तट पर स्नान-ध्यान करना पुण्यबर्धक समझा जाता है। 2025 का दिव्य महाकुंभ 144 वर्षों की सुदीर्घ प्रतीक्षा के बाद खगोलीय गणित एवं धार्मिक, आध्यात्मिक, सांस्कृतिक दृष्टि से ग्रह-नक्षत्रों के अभूतपूर्व मिलन के कारण अत्यंत महत्वपूर्ण और मनोकामना पूर्ति की मोक्ष की पूर्ति के लिए फलदायक है।

इसलिए यहां पर मैं प्रयागराज महाकुंभ की आध्यात्मिक, धार्मिक, सांस्कृतिक और सामाजिक मान्यताओं से इतर इसके सकारात्मक और व्यवहारिक पक्ष पर अपना विचार रख रहा हूँ। उम्मीद है कि इसके प्रति आपकी भी जिज्ञासा बढ़ेगी। देखा जाए तो यह महाकुम्भ देश के सबसे बड़े राज्य उत्तरप्रदेश की प्रशासनिक व्यवस्था की सुदृढ़ता, इसके लौह कवच रूपी अदम्य साहस, अपराजेय संकल्प शक्ति, अखंड आत्मविश्वास, कभी न थकनेवाली पुलिस-प्रशासनिक व्यवस्था के लिए किए गये अनुपम एवं विलक्षण प्रयास जिज्ञासु जनों के लिए शोधकार्य का विषय है। इस महाकुम्भ की कमान उत्तरप्रदेश के सुयोग्य, यशस्वी, माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के योग्य करकमलों में है। हालांकि, कुछ विघ्न संतोषी, सनातन विरोधी और धार्मिक आस्था के प्रति अरुचि रखने वाले दोहरे चरित्र के लोग, किसी न किसी बहाने महाकुंभ मेला की सुदृढ़ व्यवस्था में छेद करने के लिए यत्र-तत्र प्रयासरत हैं। चूंकि मैं प्रयागराज के निकटवर्ती जनपद में कार्यरत हूँ। इसलिए इससे जुड़ी बहुत सारी अनुभूतियों को संजोए हुए हूँ। जबकि, सेवा, समर्पण और आस्था से लबालब होने के कारण मन करता है कि श्रद्धालुओं के वास्ते सब कुछ ऐसा करूं जिससे मैं भी महाकुम्भ में आने जाने वाले धर्मानुरागी व्यक्तियों के लिए सहयोगी बन सकूँ। वाकई महाकुम्भ अखंड सनातन गर्व, हिन्दू महापर्व का दिव्य-भव्य, मानवीय मूल्यों की एकता को आलोकित करने वाला, एक अविचल और अलौकिक अनुभूति लिए माननीय योगी जी की प्रशासनिक दक्षता का एक ऐसा दिव्य प्रयास है जहाँ सबकुछ आँखों के सामने ठहर जाता है कि हम ऐसे सफल सुप्रयासों की कैसे-कैसे प्रशंसा करें। क्योंकि पूरी व्यवस्था में किंचित मात्र भी कमी नहीं है। जो लोग स्वभाव वश इस पुनीत प्रयासों में कमी ढूंढते हैं,

## वैवाहिक जीवन में नई खुशियां लाता है फुलेरा दूज त्योहार, होगी रिकॉर्ड तोड़ शादियां

फाल्गुन माह की द्वितीया तिथि को फुलेरा दूज के रूप में मनाया जाता है। इस बार फुलेरा दूज 1 मार्च 2025 को मनायी जाएगी। यह दिन होली के आगमन का प्रतीक माना जाता है। इस दिन से होली के पर्व की तैयारियां आरंभ हो जाती हैं। इस दिन से उत्तर भारत के गांवो में जिस स्थान पर होली रखी जाती हैं वहां पर प्रतीकात्मक रूप में उपले या फिर लकड़ी रख दी जाती हैं। कई जगहों पर इस दिन को उत्सव की तरह मनाया जाता है। इस दिन से लोग होली में चढ़ाने के लिए गोबर की गुलरियां भी बनाई जाती हैं। पाल बालाजी ज्योतिष संस्थान जयपुर जोधपुर के निदेशक ज्योतिषाचार्य डा. अनीष व्यास ने बताया कि वैदिक पंचांग के अनुसार फाल्गुन माह के शुक्ल पक्ष की द्वितीया तिथि 01 मार्च को रात्रि 03ः16 मिनट से शुरू हो रही है और तिथि का समापन 02 मार्च को रात्रि 12ः09 मिनट पर होगा। सनातन धर्म में उदया तिथि का विशेष महत्व है। इस प्रकार 01 मार्च को फुलेरा दूज का पर्व मनाया जाएगा। फुलेरा दूज को अबूझ मुहूर्त माना जाता है, जिसका अर्थ है कि इस दिन विवाह के लिए किसी ज्योतिषीय गणना की आवश्यकता नहीं होती। यही कारण है कि इस दिन कई शादियां होती हैं।

## माधव सदाशिव राव गोलवलकर- शक्तिशाली भारत के कल्पक

श्री गुरुजी, माधव सदाशिव राव गोलवलकर, शक्तिशाली भारत की अवधारणा के अद्भुत, उद्भट व अनुपम संवाहक थे। वे भारत की सौम्यता, अनेकता में एकता, समरसता के मर्मज्ञ थे। श्री गुरुजी के संदर्भ में थे शब्द कहना सर्वथा अनुचित होगा, वे आज भी हमारे मध्य; पराक्रमी भारत, ओजस्वी भारत, अजेय भारत, निर्भय भारत, संपन्न-समृद्ध-स्वस्थ भारत व राष्ट्रवाद भाव के झर-झर बहते निर्झर झरने बने हुए हैं। वे शक्तिशाली भारत के अग्रदूत, संवाहक, प्रणेता के रूप में आज भी हमारे मध्य हैं, एक वैचारिक मूर्ति के रूप में। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के द्वितीय सरसंघचालक श्री गुरुजी के संदर्भ में, शक्तिशाली भारत की अवधारणा के संवाहक, भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपनी पुस्तक श्रीगुरूजी एक स्वयंसेवक में लिखते हैं - राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना सन 1925 में डॉ. केशवराव बलिराम हेडगेवार ने की थी, लेकिन इसे वैचारिक आधार द्वितीय सरसंघचालक माधवराव सदाशिवराव गोलवलकर 'श्रीगुरुजी' ने प्रदान किया था। द्वितीय विश्वयुद्ध, भारत छोड़ो आंदोलन, आजाद हिंद फौज और नेताजी का देश की आजादी में योगदान, भारत विभाजन, देश की आजादी, कश्मीर विलय, गांधी हत्या, देश का पहला आम चुनाव, चीन से भारत की हार, पाकिस्तान के साथ 1965 व 1971 की लड़ाई; भारत का इतिहास बदलने और बनाने वाली इन घटनाओं के महत्त्वपूर्ण काल में न केवल श्रीगुरुजी संघ के प्रमुख थे, बल्कि अपनी सक्रियता और विचारधारा से उन्होंने इन सबको प्रभावित भी किया था। शक्तिशाली भारत की श्री गुरुजी की अवधारणा को अटलबिहारी वाजपेयी व नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बनी हुई कोई आधा दर्जन केंद्रीय सरकारों ने मात्र ही स्वीकार नहीं किया; अपितु, इस अवधारणा को उन्होंने अपना गीता-रामायण माना हुआ है।

शक्तिशाली राष्ट्र की गुरुजी की अवधारणा को स्वतंत्रता संघर्ष के मध्य ही कांग्रेस ने, व स्वतंत्रता के पश्चात बनी हुई नेहरूजी व शास्त्रीजी की सरकारों ने भी स्वीकार किया है। यद्दपि नेहरू ने तो राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ पर प्रतिबंध लगाने व श्री गुरुजी को जेल में बंदी बनाने जैसा पाप भी किया था किंतु इसके बाद उन्होंने गोलवलकर गुरुजी का अभिनंदन करते हुए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ को वर्ष 1963 की गणतंत्र दिवस की परेड में भाग लेने हेतु आमंत्रित भी किया था। वस्तुतः श्री गुरुजी के नेतृत्व काल में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की बढ़ती लोकप्रियता, स्वीकार्यता, मान्यता को देखकर नेहरूजी के हृदय में कुटिलता व डाह के भाव आने लगे थे। नेहरू जिस प्रकार की छुद्र, अंग्रेज-मुस्लिम परस्त राजनीति किया करते थे; श्रीगुरुजी उसके विरुद्ध थे।

## 60 साल बाद महाशिवरात्रि पर बन रहा दुर्लभ योग, इन चीजों से करें भगवान शिव का अभिषेक

हिंदू पंचांग के अनुसार हर साल फाल्गुन मास में कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी तिथि को महाशिवरात्रि का पर्व मनाया जाता है। मान्यता है कि इस दिन शिव जी और माता पार्वती का विवाह हुआ था, इसलिए यह पर्व हर साल शिव भक्तों द्वारा धूमधाम से मनाया जाता है। महाशिवरात्रि के दिन शिवजी के भक्त श्रद्धा और विश्वास के साथ व्रत रखते हैं और विधि-विधान से शिव-गौरी की पूजा करते हैं। ऐसा कहा जाता है कि महाशिवरात्रि के दिन भगवान भोलेनाथ पृथ्वी पर मौजूद सभी शिवलिंग में विराजमान होते हैं, इसलिए महाशिवरात्रि के दिन की गई शिव की उपासना से कई गुना अधिक फल प्राप्त होता है। पाल बालाजी ज्योतिष संस्थान जयपुर जोधपुर के निदेशक ज्योतिषाचार्य डा. अनीष व्यास ने बताया कि महाशिवरात्रि पर्व 26 फरवरी को मनाया जाएगा। ग्रह योग की विशिष्ट स्थिति इससे पहले साल 1965 में बनी थी। 60 साल बाद फिर महाशिवरात्रि पर्व पर तीन ग्रहों की युति बनी है। पंचांग के अनुसार, फाल्गुन मास के कृष्ण पक्ष की महाशिवरात्रि 26 फरवरी, धनिष्ठा नक्षत्र, परिघ योग, शकुनी करण और मकर राशि के चंद्रमा की उपस्थिति में आ रही है। इस दिन चार प्रहर की साधना से शिव की कृपा प्राप्त होगी।

## शिक्षा का असली उद्देश्य ज्ञानार्जन

रजनीश कपूर

आवश्यक है कि विद्यालयों में गुणवत्ता सुधार के साथ-साथ परीक्षाओं में सफलता का मूल्यांकन केवल अंकों के आधार पर न किया जाए, बल्कि छात्रों की संपूर्ण योग्यता और कौशल को ध्यान में रखा जाए। जब शिक्षा का असली उद्देश्य ज्ञानार्जन बनेगा, तभी समाज का वास्तविक विकास संभव होगा।

देश में वार्षिक परीक्षाएँ छात्रों के भविष्य को निर्धारित करने का प्रमुख माध्यम हैं। लेकिन हाल के वर्षों में, शिक्षा का मूल उद्देश्य ज्ञान अर्जन से हटकर केवल उच्च अंक प्राप्त करने तक ही सीमित होता जा रहा है। खासकर देहाती क्षेत्रों के विद्यार्थी अब नियमित कक्षाओं में पढने् की बजाय कोचिंग सेंटरों पर अधिक निर्भर होते जा रहे हैं, क्योंकि वहाँ कम समय में अधिक अंक प्राप्त करने के आसान तरीके बताए जाते हैं। यह प्रवृत्ति न केवल शिक्षा प्रणाली को प्रभावित कर रही है, बल्कि ग्रामीण क्षेत्रों के छात्रों के समग्र विकास के लिए भी एक चुनौती बनती जा रही है।

देश के गाँवों के छात्रों में एक नई होड़ देखी जा रही है। देहाती छात्र काफ़ी मात्रा में विद्यालय से विमुख हो रहे हैं। इसके पीछे शिक्षा प्रणाली की कई खामियाँ ज़िम्मेदार मानी जा सकती हैं। इनमें अहम हैं ग्रामीण स्कूलों में शिक्षकों की कमी, कमजोर आधारभूत संरचना और अपर्याप्त शिक्षण सामग्री के कारण विद्यार्थी नियमित कक्षाओं में रुचि नहीं लेते। इसके अलावा कोचिंग संस्कृति का प्रभाव इतना बढ़ गया है कि छात्रों को लगता है कि विद्यालय में पढने् की तुलना में कोचिंग सेंटरों में परीक्षा के लिए विशेष तरीके सिखाए जाते हैं। जिससे वे कम समय में अधिक अंक प्राप्त कर सकते हैं। यह धारणा दिन ब दिन बढ़ती जा रही है।

इतना ही नहीं गाँव के भोले भाले युवकों को लुभाने की मंशा से कई कोचिंग सेंटर यह दावा भी करते हैं कि वे छात्रों को परीक्षा में अधिक अंक दिलाने में मदद करेंगे। जिससे अभिभावक भी अपने बच्चों को विद्यालय भेजने की बजाय कोचिंग में दाखिला दिलाने के लिए प्रेरित होते हैं। ऐसे में यदि शिक्षक भी उदासीन रवैया अपनाना शूर कर दें तो वह आग में घी का काम करता है। ऐसा भी देखने में आया है कि ग्रामीण इलाक़ों के कई सरकारी स्कूलों में शिक्षकों की कमी या उनकी लापरवाही के कारण कक्षाओं का स्तर गिरता जा रहा है। ऐसे में छात्र कोचिंग का विकल्प चुनने को मजबूर हो जाते हैं।

आज से कई वर्ष पूर्व %थ्री इडिअट्स' फ़िल्म में भी यह दिखाया गया था कि अधिक अंकों की होड़ का छात्रों पर काफ़ी नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। जबकि होना यह चाहिए कि अगर हर नौजवान को अपने दिल की आवाज सुनकर अपनी जिंदगी की राह तय करनी चाहिए। यदि वो अइस करता है तो वह खुश भी होता है और सही मायने में सफल भी। केवल ज्यादा पैसे कमाने के लिए बिना समझे रट्टा मारने वाले कोल्हू के बैल ही होते हैं। जिनकी जिंदगी में रस नहीं आ पाता। यही कारण है कि आईआईटी जैसी प्रतिष्ठित संस्थानों से पढ़कर सैकड़ों नौजवान आज देश में ऐसे काम कर रहे हैं जिसका उनकी डिग्री से कोई लेना देना नहीं है।

मसलन झुग्गियों में बच्चों को पढ़ाना, आध्यात्मिक आन्दोलनों में भगवत्गीता का प्रचारक बनना या गांव के नौजवानों के लिए छाटे-छोटे कुटीर उद्योग स्थापित करने में मदद करना। दूसरी तरफ इंजीनियरिंग की डिग्री की भूख इस कदर बढ़ गयी है कि एक-एक शहर में दर्जनों प्राईवेट इंजीनियरिंग कॉलेज खुलते जा रहे हैं। जिनमें दाखिले का आधार योग्यता नहीं मोटी रकम होता है। इन कॉलेजों में योग्य शिक्षकों और संसाधनों की भारी कमी रहती है। फिर भी यह छात्रों से भारी रकम फीस में लेते हैं।

बेचारे छात्र अधिकतर ऐसे परिवारों से होते हैं जिनके लिए यह फीस देना जिंदगी भर की कमाई को दाव पर लगा देना होता है। इतना रूपया खर्च करके भी जो डिग्री मिलती है उसकी बाजार में कीमत कुछ भी नहीं होती। तब उस युवा को पता चलता है कि इतना रूपया लगाकर भी उसने दी गयी फीस के ब्याज के बराबर भी पैसे की नौकरी नहीं पाई। तब उनमें हताशा आती है। आज हालत यह है कि यों की दुकानों पर सेल्समैन का काम कर रहे हैं। समय और पैसे का इससे बड़ा दुरूपयोग और क्या हो सकता है?

इसलिए समझ की बजाय रटने की प्रवृत्ति को समाप्त करने में ही समझदारी है। लेकिन देखा यह गया है कि कुछ कोचिंग संस्थान परीक्षा पास कराने के लिए रटने पर जोर देते हैं। जिससे छात्रों की तार्किक और विश्लेषणात्मक क्षमता विकसित नहीं हो पाती। ऊपर से कोचिंग सेंटरों की बढ़ती फीस ग्रामीण और आर्थिक रूप से कमजोर छात्रों के लिए एक अतिरिक्त बोझ बन रही है। सोचने वाली बात यह है कि जब छात्र स्कूल की पढ़ाई को महत्व नहीं देते, तो विद्यालयों की गुणवत्ता और भी गिरती जाती है। इससे शिक्षा प्रणाली कमजोर होती है। वहीं परीक्षा में अच्छे अंक पाने के दबाव में कई छात्र नकल और अन्य अनुचित तरीकों का सहारा भी लेने लगते हैं।

ऐसे में विद्यालयों की शिक्षा और गुणवत्ता में सुधार की बहुत ज़रूरत है। सभी ग्रामीण स्कूलों में शिक्षकों की जवाबदेही तय की जानी चाहिए और विद्यालयों में शिक्षण सामग्री व संसाधनों को बेहतर किया जाना चाहिए। यदि सरकार विद्यालयों में परीक्षा की अच्छी तैयारी के लिए विशेष कक्षाएँ संचालित करेगी तो विद्यार्थियों को कोचिंग सेंटर जाने की जरूरत ही नहीं पड़ेगी। परीक्षाओं को केवल अंकों के आधार पर तय करने की बजाय, प्रायोगिक ज्ञान, परियोजना कार्य और गतिविधि-आधारित मूल्यांकन को बढ़ावा देना चाहिए। शिक्षकों को इस बात पर विशेष ज़ोर देना चाहिए कि उन्हें विद्यार्थियों को अंकों की होड़ में धकेलने की बजाय, उन्हें वास्तविक ज्ञान अर्जित करने और रचनात्मकता विकसित करने के लिए प्रेरित करना चाहिए।

देहाती क्षेत्रों के विद्यार्थियों का विद्यालयों से विमुख होकर कोचिंग संस्थानों की ओर बढना् शिक्षा व्यवस्था की एक गंभीर समस्या को दर्शाता है। यदि शिक्षा प्रणाली को अधिक प्रभावी और समावेशी नहीं बनाया गया, तो यह प्रवृत्ति शिक्षा के व्यवसायीकरण को और अधिक बढ़ावा देगी। आवश्यक है कि विद्यालयों में गुणवत्ता सुधार के साथ-साथ परीक्षाओं में सफलता का मूल्यांकन केवल अंकों के आधार पर न किया जाए,

## -:: आज का राशिफल ::-



मेष राशि : आज आपका दिन बेहतरीन रहने वाला है। आज पूरा दिन खुद को तरोताजा महसूस करेंगे। आपके आस-पास सकारात्मक ऊर्जा बनी रहेगी। लोग आपके व्यवहार से खुश रहेंगे।

वृष राशि : आज आपका दिन अच्छा रहने वाला है। आज आपके व्यापार में रोज की अपेक्षा ज्यादा लाभ होगा। नवविवाहित दंपति के बीच आज मीठी नोक-झोक होगी, इससे रिश्तों में और मिठास आएगा। आज पैसों के लेन-देन में सावधानी बरतें।

मिथुन राशि: आज आप में एक नई उमंग और खुशी रहेगी। आज आप जो भी काम करेंगे वह पूरे मन से करेंगे, इससे नया अनुभव आपको मिलेगा। मानसिक परेशानी का निवारण होगा, जिससे आपका मन प्रसन्न रहेगा।

कर्क राशि : आज का दिन आपके लिये अच्छे परिणाम लाने वाला होगा। विद्यार्थियों को सफलता मिलने के योग बने हुए है, लेकिन पढ़ाई में और मेहनत करने की जरूरत है।

सिंह राशि : आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आपको घर के बड़ों से कुछ प्रेरणा मिलोगी। आज आप जो भी काम करेंगे, वो सफल होगा। आज आपका स्वास्थ्य पहले से उत्तम रहेगा। रिश्तेदार आज आपको बिजनेस को बढ़ाने के लिए सुझाव देंगे।

कन्या राशि : आज का दिन आपके लिए मिला-जुला रहने वाला है। आज काम व पारिवारिक रिश्तों के बीच सामंजस्य बनाये रखेंगे। आज किसी काम को पूरा करने के लिए नए तरीकों पर विचार करेंगे।

तुला राशि : आज का दिन फेवरेबल रहने वाला है। व्यापार में रुकी हुई योजनाओं को शुरू करने से आपकी व्यस्तता बढ़ी रहेगी। नौकरी कर रहे लोगों को आज दिए गए कार्यों को समय पर पूरा करना होगा,

वृश्चिक राशि : आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आज बेवजह की उलझन से दूर होकर आप किसी मंदिर या धार्मिक स्थल पर अपना समय बिताएंगे।

धनु राशि : आज का दिन खुशियों का नया रास्ता दिखायेगा। किसी पार्क में परिवार वालों के साथ घूमने का प्लान कैंसिल होने की संभावना है। पारिवारिक सुख सुविधा का लाभ मिलेगा। आप किसी राजनेता से संपर्क करेंगे।

मकर राशि: आज आपका दिन बहुत बढ़िया रहेगा, मन खुश रहेगा। आपको सब्र रखना होगा। ऑटो मोबाइल के व्यापार में आपको लाभ मिलेगा। आप अपने दोस्तों या सहयोगियों के साथ किसी टूर पर जाएंगे।

कुंभ राशि : आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज आप किसी व्यक्ति की मदद करेंगे जिससे पूरा दिन आपके अंदर पॉजिटीविटी बनी रहेगी।

मीन राशि : आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज आप माता को कुछ गिफ्ट दे सकते है आपकी माता को खुशी होगी।



पंजाब के शासन में एक नया अध्याय शुरू हो रहा है - जो भ्रष्टाचार के खिलाफ राज्य की लड़ाई को फिर से परिभाषित कर सकता है। आम आदमी पार्टी ( आप ) सुप्रीमो अरविंद केजरीवाल द्वारा नई दिल्ली में पंजाब के विधायकों के साथ एक उच्च स्तरीय बैठक करने के कुछ ही दिनों बाद, राज्य सरकार ने सोमवार को भ्रष्टाचार पर कड़ी कार्रवाई की। एक नाटकीय फेरबदल में, पंजाब के शीर्ष भ्रष्टाचार निरोधक अधिकारी, राज्य सतर्कता ब्यूरो के मुख्य निदेशक वरिंदर कुमार को कथित तौर पर भ्रष्टाचार के खिलाफ उनकी निष्क्रियता के कारण उनके पद से हटा दिया गया है;

# तूफानों से खेलता हूं मैं, मैं खुद भी एक तूफान हूं, हमसे टकराने वालों के लिए, उनके खात्मे का पैगाम हूं : अनिल विज

अम्बाला (आरएनएस)। हरियाणा के ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने नगर परिषद अम्बाला सदर चुनाव के लिए आज आयोजित भाजपा उम्मीदवारों के नामांकन कार्यक्रम में पंक्तियां पढ़ते हुए कहा कि तूफानों से खेलता हूं मैं, मैं खुद भी एक तूफान हूं, हमसे टकराने वालों के लिए, उनके खात्मे का पैगाम हूं।

हजारों कार्यकर्ताओं के आपार जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा विज ने जब इन पंक्तियों को पड़ा तो भाजपा कार्यकर्ता जोश से लबरेज हो गए और उत्साह एवं चुनावी माहौल में डूबे कार्यकर्ताओं ने अनिल विज जिंदाबाद के नारे लगाए।

विज ने जोशिले अंदाज में कहा कि विकास का जो रथ अम्बाला छावनी में मैने चलाया है, उसे और तेजी से चलाने के लिए आज उस रथ के साथ 32 घोड़े जुड़ रहे हैं। सभी मिलकर सभी अम्बाला छावनी को सुंदर और हरियाणा का सबसे बेहतरीन शहर बनाएंगे।


मंच से दिया विरोधियों को जवाब, कहा दिशा भ्रम करने के लिए कोई खेल खेलता है तो प्रत्याशी उसपर ध्यान न दें

कैबिनेट मंत्री अनिल विज ने विरोधियों को मंच से जवाब देते हुए कहा कि चुनाव में कुछ कठनाईयां आती है और प्रत्याशियों को उस ओर ध्यान नहीं देना है। दिशा भ्रम करने के लिए अगर कोई खेल खेलता है तो आपने पार्टी का निष्ठावान कार्यकर्ता होकर काम करना है और आपको किसी बात की चिंता करने की आवश्यकता नहीं है। उन्होंने कहा प्रत्याशियों ने केवल अपना चुनाव लड़ने की तरफ ध्यान देना है। कुछ शरारती तत्वों ने विधानसभा चुनाव में हमें भटकाने की कोशिश की थी, मगर प्रत्याशियों को उनके बहकावे में नहीं आते हुए अपने लक्ष्य को अर्जुन की तरह मछली की आंख पर निगाह रखते हुए चुनाव जीतने पर ध्यान देना है।

मैनें इतने वर्षों से जो मेहनत की है मुझे इस चुनाव में चेयरमैन के अलावा 32 की 32 सीटें भाजपा की झोली में चाहिए= मंत्री अनिल विज कैबिनेट मंत्री अनिल विज ने कहा कि मैनें जो इतने वर्षों से अम्बाला छावनी में विकास हेतु मेहनत की है मुझे इस चुनाव में चेयरमैन के अलावा 32 की 32 सीटें भाजपा की झोली में चाहिए। उन्होंने प्रत्याशियों व कार्यकर्ताओं को कहा कि वह पूरी ताकत के साथ चुनावी मैदान में उतरे। आज अम्बाला छावनी में उत्सव का माहौल, त्यौहार की तरह भाजपा प्रत्याशी नामांकन भरने पहुंचे हैं = मंत्री अनिल विज

कैबिनेट मंत्री अनिल विज ने कहा कि आज पूरी अम्बाला छावनी में उत्सव का माहौल है, चारों तरफ हर दिशा, हर सड़क, हर मार्ग से भाजपा प्रत्याशी कार्यकर्ताओं के साथ झूमते-नाचते-गाते हुए, एक त्यौहार मनाते हुए यहां पर नामांकन करने के लिए पहुंचे हैं। वह भाजपा के सभी उम्मीदवारों को विजयश्री का आर्शीवाद देते हैं। आज सबसे ज्यादा खुशी अनिल विज को है क्योंकि मुझे आज 32 प्रतिनिधि मिलने जा रहे हैं जो विकास के कार्यों में हाथ बंटाएंगे = मंत्री अनिल विज कैबिनेट मंत्री अनिल विज ने कहा कि अभी तक मैं अकेला अपने शहर का विकास करने में कई वर्षों से लगा था और हमने विकास किया भी। हमारे विकास की कहानी स्वयं बोलती है। मगर मुझे हर वार्ड तक काम करने के लिए 32 हाथों की आवश्यकता है क्योंकि गली, मोहल्ले तक काम उन्हें ही करने पड़ रहे हैं। यदि आज कोई सबसे ज्यादा खुश है तो वह अनिल विज है क्योंकि उन्हें आज 32 प्रतिनिधि और मिलने जा रहे हैं जो उनके विकास के कार्यों में हाथ बंटाएंगे।

बिजली, पानी, सड़क व सफाई नगर पालिका का प्रमुख दायित्व है और उन्हें विश्वास है कि चेयरमैन और प्रत्याशी सभी मिलकर काम करेंगे। कैबिनेट मंत्री अनिल विज ने मंच से प्रधानमंत्री मोदी व मुख्यमंत्री के कार्यों की प्रशंसा की कैबिनेट मंत्री अनिल विज ने मंच से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नायब सैनी के कार्यों की प्रशंसा करते हुए कहा कि अम्बाला छावनी में भारतीय जनता पार्टी की सरकार है।



प्रयागराज महाकुंभ में जाने वाले श्रद्धालु जयपुर रेलवे स्टेशन पर एकत्र हुए.



उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रयागराज में श्री शिव सेवा महापुराण कथा में भाग लिया।

# चीन पर सैम पित्रोदा का बयान, गलवान के शहीदों का अपमान : भाजपा

नई दिल्ली (आरएनएस)। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने सोमवार को इंडियन ओवरसीज कांग्रेस के प्रमुख सैम पित्रोदा के बयान को गलवान के शहीदों का अपमान बताया है। पित्रोदा ने कहा था कि भारत को अपनी मानसिकता बदलने की जरूरत है और यह धारणा छोड़ने की जरूरत है कि चीन दुश्मन है। सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत लगातार आगे बढ़ रहा है। लेकिन, कुछ शक्तियां इसे प्रभावित करने में लगी हुई है।

ओवरसीज कांग्रेस के अध्यक्ष सैम पित्रोदा ने आज चीन को लेकर आज जिस प्रकार का बयान दिया है, उससे यह बात बहुत साफ हो गई है कि कांग्रेस पार्टी के चीन के साथ हुए करार का इजहार वो दिनदहाड़े कर दिया है। सांसद त्रिवेदी ने कहा, गंभीर बात ये है कि जिस प्रकार की बात सैम पित्रोदा ने कही है, वो भारत की अस्मिता, कूटनीति और भारत की संप्रभुता पर बहुत गहरा आघात है उन्होंने (पित्रोदा) कहा है कि चीन के साथ तो किसी प्रकार का विवाद ही नहीं है, यानी भारत ही आक्रामक मुद्रा लिए हुए है? भारत सरकार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में विश्व के हर देश के साथ अच्छे और सौहार्दपूर्ण संबंध चाहती है। लेकिन, राष्ट्रीय स्वाभिमान, सुरक्षा और सुदृढ़ता हमारे लिए सर्वोपरि है। भाजपा नेता ने कहा कि इससे पहले कांग्रेस नेता राहुल गांधी भी कई बार इस तरह का बयान दे चुके हैं। राहुल गांधी ने एक विदेशी दौरे में कह दिया था कि चीन ने बेरोजगारी को कम करने में अच्छा काम किया है। पित्रोदा के बयान को उन्होंने गलवान के शहीदों का अपमान बताया। राज्यसभा सांसद ने पूछा, क्या यह गलवान के शहीदों का अपमान नहीं है? गलवान में हमारे सैनिक शहीद हो गए। लेकिन, इसके बावजूद अगर कांग्रेस ओवरसीज प्रमुख इस तरह की भाषा बोलता है, तो यह निंदनीय है। यह भारतीय सेना के बलिदान का घनघोर अपमान है।

आईएएनएस से बातचीत में पित्रोदा ने कहा था कि भारत को अपनी मानसिकता बदलने की जरूरत है और यह धारणा छोड़ने की जरूरत है कि चीन दुश्मन है। चीन से खतरे को अक्सर बढ़ा-चढ़ाकर पेश किया जाता है।

सैम पित्रोदा ने कहा, मुझे नहीं पता कि चीन से क्या खतरा है। मुझे लगता है कि इस मुद्दे को अक्सर जरूरत से ज्यादा बढ़ा-चढ़ाकर पेश किया जाता है, क्योंकि अमेरिका को हमेशा दुश्मन की पहचान करनी होती है।

### वर्क प्लेस पर सीनियर्स की डांट-फटकार पर क्रिमिनल एक्शन नहीं लिया जा सकता: सुप्रीम कोर्ट

नई दिल्ली ,17 फरवरी (आरएनएस)। सुप्रीम कोर्ट ने अहम फैसले के तहत कहा है कि वर्क प्लेस पर सीनियर्स की डांट-फटकार को 'इरादतन अपमान' मानकर उसपर आपराधिक एक्शन नहीं लिया जा सकता है। साथ ही कहा कि ऐसे मामलों में व्यक्तियों के खिलाफ आपराधिक आरोप लगाने की अनुमति देने के नतीजे बुरे साबित हो सकते हैं इससे कार्यस्थल पर आवश्यक अनुशासनात्मक माहौल बिगड़

## स्वदेशी 10-टन वर्टिकल मिक्सर भारत की बढ़ती तकनीकी क्षमता का प्रमाण : इसरो

नई दिल्ली (आरएनएस)। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने सॉलिड मोटर्स के लिए स्वदेशी रूप से विकसित '10-टन प्रोपेलेंट मिक्सर' को भारत की बढ़ती तकनीकी क्षमता का प्रमाण बताया है।

इस प्रोपेलेंट मिक्सर को सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र एसएचएआर, इसरो द्वारा सेंट्रल मैन्युफैक्चरिंग टेक्नोलॉजी इंस्टीट्यूट (सीएमटीआई), बेंगलुरु के सहयोग से विकसित और निर्मित किया गया है। सीएमटीआई भारी उद्योग मंत्रालय के तहत एक प्रमुख अनुसंधान और विकास संगठन है। 10-टन वर्टिकल मिक्सर का वजन लगभग 150 टन है और इसकी लंबाई 5.4 मीटर, चौड़ाई 3.3 मीटर और ऊंचाई 8.7 मीटर है। इसरो ने कहा, स्वदेशी 10-टन वर्टिकल मिक्सर का निर्माण भारत की बढ़ती तकनीकी क्षमता, आत्मनिर्भरता और इनोवेशन के प्रति अटूट प्रतिबद्धता का सच्चा प्रमाण है।एजेंसी ने कहा, अंतरिक्ष विभाग ने 'आत्मनिर्भर अंतरिक्ष' के हिस्से के रूप में क्रिटिकल टेक्नोलॉजीज, सामग्रियों और मशीनरी के स्वदेशी विकास की दिशा में कई पहल की हैं।

यह सॉलिड प्रोपेलेंट की प्रोसेसिंग के लिए दुनिया का सबसे बड़ा वर्टिकल प्रोपेलेंट मिक्सर है। जो कि किसी बड़े तकनीकी चमत्कार से कम नहीं है।



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू नई दिल्ली में राष्ट्रपति भवन में नए स्वरूप में गार्ड परिवर्तन समारोह के उद्घाटन कार्यक्रम की साक्षी बनी।

## नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर प्लेटफॉर्म टिकटों की बिक्री पर रोक

नई दिल्ली (आरएनएस)। नई दिल्ली पर भगदड़ की घटना के बाद प्लेटफॉर्म टिकटों की काउंटर से बिक्री को 26 फरवरी तक के लिए बंद कर दिया गया है। बताया जा रहा है कि भगदड़ के बाद से ह्ष्ठरु पर किसी भी प्लेटफॉर्म टिकट को जारी नहीं किया जा रहा है। दिल्ली पुलिस ने भी रेलवे स्टेशन पर क्राउड मैनेजमेंट के लिए इंस्पेक्टर रैंक के छह अधिकारियों को तैनात किया है। ये अधिकारी पहले से ह्ष्ठरु में कार्य कर चुके हैं, जिनमें से कुछ नई दिल्ली रेलवे पुलिस स्टेशन में स्॥ह्र के पद पर भी रहे हैं। गौर हो कि शनिवार रात को नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर भगदड़ मची थी, जिसके बाद स्टेशन का हालात रोंगटे खड़े कर देने वाले थे। महाकुंभ की तैयारी में स्टेशन पर शाम चार बजे से ही यात्रियों की भीड़ जुटने लगी थी, जिनमें कुछ लोग अपने बच्चों को भी साथ लेकर आए थे। प्लेटफॉर्म नंबर 14 पर इंतजार कर रहे यात्रियों की भीड़ का दबाव दिन-प्रतदिन बढ़ता जा रहा था। इसी के साथ, सटे हुए प्लेटफॉर्म नंबर 13 पर दरभंगा जाने वाली स्वतंत्रता सेनानी एक्सप्रेस के लिए भी भारी भीड़ जमा हो गई थी। दोनों प्लेटफार्मों पर इतनी भीड़ हो गई थी कि पैरों के लिए जगह ही नहीं बची थी।

## चीन दुश्मन नहीं, भारत को बदलना होगा नजरिया : सैम पित्रोदा

नई दिल्ली (आरएनएस)। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और राहुल गांधी के करीबी सैम पित्रोदा ने कहा कि चीन से खतरे को अक्सर बढ़ा-चढ़ाकर दिखाया जाता है। अब समय आ गया है कि हम पड़ोसी देश को पहचानें और उसका सम्मान करें। पित्रोदा ने भारत-चीन संबंधों पर अपनी राय रखते हुए कहा कि भारत को अपनी मानसिकता बदलने की जरूरत है और यह धारणा छोड़ने की जरूरत है कि चीन दुश्मन है।

उन्होंने कहा कि भारत का दृष्टिकोण हमेशा से टकराव वाला रहा है, जो दुश्मनी पैदा करता है। उनका मानना है कि सोचने का यह तरीका बदलना चाहिए, यह जरूरी नहीं कि हम हमेशा चीन को दुश्मन मानें और यह सिर्फ चीन के लिए नहीं बल्कि सभी के लिए होनी चाहिए।

सैम पित्रोदा ने कहा, मुझे नहीं पता कि चीन से क्या खतरा है। मुझे लगता है कि इस मुद्दे को अक्सर जरूरत से ज्यादा बढ़ा-चढ़ाकर पेश किया जाता है, क्योंकि अमेरिका को हमेशा दुश्मन की पहचान करनी होती है।

कांग्रेस नेता ने यह भी कहा कि अब सभी देशों को एक साथ आने का समय है। हमें सीखने, संवाद बढ़ाने, सहयोग करने और मिलकर काम करने की जरूरत है, हमें %कमांड और कंट्रोल% की मानसिकता से बाहर निकलना होगा। उन्होंने कहा, चीन चारों ओर है... चीन बढ़ रहा है... हमें इसे पहचानना और समझना होगा। हर देश आगे बढ़ रहा है, कुछ तेजी से, कुछ धीमे। जो बहुत गरीब हैं, उन्हें तेजी से बढ़ना होगा, और जो संपन्न हैं, उनकी वृद्धि धीमी होगी। जो विकसित हैं, उनकी आबादी बुजुर्ग होगी, जबकि विकासशील देशों की आबादी युवा होगी।

### ब्रिटिश लड़की से गोवा में रेप करके मर्डर के बाद निर्वस्त्र फेंक दिया था शव, 8 साल बाद दोषी को उम्रकैद

पणजी (आरएनएस)। आठ साल पहले गोवा में हुए आयरलैंड (ब्रिटिश) लड़की से रेप और मर्डर के मामले में आज फैसला सुना दिया गया। जिला एवं सत्र न्यायालय ने दोषी को उम्रकैद की सजा सुनाई है। 14 मार्च 2017 को डेनियल मैकलॉघिन का निर्वस्त्र शव गोवा के कैनाकोना गांव के वन क्षेत्र में मिला था। उस समय डेनियल 28 वर्ष की थीं। पोस्टमार्टम से पता चला कि उसकी हत्या से पहले बलात्कार किया गया था।

गोवा की अदालत ने 2017 के डेनियल मैकलॉघिन के रेप-मर्डर कांड में 31 वर्षीय आरोपी विकट भगत को दोषी पाया था जिसे आज सजा सुनाई गई। 28 वर्षीय पीड़िता, जो ब्रिटिश-आयरिश दोहरी नागरिकता वाली थी, फरवरी 2017 में एक दोस्त के साथ छुट्टियां मनाने गोवा आई थी। डेनियल लिवरपूल जॉन मूरेस यूनिवर्सिटी की पूर्व छात्रा थी




दिल्ली पुलिस आयुक्त संजय अरोड़ा नई दिल्ली के परेड ग्राउंड में दिल्ली पुलिस स्थापना दिवस परेड के दौरान गृह रा%य मंत्री नित्यानंद राय को स्मृति चिन्ह भेंट करते हुए।




कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई ने गुवाहाटी के दिसपुर में मनबेंद्र शर्मा कॉम्प्लेक्स में असम प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अल्पसंख्यक विभाग द्वारा आयोजित संविधान बचाओ, लोकतंत्र बचाओ विषय पर एक सेमिनार को संबोधित किया।

## दिल्ली चुनाव में भाजपा और आप की सरकारी छत्रछाया हावी होने के कारण बसपा को नहीं मिले नतीजे : मायावती

लखनऊ (आरएनएस)। बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने सोमवार को दिल्ली विधानसभा चुनाव के नतीजे तथा बसपा मूवमेंट के हित के खास मुद्दों को लेकर दिल्ली व अन्य पड़ोसी राज्यों के वरिष्ठ पदाधिकारियों की एक बैठक कर जरूरी दिशा-निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि दिल्ली चुनाव में भाजपा व आप पार्टी की सरकारी छत्रछाया ज्यादातर हावी रहने के कारण बसपा को अपेक्षित परिणाम नहीं मिल सका। मायावती ने कहा कि दिल्ली चुनाव में दो पार्टियों के बीच राजनीतिक द्वेष, छल व चुनावी छलावा होने के कारण यहां के बहुजनों की स्थिति बदतर रहकर सही से सुधरने वाली नहीं लगती है। अर्थात् लोगों को उनके अपने थोड़े अच्छे दिन के लिए आगे भी तरसते रहना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि दिल्ली विधानसभा चुनाव भी, हरियाणा की तरह ही था। यहां बसपा के लोगों ने पूरी दमदारी के साथ संघर्ष किया। लेकिन विरोधी पार्टियों की जबरदस्त राजनीतिक चालबाजी व जुमलेबाजी के कारण भाजपा व आप पार्टी की सरकारी छत्रछाया ज्यादातर हावी रही और इस कारण बसपा को अपेक्षित परिणाम नहीं मिल सका। लोगों को इससे निराश न होकर अपने आत्म-सम्मान का अम्बेडकरवादी संघर्ष पूरे तन, मन, धन से जारी रखना है। बसपा प्रमुख ने कहा कि यह पार्टी एक ऐसी अम्बेडकरवादी सोच-सिद्धांत वाली पार्टी है जिसने अपने संघर्ष के बल पर अनेकों राजनीतिक व चुनावी सफलताएं प्राप्त की हैं। उन्होंने कहा कि अमेरिका में अवैध प्रवासी बताकर सैकड़ों भारतीयों को हथकड़ी व पांव में बेड़ी डालकर लगातार घर वापस किए जाने की घटना अति-दुखद व चिंतनीय है। मायावती ने कहा कि अमेरिका से यह खबर काफी चौंकाने वाली है कि भारत के वोटरों की संख्या को बढ़ाने के नाम पर 21 मिलियन डॉलर की भारी भरकम धनराशि मिलती रही है। देश के लोगों को इससे जरूर चौकन्ना हो जाना चाहिए कि कहीं यह स्वतंत्र व निष्पक्ष चुनाव में हस्तक्षेप तो नहीं है और अगर है तो इससे किसको लाभ मिलता रहा है। अगले माह 15 मार्च को बहुजन समाज पार्टी के जन्मदाता एवं संस्थापक बहुजन नायक कांशीराम की जयंती के बारे में उन्होंने कहा कि इस बार दिल्ली प्रदेश के लोग नोएडा नहीं जाकर नई दिल्ली में स्थित बहुजन प्रेरणा केन्द्र में श्रद्धा सुमन करेंगे। ऐसे ही नौ अक्टूबर को उनके निर्वाण दिवस पर होने वाला श्रद्धा-सुमन अर्पित कार्यक्रम भी दिल्ली प्रदेश के लोग नई दिल्ली बहुजन प्रेरणा केंद्र में ही आयोजित करेंगे,



ये रिश्ता क्या कहलाता है टीवी सीरियल ने कई कलाकारों को प्रसिद्धि दिलाई है और मौजूदा लीड - रोहित पुरोहित और समृद्धि शुक्ला - भारत के टेलीविजन पर सबसे पसंदीदा जोड़ियों में से हैं। दिलचस्प बात यह है कि एक नई एंट्री ने शो में और भी रोमांच और तड़का लगा दिया है। सिद्धार्थ शिवपुरी रूप कुमार के रूप में ये रिश्ता क्या कहलाता है में शामिल हुए हैं।

जबलपुर दिन गुरूवार 20 फरवरी 2025

दैनिक क्षितिज किरण 6

# पर्सनल स्टाइल पर खूब प्रयोग करती हैं जैकलीन, बताया पर्दे पर निभाना चाहती हैं किस फैशन आइकन की भूमिका



अभिनेत्री जैकलीन फर्नांडीज ने समाचार एजेंसी से बात की। उन्होंने न केवल फैशन और काम को लेकर बात की, बल्कि बताया कि वह पर्दे पर फ्रांसीसी फैशन डिजाइनर कोको चैनल की भूमिका निभाना चाहती हैं।

चंडीगढ़ में ब्लेंडर्स प्राइड फैशन टूर में डिजाइनर कनिका गोयल के लिए रैंप पर उतरीं जैकलीन ने कहा, मुझे लगता है कि फैशन का मतलब रचनात्मक होने के साथ यूनिक होना है। आप फैशन के साथ हर दिन खुद के होने का जश्न मनाते हैं। फैशन खूबसूरत और पॉजिटिव चीज है।

यह पूछे जाने पर कि क्या उन्हें स्क्रीन पर एक फैशन आइकन की भूमिका निभानी है। अभिनेत्री ने कहा, हां मैं 'कोको चैनल' की भूमिका निभाना चाहूंगी।

अभिनेत्री ने आगे बताया, जब ड्रेसिंग या कैजुअल होने के बीच चयन की बात आती है तो सब कुछ मूड पर निर्भर करता है। मुझे अक्सर मूड स्विंग्स होते हैं। मैं ज्यादातर समय कैजुअल में रहती हूं। मेरे कई स्टाइलिस्ट्स मुझसे कहते हैं, जैकी, आपका वॉर्डरोब बहुत साधारण है! क्योंकि मुझे हमेशा स्टाइल किया जाता है, इसलिए मैं अपने कपड़ों को लेकर ज्यादा परेशान नहीं होती हूं, वे सामान्य से ही अच्छे लगते हैं।

अभिनेत्री ने आगे बताया, मुझे एक बहुत अच्छी, हॉट ड्रेस पहननी हो और मौज-मस्ती करनी हो या फिर जब बात रेड कार्पेट या खासकर स्टेज पर जाने की बात आती है तो मुझे स्टेज के लिए तैयार होना बहुत पसंद है। हालांकि, मैं 90 प्रतिशत समय में कैजुअल रहती हूं।

अभिनेत्री ने बताया कि वह अपने फैशन के साथ बहुत प्रयोग करती हैं। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि मैं पहले अपने पर्सनल स्टाइल, अपने पर्सनल फैशन के साथ बहुत प्रयोग करती थी और अब मैं इन चीजों को लेकर सहज महसूस करती हूं और इसी कड़ी में मैं खुद को समझने लगी हूं।

### राम गोपाल वर्मा की पैन इंडिया फिल्म साड़ी का दूसरा गाना येगिरे गुव्वालागा रिलीज

राम गोपाल वर्मा की नवीनतम फिल्म सारी की लॉगलाइन: टू मच लव कैन बी स्केरी। गिरि कृष्णकमल द्वारा निर्देशित, प्रमुख व्यवसायी रविशंकर वर्मा आरवी-आरवी प्रोडक्शंस के एलएलपी बैनर द्वारा निर्मित है। यह फिल्म तेलुगु, हिंदी, तमिल और मलयालम में पैन इंडिया मूवी के रूप में रिलीज होगी। सारी फिल्म एक मनोवैज्ञानिक थ्रिलर के रूप में बनाई जा रही है, जिसमें सत्य यदु और आराध्या देवी की नायिकाओं के रूप में कई वास्तविक जीवन की घटनाओं का साक्ष्य है। आरजीवी डेन में सारी का दूसरा गीतात्मक वीडियो गीत आज जारी किया गया है।

राम गोपाल वर्मा ने बताया कि आरजीवी डेन म्यूजिक का दूसरा गीत आज रिलीज हो गया है।

# निकिता दत्ता ने बॉडीकॉन आउटफिट पहन सोशल मीडिया का बढ़ाया पारा, सिजलिंग लुक देख फैंस का मचला दिल



बॉलीवुड एक्ट्रेस निकिता दत्ता आज किसी भी पहचान की मोहताज नहीं हैं। उन्होंने अपनी बोल्डनेस और हॉटनेस से फैंस को इस कदर दीवाना बनाया हुआ है कि लोग उनकी तारीफों के पुल बांधते नहीं थकते हैं। अब हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें फैंस के बीच साझा की हैं। इन तस्वीरों में उनका किलर लुक देखकर फैंस एक बार फिर से मदहोश हो गए हैं।

कबीर सिंह फिल्म में अपनी दमदार एक्टिंग से लोगों के दिल जीतने वाली एक्ट्रेस निकिता दत्ता हमेशा अपने लुक्स के कारण चर्चाओं में रहती हैं। उनका बोल्ड और कातिलाना अवतार इंटरनेट पर आते ही तेजी से वायरल होने लगता है।

अब हाल ही में एक्ट्रेस निकिता दत्ता ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें फैंस के बीच साझा की हैं। इन तस्वीरों में उनका कातिलाना अवतार देखकर फैंस एक बार फिर से बेकाबू हो गए हैं।

फोटोज में आप देख सकते हैं एक्ट्रेस निकिता दत्ता ने येलो कलर का गाउन पहना हुआ है, जिसमें वो कैमरे के सामने एक से बढ़कर एक पोज देती हुई नजर आ रही हैं। उनका कातिल अवतार देखकर फैंस दीवाने हो गए हैं।

निकिता दत्ता की इन फोटोज में आप देख सकते हैं एक्ट्रेस ने खुले बाल, ग्लैम मेकअप कर और ग्लोसी लिप्सटिक लगाकर अपने आउटलुक को बेहद ही शानदार तरीके से निखारा है।

एक्ट्रेस निकिता दत्ता सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। वो जब भी अपनी फोटोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो फैंस उनकी हर एक फोटोज पर लाइक्स और कॉमेंट्स करते नहीं थकते हैं। निकिता दत्ता की इन तस्वीरों में आप देख सकते हैं एक यूजर ने कॉमेंट करते हुए लिखा है- अडोरेबल। दूसरे यूजर ने लिखा है- गॉर्जियस। तीसरे यूजर ने लिखा है- टू मच हॉट टू हेंडल। अन्य यूजर ने लिखा है- बोल्ड एंड ब्यूटिफुल।

### इडली कड़ाई का नया पोस्टर जारी, बॉक्सर बने अरुण विजय, धनुष का भी दिखा दमदार अंदाज

धनुष अभिनीत इडली कढ़ाई के निर्माताओं ने फिल्म से एक नया लुक जारी किया है, जिसमें अभिनेता अरुण विजय मुख्य भूमिका में हैं। हालांकि, इस बात की अटकलें लगाई जा रही थीं कि अभिनेता अरुण विजय फिल्म में एक किरदार निभाएंगे, लेकिन अब यह पुष्टि हो गई है। अब निर्माताओं ने फिल्म में अरुण विजय की मौजूदगी की पुष्टि की है, नए पोस्टर में उन्हें एक मुक्केबाज की भूमिका में दिखाया गया है। इसके अलावा, उसी लुक में धनुष को उनके कोच के रूप में भी दिखाया गया है, जो फिल्म के पिछले सभी पोस्टर से अलग है। सोशल मीडिया पर नया लुक साझा करते हुए निर्माताओं ने लिखा, यहां हम चलते हैं, घर में एक साथ अरुण विजय। इडली कढ़ाई। निर्माताओं ने एक बार फिर फिल्म की रिलीज की तारीख 10 अप्रैल, 2025 की पुष्टि की। फिल्म इडली कढ़ाई धनुष की चौथी निर्देशित फिल्म है, इससे पहले वे पा पांडी, रेयान और नीक जैसी फिल्में बना चुके हैं। इस फिल्म में धनुष भी मुख्य भूमिका में हैं और इसे एक फील-गुड ड्रामा बताया जा रहा है।

इससे पहले निर्माताओं ने फिल्म के आधिकारिक लुक का अनावरण किया था, जिसमें धनुष और नित्या मेनन की जोड़ी को दिखाया गया था, जहां पहले के लुक में फिल्म को गांव की पृष्ठभूमि में दिखाया गया था, वहीं नए पोस्टर में फिल्म का अलग रूप देखने को मिला है। नित्या मेनन और अरुण विजय के अलावा फिल्म में शालिनी पांडे, प्रकाश राज, राज किरण और कई अन्य कलाकार भी प्रमुख भूमिकाओं में हैं।

अक्तूबर में नित्या मेनन ने घोषणा की थी कि वह इस फिल्म में धनुष के साथ अभिनय करेंगी। थिरुचित्रम्बलम के बाद यह उनका दूसरा सहयोग है। इडली कढ़ाई 10 अप्रैल, 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। वहीं, धनुष के वर्कफ्रंट की बात करें तो अभिनेता को आखिरी बार रायन में दिखा गया था। अब अभिनेता के पास कई परियोजनाएं हैं। धनुष के पास शेखर कम्मुला की कुबेर है, जिसमें रश्मिका मंदाना और अक्किनेनी नागार्जुन शामिल हैं।

# छावा ने ओपनिंग डे पर स्काई फोर्स-गली बॉय को चटाई धूल, बनी 2025 और वेलेंटाइन डे रिलीज की बिगेस्ट ओपनर

मूवी लवर्स के लिए इस साल का वेलेंटाइन डे धमाकेदार रहा. 14 फरवरी को सिनेमाघरों में विक्की कौशल और रश्मिका मंदाना की हिस्टोरिकल पीरियड ड्रामा फिल्म छावा रिलीज हुई और पहले ही दिन लोगों के दिलों पर छा गई. लक्ष्मण उटेकर की निर्देशित फिल्म छावा ने बॉक्स ऑफिस पर धूम मचा दी और खुद को 2025 की सबसे बड़ी ओपनिंग फिल्म बनकर उभरी. इतना ही नहीं, यह वेलेंटाइन डे रिलीज की भी सबसे बड़ी ओपनर फिल्म बनी है.

विक्की कौशल की नई फिल्म ने ओपनिंग डे पर बॉक्स ऑफिस पर शानदार शुरुआत की है. इसने पहले ही दिन 30 करोड़ से ज्यादा की कमाई की है. ट्रेड एनालिस्ट तरण आदर्श के अनुसार, छावा ने घरेलू बॉक्स ऑफिस पर 33.10 करोड़ रुपये (नेट) कमाए हैं. विक्की कौशल की फिल्म इस साल रिलीज हुई अक्षय कुमार की फिल्म स्काई फोर्स को पीछे छोड़ 2025 की सबसे बड़ी ओपनिंग फिल्म बन गई है. गणतंत्र दिवस के मौके पर रिलीज हुई स्काई फोर्स ने पहले दिन 15.30 करोड़ रुपये कमाई की थी. छावा ने अक्षय कुमार-वीर पहाड़िया की फिल्म से दोगुना कमाई की है.

इसके साथ ही छावा विक्की कौशल की अब तक की सबसे बड़ी ओपनर भी बन गई है. इसने कौशल की हिट फिल्म उरी: द सर्जिकल स्ट्राइक को भी पीछे छोड़ दिया है, जिसने पहले दिन 8.20 करोड़ रुपये कमाए थे.

इसके अलावा, छावा ने वेलेंटाइन डे रिलीज की सबसे बड़ी ओपनर फिल्म का भी खिताब अपने नाम किया है. विक्की-रश्मिका की फिल्म ने रणवीर सिंह और आलिया भट्ट की फिल्म गली बॉय को भी पीछे छोड़ दिया है. रिपोर्ट के मुताबिक, 2019 में 14 फरवरी को रिलीज हुई गली बॉय ने ओपनिंग डे पर 19.40 करोड़ रुपये का बिजनेस किया और बिगेस्ट वेलेंटाइन डे रिलीज की टॉप ओपनर फिल्म बन गई थी. तब से कोई भी फिल्म गली बॉय को पछाड़ बनी पाई थी. लेकिन इस साल छावा ने इस रिकॉर्ड को तोड़ दिया और सबसे बड़ी वेलेंटाइन डे रिलीज का खिताब अपने नाम किया. भारतीय बॉक्स ऑफिस पर छावा हॉलीवुड फिल्म कैप्टन अमेरिका: ब्रेव न्यू वर्ल्ड, लवयापा, बैडस रवि कुमार और सनम तेरी कसम री-रिलीज जैसी होल्डओवर रिलीज को टक्कर देने उतरी है.

छावा एक हिस्टोरिकल पीरियड ड्रामा फिल्म है. यह भारत के सबसे महान योद्धाओं में से एक छत्रपति शिवाजी महाराज के पुत्र, मराठा राजा संभाजी के जीवन पर आधारित है. इसे इसी शीर्षक वाले मराठी उपन्यास से रूपांतरित किया गया है. उपन्यास शिवाजी सावंत ने लिखा था.

छावा में विक्की कौशल के साथ, महारानी येसुबाई के रूप में रश्मिका मंदाना, सर-सेनापति हंबीराव मोहिते के रूप में आशुतोष राणा, औरंगजेब के रूप में अक्षय खन्ना और सोयराबाई के रूप में दिव्या दत्ता शामिल हैं.

### 28 फरवरी को रिलीज होगी वेब सीरीज सुजल-2, विक्रम-वेधा फेम पुष्कर-गायत्री ने पोस्टर शेयर कर कहा धन्यवाद

'विक्रम-वेधा' फिल्म के निर्माता पुष्कर और गायत्री द्वारा निर्मित इस वेब सीरीज का दूसरा सीजन दर्शकों के लिए ओटीटी पर रिलीज होने वाली है। सुजल 2 में कथिर और ऐश्वर्या राजेश बतौर मुख्य भूमिका में नजर आने वाले हैं। आइए जानते हैं इसे कब और कहां आप देख सकते हैं।

'सुजल' वेब सीरीज का दूसरा सीजन 'सुजल- द वोर्टेक्स' जिसे 28 फरवरी को अमेजन प्राइम विडियो पर रिलीज किया जाएगा। यह तमिल, तेलुग, मलयालम, कन्नड़ सहित हिंदी भाषा में भी रिलीज किया जाएगा। थ्रिलर और संस्पेंस जॉनर के शौकीनों को यह सीरीज पसंद आ सकती है। इसके रिलीज पोस्टर को निर्माता गायत्री और पुष्कर ने अपने एक्स अकाउंट पर भी शेयर किया है।

सुजल के पहले सीजन के बाद से इसके दूसरे सीजन का लोग बहुत बेसब्री से इंतजार कर रहे थे। इसकी कहानी अष्टाकाली उत्सव पर आधारित है।

# अंगूरों से करें त्वचा की देखभाल, बढ़ेगी चेहरे की चमक और मिलेंगे ये अन्य स्वास्थ्य लाभ



अंगूर एक खट्टा-मीठा फल होता है, जो बच्चों से लेकर बड़ों तक सभी को पसंद आता है। यह फल एंटीऑक्सिडेंट, मिनरल और विटामिन आदि से समृद्ध होता है और हड्डियों को मजबूत बनाने में मदद करता है।

अंगूर के जरिए आप अपनी त्वचा की देखभाल कर सकते हैं और उसे चमकदार और स्वस्थ बना सकते हैं।

आइए इस लेख में जानते हैं कि इस फल के जरिए त्वचा की देखभाल करने से हमारी त्वचा को क्या लाभ मिल सकते हैं।

त्वचा बनती है चमकदार और साफ

कई लोगों की त्वचा पर प्रदूषण या अन्य कारकों के चलते झाइयां या रंजकता होने लगती है। ऐसे में आपको अपने चेहरे पर अंगूर लगाकर अपनी त्वचा की देखभाल करनी चाहिए।

इस फल में मौजूद पोषक तत्व काले दाग-धब्बों और असमान रंगत को कम करने में मदद कर सकते हैं। इतना ही नहीं, अंगूर के जरिए आपको चमकदार और निखरी हुई त्वचा भी मिल सकती है।

इससे त्वचा में प्राकृतिक चमक आती है और दाग-धब्बे हल्के हो जाते हैं।

बढ़ती उम्र के लक्षण होते हैं कम

अगर आपके चेहरे पर समय से पहले बुढ़ापे के लक्षण नजर आने लगे हैं तो अंगूर आपके लिए उपयोगी हो सकते हैं।

इस फल में मौजूद रेस्वेराट्रोल जैसे शक्तिशाली एंटीऑक्सीडेंट के कारण यह झुर्रियों और दाग-धब्बों का कारण बनने वाले मुक्त कणों से लड़ता है।

अंगूर कोलेजन को भी बढ़ाता है, जिससे त्वचा जवान दिखाई देती है। अगर आप इस फल के जरिए त्वचा की देखभाल करेंगे तो आपको महीन रेखाओं, झुर्रियों और झाइयों से छुटकारा मिल जाएगा।

मुंहासों से मिलता है छुटकारा

अंगूर को त्वचा की देखभाल का हिस्सा बनाने से जिद्दी दाग-धब्बे और मुंहासे भी दूर हो सकते हैं। इसके एंटी-बैक्टीरियल और एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण मुंहासे पैदा करने वाले बैक्टीरिया से लड़ते हैं।

इसके परिणामस्वरूप त्वचा गहराई से साफ हो जाती है और मुंहासे निकलने का खतरा कम हो जाता है।

इस फल के जरिए आप त्वचा को एक्सफोलिएट भी कर सकते हैं, जिससे रोमछिद्रों की सफाई होगी, ब्लैकहेड्स साफ होंगे और मुंहासे ठीक हो जाएंगे। सूरज से निकलने वाली अल्ट्रा वॉयलेंट (ङ्क) किरणें त्वचा के लिए हानिकारक होती हैं। ज्यादा देर तक धूप के संपर्क में रहने से त्वचा जल सकती है या टैनिंग हो सकती है। ऐसे में आप धूप की क्षति से सुरक्षित रहने के लिए अंगूर का इस्तेमाल कर सकते हैं। अंगूर में मौजूद एंटीऑक्सीडेंट त्वचा पर धूप की क्षति के खिलाफ सुरक्षा की एक अतिरिक्त परत बनाते हैं।

# अपने दिमाग को तेज करने के लिए करें ये 5 एक्सरसाइज, मानसिक स्वास्थ्य भी होगा दुरुस्त



दिमाग को तेज करने और मानसिक स्वास्थ्य को बनाए रखने में एक्सरसाइज एक अहम भूमिका निभाती हैं। नियमित शारीरिक गतिविधि न केवल शरीर को फिट रखती है, बल्कि मस्तिष्क की कार्यक्षमता को भी बढ़ाती है।

दिमाग वाली एक्सरसाइज करना तनाव को कम करने, ध्यान केंद्रित करने और याददाश्त को सुधारने में मदद करता है।

आज हम आपको 5 ऐसी एक्सरसाइज बताने वाले हैं, जिनके जरिए आपका दिमाग तेज हो सकता है।

योगासन से दिमाग को करें सक्रिय शीर्षासन और सर्वांगासन जैसे योगासन मस्तिष्क में रक्त प्रवाह को बढ़ाते हैं। इनके जरिए मानसिक सतर्कता और ध्यान केंद्रित करने की क्षमता में सुधार होता है।

ये आसन तनाव को कम करने में मदद करते हैं, जिससे मन शांत रहता है। इन्हें सुबह के समय खाली पेट करना सबसे अच्छा रहता है।

शुरुआत में किसी प्रशिक्षक की देख-रेख में इनका अभ्यास करना चाहिए, ताकि सही तकनीक सीखी जा सके और किसी भी प्रकार की चोट से बचा जा सके।

एरोबिक एक्सरसाइज से पाएं मानसिक लाभ

दौड़ना, साइकिल चलाना या तैराकी जैसी एरोबिक एक्सरसाइज दिमाग के लिए बेहद फायदेमंद होती हैं। ये एक्सरसाइज हृदय गति को बढ़ाती हैं, जिससे मस्तिष्क तक ऑक्सीजन का प्रवाह बेहतर होता है। इससे याददाश्त और सीखने की क्षमता भी सुधर जाती हैं। इसके अलावा, एरोबिक एक्सरसाइज करने से तनाव कम होता है और मूड भी बेहतर होता है।

नियमित रूप से इनका अभ्यास करने से मानसिक स्वास्थ्य में सुधार आता है और व्यक्ति अधिक सतर्क महसूस करता है।

ध्यान लगाने से मन को मिलेगी शांति

ध्यान या मेडिटेशन मानसिक स्वास्थ्य के लिए बहुत जरूरी है। यह तनाव कम करके मानसिक स्पष्टता और एकाग्रता को बढ़ाता है। रोजाना 10-15 मिनट ध्यान लगाने से दिमाग को शांत रखने में मदद मिलती है, जिससे आप दिनभर तरो-ताजा महसूस कर सकते हैं।

इसे करने के लिए एक शांत जगह चुनें और आरामदायक स्थिति में बैठें। धीरे-धीरे गहरी सांस लें और अपने विचारों को नियंत्रित करने की कोशिश करें।

इसके नियमित अभ्यास से जल्दी असर दिखने लगता है।

दिमाग वाले खेल भी होंगे मददगार

पहेलियां हल करना या शतरंज खेलना दिमागी कसरत के बेहतरीन तरीके हो सकते हैं। ये खेल समस्या समाधान के कौशल और सोच को विकसित करते हैं, जिससे मस्तिष्क हमेशा सक्रिय रहता है।

पहेलियों को सुलझाने से ध्यान केंद्रित करने की क्षमता बढ़ती है और शतरंज खेलने से रणनीतिक सोच में सुधार होता है।

## शब्द सामर्थ्य -329

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं :**
1. अनुचित, असत्य, जो ठीक न हो 3. बेवजह, बिनाकारण, व्यर्थ 4. हल्कीनींद, चकमा, धोखा 6. शक्कर पानी आदि का मीठा घोल 10. सोते से उठाना, सावधान करना, प्रदीप्त करना 11. चरमसीमा, सीमांत 14. पानी, आंसू 15. बैठा हुआ, विराजित 16. नृत्य 17. मृतप्राय, मृत्यु के करीब 19. जल, अम्बु 22. उपहार, भेंट 23. खबर, संदेश।

**ऊपर से नीचे**
1. गणपतिजी, 2. मांगनेवाला, पाने की इच्छा करने वाला 3. मिट्टी के रंग का, मटमैला 5. चला आता हुआ क्रम प्रथा, प्रणाली, रीति-रीवाज, 7. निशाचर, रात में विचरण करने वाला 8. पेड़ का धड़ा जहां से शाखाएं निकलती हैं, 9. मिठाई, खाने की मीठी चीज 12. शासन, गुलबात 13. श्रद्धा, स्त्री, जयशंकर प्रसाद द्वारा रचित प्रसिद्ध महाकाव्य 15. विपत्तिग्रस्त, दुखी, अभागा 16. प्रसिद्ध, नामवर 18. स्वप्न, ख्वाब 20. करीब, नजदीक, समीप 21. सुबह, प्रात:, सवेरा।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | ■ | ■ | ■ | 3 | | |
| | ■ | | ■ | 4 | 5 | | ■ | ■ |
| 6 | 7 | | 8 | ■ | | ■ | ■ | 9 |
| ■ | 10 | | | ■ | 11 | 12 | 13 | |
| ■ | 14 | | ■ | 15 | | | | |
| 16 | | ■ | ■ | | ■ | ■ | | ■ |
| 17 | | | 18 | | ■ | 19 | | ■ |
| | ■ | ■ | | ■ | 20 | ■ | ■ | 21 |
| 22 | | | | ■ | 23 | | | |

### शब्द सामर्थ्य क्रमांक 328 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | भि | षे | क | ■ | प | स | ■ | ■ |
| जा | त | ■ | थ | प | थ | पा | ना | ■ |
| य | र | का | नी | ■ | भ्र | ■ | र | श्मि |
| ब | घा | र | ■ | क | ष्ट | प्र | द | ■ |
| ■ | त | ना | त | नी | ■ | र्व | ■ | ब |
| अ | ■ | मा | ■ | ज | मा | त | ■ | ल |
| स | आ | ■ | ■ | ■ | ■ | क | ज | रा |
| बा | ■ | बे | स | हा | रा | ■ | ग | म |
| ब | गु | ला | ■ | रा | ज | दू | त | ■ |



जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )। थाना पनागर में मनोज नामदेव उम्र 26 वर्ष निवासी प्रोफेसर कालोनी करमेता ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि आज वह अपनी मां ललता नामदेव, दोस्त महेन्द्र पटैल तथा अजीत पटेल के साथ 2 मोटर सायकल से मजदूरी करने बुढागर गोसलपुर जा रहे थे उसकी मोटर सायकल मे अजीत एवं महेन्द्र की मोटर सायकल उसकी मां ललता पीछे बैठी थीं सुबह लगभग 7 बजे जैसे ही कुशनेर ब्रिज के पास पहुँचे पीछे से आ रही मोटर सायकल क्रमांक एमपी 20 जेड क्यू 9033 का चालक मोटर सायकल को तेज गति लापरवाही से चलाते हुये आया

# 2047 के विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने वाला है बजट -पंकज चौधरी

## केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री ने बजट संगोष्ठी में किया प्रबुद्ध वर्ग को संबोधित





जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। केन्द्रीय बजट ऐतिहासिक और प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के 2047 के विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने वाला बजट है। देश की अर्थव्यवस्था के नये आयाम को स्वरूप देगा। केंद्रीय बजट संपूर्ण भारत के समग्र विकास की परिकल्पना को साकार करने वाला है। केंद्र सरकार के बजट में देश के हर वर्ग व हर क्षेत्र के विकास व आर्थिक सशक्तिकरण के लिए प्रावधान किए गए हैं, यह बात केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री श्री पंकज चौधरी ने भारतीय जनता पार्टी जबलपुर द्वारा आयोजित बजट संगोष्ठी में प्रबुद्ध वर्ग को संबोधित करते हुए शहीद स्मारक प्रेक्षागृह गोलबाजार में कही।

इस अवसर पर राज्यसभा सांसद श्रीमती सुमित्रा वाल्मिकी, सांसद श्री आशीष दुबे, प्रदेश कोषाध्यक्ष श्री अखिलेश जैन, नगर अध्यक्ष श्री रत्नेश सोनकर, ग्रामीण अध्यक्ष श्री राजकुमार पटेल, महापौर श्री जगत बहादुर सिंह अन्नू, विधायक श्री अजय विश्नोई, श्री अशोक रोहाणी, श्री अभिलाष पांडे, श्री नीरज सिंह, श्री संतोष बरकड़े, प्रदेश मंत्री श्रीमती नंदनी मरावी, तेलघानी बोर्ड अध्यक्ष रविकिरण साहू, नगर निगम रिकूंज विज मंचासीन थे।

केंद्रिय मंत्री श्री चौधरी ने कहा केंद्र सरकार का यह बजट प्रधानमंत्री जी के मूल मंत्र सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास को चरितार्थ करने वाला बजट है। यह बजट प्रधानमंत्री जी चार जातियां जिन्हें ज्ञान कहा जाता है, यानी गरीब, युवा, अन्नदाता और नारी शक्ति के विकास, कल्याण और आर्थिक सशक्तिकरण के लिए कई प्रावधान किए गए हैं। उन्होंने कहा बजट बनाना अपने में कठिन टास्क होता है, बजट के वाले 8 माह पहले इसकी तैयारी करना होती है। बजट तो देश का बनता है पर देश के साथ ही दुनिया की गतिविधियों को भी ध्यान में रखना होता है।

देश की चार जातियों को केंद्रित कर बनाया बजट

श्री चौधरी ने कहा प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी अक्सर चार जातियों गरीब, युवा, अन्नदाता और नारी शक्ति के कल्याण की बात करते हैं और बजट इसी ज्ञान पर केंद्रित है। केंद्र सरकार का बजट इन चारों जातियों का सशक्तीकरण करने वाला है। 2014 में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व वाली केंद्र में सरकार बनी थी। उस समय केंद्र सरकार का बजट करीब 16 लाख करोड़ का था। इस साल का बजट करीब 50 लाख करोड़ का है, जो 2013-14 की तुलना में तीन गुना से अधिक है। जिस तेजी के साथ हमारे बजट का आकार बढ़ा है, वो ये दिखाता है कि भारत की अर्थव्यवस्था बीते एक दशक में कितनी तेजी से आगे बढ़ी है और इसीलिए मध्यम वर्ग, उद्योगपति, देश की अर्थव्यवस्था में योगदान देने वाले व्यापारी वर्ग समेत अन्य वर्गों का ध्यान भी बजट में रखा गया है। उन्होंने कहा प्रधानमंत्री आवास योजना के जरिए गरीबों को पक्के आवास देने का मामला हो या जल जीवन मिशन के जरिए देशभर में हर घर को नल से जल उपलब्ध कराने का मामला हो, सभी योजनाओं को और गति से पूरा करने का प्रावधान किया गया है। देश के विकास के लिए रोजगार और उद्योगों को बढ़ावा देने के साथ इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट पर भी जोर दिया गया है।

बजट में गरीबों के सशक्तीकरण पर जोर

श्री चौधरी ने कहा गरीब कल्याण के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी की सरकार द्वारा शुरू की गई योजनाएं कितनी प्रभावी रही हैं, इसका अंदाज इस तथ्य से लगाया जा सकता है कि बीते सालों में देश में 25 करोड़ लोग गरीबी रेखा से बाहर आए हैं। दुनिया के अन्य देश इन योजनाओं का अध्ययन कर रहे हैं। मोदी सरकार के नए बजट में भी गरीबों के सशक्तीकरण का पूरा ध्यान रखा गया है। कोविड में शुरू की गई 80 करोड़ लोगों को मुफ्त राशन उपलब्ध कराने की योजना को चालू रखा गया है। आयुष्मान भारत योजना में मुफ्त उपचार के अलावा 200 जिला अस्पतालों में डे केयर सेंटर भी बनाए जा रहे हैं। गिग वर्कर्स को ई-श्रम पोर्टल के माध्यम से हितलाभ दिये जा रहे हैं। प्रधानमंत्री आवास योजना में 3 करोड़ नए घर उपलब्ध कराने का लक्ष्य रखा गया है, जिसके लिए बजट में 78 हजार करोड़ का प्रावधान किया गया है। पीएम विश्वकर्मा योजना में छोटे कारीगरों के लिए 5100 करोड़ का बजट रखा गया है।

कृषि और किसानों का कल्याण हमारी सरकार का लक्ष्य


उन्होंने कहा अन्नदाता के जीवन को बेहतर बनाने तथा कृषि को लाभ का धंधा बनाने के लिए मोदी सरकार ने कई कदम उठाए हैं। नए बजट में पीएम धन धान्य योजना शुरू की गई है, जिसका लाभ देश के 100 जिलों के 1.70 करोड़ लोगों को मिलेगा। दालों के उत्पादन में आत्मनिर्भरता के लिए योजना शुरू की जा रही है, वहीं मखाना बोर्ड का गठन किया जा रहा है। किसान क्रेडिट कॉर्ड पर लोन की लिमिट को पांच लाख रुपये तक बढ़ा दिया गया है। मछली पालन और उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए कई कदम उठाए गए हैं। वहीं, किसानों के लिए डिजिटल एग्री मिशन शुरू किया जा रहा है, जिसमें किसानों की डिजिटल आईडी बनाई जाएगी। इससे उन्हें अपनी उपज कहीं भी बेचने में आसानी होगी तथा बड़ी संख्या में युवाओं को रेजगार भी मिलेगा। पशुपालन एवं दुग्ध उत्पादन को प्रोत्साहन देने के लिए गोकुल मिशन शुरू किया जा रहा है तथा एग्री इन्फ्रा फंड का प्रावधान भी किया जा रहा है।

महिलाओं और युवाओं के सर्वांगीण विकास पर जोर

मोदी सरकार ने महिलाओं और युवाओं के सर्वांगीण विकास के लिए बजट में प्रावधान किए है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार ने बीते सालों में महिलाओं के सशक्तीकरण के लिए जो कदम उठाए हैं, उनके चलते महिलाएं लगातार सशक्त और सक्षम बन रही हैं। महिलाओं के रोजगार, स्वास्थ्य और पोषण से संबंधित योजनाओं के लिए 12.5 हजार करोड़ का प्रावधान बजट में किया गया है। इसी के साथ युवाओं में शोध के प्रति रुचि जागृत करने देश के 50 हजार स्कूलों में अटल टिंकरिंग लैब बनाए जा रहे हैं। भारत नेट के अंतर्गत 2.5 लाख पंचायतों में इंटरनेट सेवा उपलब्ध कराई जा रही है। मेडिकल एजुकेशन में फिलहाल 10 हजार सीटें हैं और आगे चलकर 75 हजार सीटें बढ़ाने का लक्ष्य है। युवाओं में शोध को बढ़ावा देने के लिए पीएम रिसर्च फैलोशिप योजना शुरू की गई है।

# यूट्यूबर रणबीर इलाहाबादिया के खिलाफ छात्रों का प्रदर्शन

## माता-पिता पर अभद्र टिप्पणी के विरोध में फूंका पोस्टर, रासुका लगाने की मांग





**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )।** इंडियाज गॉट लेटेंट शो में यूट्यूबर रणबीर इलाहाबादिया की अपने माता-पिता पर की गई अभद्र टिप्पणी के विरोध में मध्य प्रदेश स्टूडेंट्स यूनियन ने मालवीय चौक पर प्रदर्शन किया। रणबीर का पोस्टर जलाकर उन्होंने स्न्ढ्ढक्रदर्ज करने की मांग की है।

# संगम स्नान की चाह में प्रयागराज जाने वाली हर ट्रेन ओव्हरलोड, स्पेशल गाड़ियां भी पड़ रहीं कम



**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )।** प्रयागराज में महाकुंभ मेले के चलते इन दिनों चाहे नियमित हों या फिर स्पेशल ट्रेनें सभी फुल चल रही हैं। गंगा में स्नान करने की चाह में लोगों को जहां जगह मिल रही है वहीं बैठकर सफर कर रहे हैं। अब चाहे एसी कोच के दरवाजे पर दरी बिछाकर बैठना पड़े या फिर जनरल कोच के दरवाजे में लटकने की नौबत ही क्यों न आ जाए। मुख्य स्टेशन के अलावा छोटे स्टेशनों से यात्रियों की भीड़ ट्रेनों में ज्यादा चढ़ रही है, क्योंकि छोटे स्टेशनों में सुरक्षा के ज्यादा इंतजाम नहीं हैं, इसलिए यात्री किसी भी कोच में बैठ रहे हैं। इन दिनों स्टेशनों में दिन में भले ही ज्यादा भीड़ नजर न आए, मगर देर शाम से रात होते ही लगभग हर प्लेटफॉर्म में यात्रियों की संख्या बढ़ जाती है, कहीं-कहीं तो पैर रखने तक कि जगह नहीं मिल रही है। हालाँकि रेल प्रशासन द्वारा सतर्कता बरती जा रही है और सुरक्षा कर्मियों को हर स्टेशन पर अलर्ट किया गया ताकि कहीं भी अप्रिय स्थिति निर्मित न हो। प्रयागराज में महाकुंभ को लेकर अब लोगों में इस बात की चिंता बढ़ गई कि समय रहते कुंभ में जाकर स्नान कर लेना चाहिए। जिसके चलते इन दिनों सड़क मार्ग के अलावा ट्रेनों में भीड़ ज्यादा देखी जा रही है। सप्ताह के अंतिम दिनों में तो यह भीड़ आम दिनों की अपेक्षा दो से तीन गुना तक बढ़ जाती है। किसी भी ट्रेन में घुस रहे यात्री- मुख्य स्टेशन में मंगलवार की रात भी यात्रियों की भीड़ प्लेटफॉर्म के साथ ही सर्कुलेटिंग एरिया तक नजर आई। यहां तक की जब भी कोई ट्रेन आती तो यात्री उसमें बैठने दौड़ लगा देते, हर कोई प्रयागराज जाने की उत्सुकता में किसी भी ट्रेन व कोच में बैठ रहा था। इस दौरान ट्रेनों के बंद दरवाजों को जबरन खुलवाने की भी कोशिश की गई। जबलपुर मंडल के मुख्य स्टेशन से लेकर कटनी, मैहर, सतना, करेली, नरसिंहपुर सहित अन्य स्टेशनों में भीड़ को देखते हुए स्टेशनों में रेल कर्मचारियों की संख्या भी बढ़ा दी गई है।

# विराट पुस्तक मेला एवं प्रदर्शनी का आयोजन



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। आपाधापी के इस दौर में मानव जीवन में असंतुलन अवश्यंभावी है , उसे सही दिशा मार्गदर्शन की आवश्यकता है । मनुष्य जन्म तो आसान है किंतु मनुष्यता बहुत ही कठिनता से प्राप्त होती है । मनुष्य में देवत्व और धरती पर स्वर्ग के अवतरण के लिए युगऋषि, वेदमूर्ति तपोनिष्ठ पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य जी ने अपना सारा जीवन इस संसार के उत्थान और बुराइयों को मिटाने के लिए लगा दिया। उन्होंने 3200 से अधिक पुस्तक ही नहीं लिखी वरन् समस्त विश्व में 4000 से अधिक गायत्री शक्तिपीठों का निर्माण कर उन्हें जन जागरण का केंद्र भी बनाया , जो कि अपने आप में एक विराट कार्य है। आचार्य जी द्वारा चारों वेदों, 18 पुराणों ,108 उपनिषदों , धर्म- दर्शन, यज्ञ- विज्ञान ,धर्म तंत्र से लोक शिक्षण,अध्यात्म और विज्ञान का समन्वय, नारी जागरण, व्यक्ति निर्माण ,परिवार और राष्ट्र निर्माण, पर्यावरण जैसे महत्वपूर्ण विषयों की जानकारी उन्होंने सभी के लिए सर्वसुलभ कराई और उनके द्वारा रचित साहित्य जनजन को उपलब्ध हो सके, इस हेतु कॉपीराइट जैसी कोई व्यवस्था नहीं रखी । उन्होंने इसको इतना सरल और सुंदर बनाया कि जिन्होंने भी उसको पढ़ा और जीवन में उतारा, उसका जीवन स्वर्गोपम होता चला गया। उसके जीवन से बुराइयों का नष्ट होना शुरू हो गया वह व्यक्ति देवत्व की ओर बढ़ता चला गया ! पूज्य गुरुदेव के साहित्य को जन-जन तक पहुंचाने हेतु गायत्री शक्तिपीठ जबलपुर के द्वारा शहीद स्मारक ग्राउंड, गोल बाजार में 25 फरवरी से 3 मार्च तक प्रातः 11:00 बजे से रात्रि 9:00 बजे तक विराट पुस्तक मेला एवं युग निर्माण योजना की विशाल प्रदर्शनी लगाई जाएगी।

गायत्री परिवार के मुख्य ट्रस्टी श्री बी.बी. शर्मा , व्यवस्थापक श्री प्रमोद राय, पुस्तक मेला के संयोजक श्री जगदीश दीक्षित, महिला मंडल की श्रीमती गीता डोंगरे, सुश्री मृदुला शर्मा , कविता तिवारी ने आमजनता से पुस्तक मेला में भाग लेकर अपने जीवन को धन्य बनाने की अपील की है।

# संत गजानन महाराज का आज 33 वां प्रकटोत्सव

जबलपुर । यादव कॉलोनी में स्थित गजानन महाराज के मंदिर में गुरुवार 20 फरवरी को 33 वां प्रकटोत्सव आयोजित किया जा रहा है। इस इस अवसर पर दिनभर धार्मिक आयोजन होंगे। दोपहर 12:00 बजे से आरती एवं हवन के कार्यक्रम होंगे तथा दोपहर 1:00 बजे से 3:00 बजे तक महाप्रसाद का वितरण किया जाएगा। शाम 4:00 बजे से गजानन महाराज की शोभायात्रा निकाली जाएगी।यह शोभायात्रा कमला नेहरू वार्ड के प्रमुख मार्गों से भ्रमण करते हुए वापस गजानन मंदिर आएगी।

# शरद अग्रवाल ने शिवाजी महाराज की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। छत्रपति शिवाजी महाराज की जन्मजयंती पर भाजपा व्यापारी प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक शरद अग्रवाल ने शिवाजी महाराज की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया । श्री अग्रवाल ने कहा कि शिवाजी महाराज शौर्य पराक्रम स्वाभिमान वीरता की प्रतिमूर्ति थे। शिवाजी महाराज ने हिंदवी स्वराज की स्थापना की। उनका युद्ध कौशल,रणनीति, कूटनीति प्रेरणादायक है।

## 20 भारतीय राज्यों से 32 भाषाओं और बोलियों में 367 नाटकों में से चुने गए उत्कृष्ट नाटक

# महिंद्रा एक्सीलेंस इन थिएटर अवाड्र्स अपने 20वें संस्करण के लिए तैयार, 10 शानदार नाटकों का होगा मंचन!





भारतीय रंगमंच के प्रतिष्ठित पुरस्कार और फेस्टिवल—महिंद्रा एक्सीलेंस इन थिएटर अवाड्र्स (META)—13 से 20 मार्च 2025 तक लौट रहे हैं। महिंद्रा ग्रुप द्वारा स्थापित इस पुरस्कार समारोह के 13 श्रेणियों के लिए नामांकित शीर्ष 10 नाटकों की घोषणा की गई है। ये नाटक नई दिल्ली में प्रस्तुत किए जाएंगे और पुरस्कार वितरण समारोह के साथ इस फेस्टिवल का भव्य समापन होगा। विजेताओं को 20 मार्च 2025 को कमानी ऑडिटोरियम में रंगमंच की प्रमुख हस्तियों की उपस्थिति में सम्मानित किया जाएगा। बेहतरीन नाटकों के लिए मशहूर, META में अब तक पौराणिक कथाओं, लिंग, पहचान, विद्रोह, दमन, अधिनायकवाद, व्यक्तिगत संघर्षों और रोमांच जैसे विषयों पर नाटक शामिल रहे हैं। अपने 20वें संस्करण में भी नामांकित नाटक सीमाओं को तोड़ते हुए विविध दृष्टिकोणों और कहानियों का सम्मिश्रण प्रस्तुत कर रहे हैं। 2025 संस्करण के लिए इस फेस्टिवल में भारत के 20 राज्यों से 367 प्रविष्टियां प्राप्त हुईं, जिनमें दो अंतरराष्ट्रीय प्रविष्टियां भी शामिल हैं। इस बार शॉर्टलिस्ट किए गए नाटक मध्य प्रदेश, कर्नाटक, केरल, पश्चिम बंगाल और महाराष्ट्र से हैं। हमेशा की तरह, फेस्टिवल ने समावेशिता और विविधता को अपनाया है, इस बार 32 भारतीय भाषाओं और बोलियों में प्रस्तुतियां आई हैं। अंतिम 10 नामांकनों में हिंदी, मलयालम, बांग्ला, कन्नड़, संस्कृत, बुंदेली और अंग्रेज़ी में नाटक शामिल हैं। META सचिवालय के सहयोग से चयन समिति ने प्रतियोगिता के लिए प्रस्तुत किए गए सभी 367 नाटकों की गहन समीक्षा की। इस वर्ष, प्रतिष्ठित समिति में शामिल थे- कुलजीत सिंह, भारतीय फिल्म और रंगमंच अभिनेता, निर्देशक, और एटेलियर थिएटर के संस्थापक/क्रिएटिव डायरेक्टर; दिव्या सेठ शाह, फिल्म और टेलीविजन अभिनेत्री; दिलीप शंकर, प्रसिद्ध भारतीय रंगमंच और फिल्म कास्टिंग निर्देशक; शंकर वेंकटेश्वरन, सम्मानित भारतीय रंगमंच निर्देशक; और अनुरूपा रॉय, प्रमुख भारतीय कठपुतली कलाकार, कठपुतली

# दुर्ग-टुंडला-दुर्ग कुंभ मेला स्पेशल ट्रेन का संचालन

जबलपुर । महाकुम्भ-2025 के अवसर पर यात्रियों की सुविधा एवं अतिरिक्त यात्री भीड़ को क्लीयर करने के उद्देश्य से रेल प्रशासन द्वारा दुर्ग-टुंडला-दुर्ग कुंभ मेला स्पेशल ट्रेन 01-01 ट्रिप के लिए चलाई जा रही है। यह स्पेशल ट्रेन पश्चिम मध्य रेल के दोनों दिशाओं में कटनी, मैहर एवं सतना स्टेशनों से होकर गुजरेगी।

गाड़ी संख्या 08769 दुर्ग-टुंडला कुंभ मेला स्पेशल ट्रेन दिनांक 21 फरवरी 2025 को दुर्ग स्टेशन से सुबह 10:40 बजे प्रस्थान कर, कटनी रात 19:35 बजे, मैहर 20:33 बजे, सतना रात 22:00 बजे एवं अगले दिन प्रयागराज छिवकी मध्य रात्रि 02:05 बजे पहुँचकर अन्य स्टेशनों से होते हुए और सुबह 09:30 बजे टुंडला स्टेशन पहुंचेगी।


गाड़ी संख्या 08770 टुंडला-दुर्ग कुंभ मेला स्पेशल ट्रेन दिनांक 22 फरवरी 2025 को टुंडला स्टेशन से सुबह 11:30 बजे प्रस्थान कर, प्रयागराज छिवकी सायं 18:50 बजे एवं अगले दिन सतना मध्य रात्रि 00:40 बजे, मैहर 01:18 बजे, कटनी 02:25 बजे पहुँचकर अन्य स्टेशनों से होते हुए और दोपहर 13:10 बजे दुर्ग स्टेशन पहुंचेगी।

ठहराव- रायपुर, भाटापारा, उसलापुर, पेंड्रा रोड, अनूपपुर, शहडोल, उमरिया, कटनी, मैहर, सतना, मानिकपुर, प्रयागराज छिवकी, फतेहपुर, गोविंदपुरी और इटावा। संरचना- दो वातानुकूलित 2-टियर, 9 वातानुकूलित 3-टियर, 2 शयनयान श्रेणी, 1 सामान्य द्वितीय श्रेणी और 1 सामान्य द्वितीय श्रेणी सह गार्ड ब्रेक वैन एवं 1 जनरेटर कार। यात्री मेला स्पेशल ट्रेन के ठहराव की विस्तृत जानकारी रेल मदद 139 अथवा एनटीईएस ऑनलाइन माध्यम से प्राप्त कर सकते है।

# लाइफ सेविंग का काम करता है इमरजेंसी विभाग- डॉ. वी. निरंजनी



जबलपुर, -मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल की कंसलटंट (एक्सीडेंट एंड इमरजेंसी) डॉ. वी. निरंजनी ने कहा,वर्तमान समय में लोगों में मेडिकल इमरजेंसी के बारे में अवेयरनेस की जरूरत है क्योंकि आमतौर पर देखा जाता है कि लोग किसी भी समस्या के लिए इमरजेंसी विभाग में पहुंच जाते हैं. यहां केवल इमरजेंसी पेशेंट को ही लाना चाहिए जिन्हे तुरंत उपचार की आवश्यकता है. इमरजेंसी विभाग में उच्च प्रशिक्षित स्टाफ और डॉक्टर रहते हैं जिनका फायदा उन्हें मिलना चाहिए जो यादा पीड़ित है और जिन्हे तुरंत उपचार की आवश्यकता है. सबसे पहले तो यह जागरूकता लानी जरूरी है कि कौनसे पेशेंट को इमरजेंसी विभाग में ले जाना चाहिए और किसे ओपीडी में.यदि पेशेंट को सांस लेने में तकलीफ हो रही है, चेस्ट पेन है, स्ट्रोक की समस्या है, लकवे का शिकार हुआ है, ज्यादा बुखार है, चक्कर आकर गिर गया है, एक्सीडेंट हुआ है तो उसे बगैर देरी किए इमरजेंसी विभाग में ले जाना चाहिए. अन्यथा पेशेंट 3-4 दिनों से समस्या से जूझ रहा है और उसे सर्दी, खांसी जैसी सामान्य समस्या है तो इसके लिए ओपीडी में जाना चाहिए. ऐसे में इमरजेंसी विभाग का लोड कम होगा और जो वाकई इमरजेंसी पेशेंट हैं, उन्हें यह सुविधा तत्काल प्रभाव से मिल सकेगी क्योंकि इमरजेंसी विभाग लाइफ सेविंग का काम करता है.मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल की कंसलटंट (एक्सीडेंट एंड इमरजेंसी) डॉ. वी. निरंजनी ने आगे कहा,सबसे जरूरी तो यह है कि हर किसी के घर में फर्स्ट एड किट होना ही चाहिए. इसमें कॉटन, क्रेप बैंडेज, बिटाडीन क्रीम,स्प्रे,गौज रोल आदि चीजें होनी चाहिए. हर किसी को फर्स्ट एड के लिए जरूरी बुनियादी चीजें सीखनी चाहिए.इमरजेंसी की स्थिति में इन चार बातों का खासतौर पर ध्यान रखना चाहिए. वो बाते है-इमरजेंसी कंडिशन में घबराना बिल्कुल नहीं चाहिए,करीबी अस्पताल का कॉन्टैक्ट नंबर हमेशा अपने मोबाइल में सेव कर के रखें,एंबूलेंस को कॉल करते समय पेशेंट की पूरी स्थिति बताएं,एंबूलेंस आने तक पेशेंट की योग्य देखभाल करें. एंबूलेंस बुलाते समय पेशेंट की स्थिति बताए.एंबूलेंस बुलाते समय ही पेशेंट की पूरी जानकारी देनी चाहिए ताकि उसके अनुसार सुविधाओं वाली एंबूलेंस उपलब्ध हो सके.




जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )। शातिर बदमाश जीत चतुर्वेदी फरारी के दौरान नैनपुर, मण्डला, इन्दौर, उज्जैन, धूमा, छिन्दवाडा क्षेत्र में लुक छिप कर फरार काट रहा था एवं समय समय पर जबलपुर आकर अपराध घटित कर रहा था। जिसे गम्भीरता से लेते हुये पुलिस अधीक्षक जबलपुर श्री सम्पत उपाध्याय ( भा.पु.से. ) द्वारा फरार आरोपी की सरगर्मी से तलाश कर शीघ्र गिरफ्तारी हेतु आदेशित किये जाने पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर श्री आनंद कलादगी( भा.पु.से. ) , अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अपराध श्री प्रदीप कुमार शेण्डे, नगर पुलिस अधीक्षक अधारताल श्रीमति प्रियंका करचाम के



**मुख्यमंत्री ने जबलपुर के ग्राम उमरिया में अत्याधुनिक गौशाला का भूमिपूजन किया 10 हज़ार गौवंशों को मिलेगा आश्रय**

# बेसहारा एवं निराश्रित गौ-वंशों की देखभाल की जिम्मेदारी राज्य सरकार की- मुख्यमंत्री डॉ. यादव

**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि संतो की नगरी जबालीपुरम आज धन्य हुई है। यह आनंद का धाम बना है। जिले में अत्याधुनिक गौ-शाला बनाये जाने की नीव रखी गई है। उन्होंने कहा कि गौ-संरक्षण एवं संवर्धन के लिए प्रदेश सरकार प्रतिबद्ध है। राज्य सरकार की नीति अनुसार कहीं भी गौ-माता को लावारिस-निराश्रित नहीं रहने दिया जायेगा। प्रदेश के बड़े महानगरों की तरह अन्य बड़ी नगर निगम एवं नगर पालिकाओं में गौ-शालाओं का निर्माण कर इनकी क्षमताओं को 10 हजार तक पहुंचाने का कार्य किया जायेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश के किसानों को आर्थिक रूप से सशक्त करने के उद्देश्य से सरकार द्वारा 2600 रूपये प्रति क्विंटल समर्थन मूल्य पर गेहूं लेने का निर्णय लिया गया है। इसके साथ ही प्रदेश के धान उत्पादक



किसानों को 2 हजार रूपये प्रति हेक्टेयर प्रोत्साहन राशि इसी माह से दी जायेगी।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव बुधवार को जबलपुर के ग्राम उमरिया में 53 एकड़ में बनाई जा रही गौशाला परियोजना के पहले चरण का भूमिपूजन कर संबोधित कर रहे थे। साथ ही जिले के 187.43 करोड़ रूपये से अधिक के विकास कार्यो का लोकार्पण और भूमि-पूजन भी किया। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने दीप प्रज्ज्वलन और संतों को पुष्प माला पहनाकर किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने गौ-माता का पूजन एवं नमन कर उन्हें आत्मीय भाव से गौ-आहार खिलाया। इस अवसर पर लोक निर्माण विभाग मंत्री श्री राकेश सिंह, पशुपालन मंत्री श्री लखन सिंह पटेल, अनुसूचित जाति कल्याण विभाग मंत्री श्री नागर सिंह चौहान मौजूद थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि शासकीय स्तर पर गौ-शालाएं खुलेगी, जिनमें अधिक आयु की निराश्रित, अशक्त गौ-वंशों की देखभाल की जिम्मेदारी सरकार की होगी। इससे सड़क पर विचरण करने वाले लावारिस एवं निराश्रित गौ-वंशों को आश्रय मिलेगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश की गौ-शालाओं के प्रत?येक गौ-वंश के लिए 40 रूपये प्रतिदिन दिये जा रहे हैं। साथ ही साथ घर-घर तक गौ-पालन को प्रोत्साहित करने के लिए 10 से अधिक गौ-वंश पालने वाले व्यक्ति को शासन की ओर से अनुदान दिया जायेगा।

# जबलपुर में फिर एक युवक की हत्या, बारात में किसी बात को लेकर उपजे विवाद पर दो बदमाशों ने मारा चाकू



**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )।** जबलपुर में 24 घंटे के अंतराल में फिर एक एक युवक की धारदार हथियार से हमला कर हत्या कर दी गई. अभिषेक रजक नामक युवक शक्ति नगर गढ़ा एक बारात में आया था. यहां पर लड़की पक्ष के दो युवकों ने किसी बात पर विवाद हो गया, जिसपर दोनों युवकों ने चाकू मारकर अभिषेक रजक को मौत के घाट उतार दिया. इससे पहले सदर क्षेत्र में एक युवक की शराब की बोतल फूटने पर हत्या कर दी गई थी.

पुलिस अधिकारियों के अनुसार गायत्री नगर अधारताल से रजक समाज की बारात शक्ति नगर गढ़ा आई थी. बारात में अभिषेक रजक भी शामिल हुआ था. अभिषेक बारात के पास ही खड़ा रहा रहा, तभी लड़की पक्ष के दो युवक करन व अर्जुन का पड़ोस के एक युवक से झगड़ा हो गया. शोर सुनकर अभिषेक पहुंचा और बीच बचाव करते हुए दो युवकों को जाने के लिए कहा. इसी बात को लेकर दोनों युवकों ने अभिषेक के साथ ही गाली गलौज शुरु कर दी. अभिषेक ने विरोध किया तो दोनों युवकों ने चाकू निकालकर अभिषेक पर हमला कर दिया. अभिषेक पर हमला होते देख बारात में शामिल अन्य लोग दौड़कर पहुंच गए, देखा तो अभिषेक खून से लथपथ हालत में पड़ा है. उठाकर अस्पताल पहुंचाया, जहां पर डाक्टरों ने जांच के बाद अभिषेक को मृत घोषित कर दिया. अभिषेक की हत्या की खबर से वर एवं वधु पक्ष के लोगों में हड़कम्प मच गया, जिसने भी घटना के बारे में सुना तो स्तब्ध रह गया. शादी की चहल-पहल कुछ ही देर में मातम में बदल गई. मौके पर पहुंची पुलिस ने पूछताछ के बाद हमलावरों की तलाश शुरु कर दी. वहीं घटना की खबर मिलते ही परिजन व अन्य रिश्तेदार पहुंच गए थे, जिन्होने अभिषेक को इस हालत में देखा तो फूट-फूट कर रोए.

**शराब की बोतल फूटने पर उपजे विवाद में युवक की हत्या**

गौरतलब है कि एक दिन पहले ही सदर क्षेत्र में सगड़ा-छपनी निवासी नंदलाल पटेल प्लम्बर का काम करता रहा. वह अपने दोस्तों के साथ सोमवार को नल की फिटिंग का सामान लेने के लिए शहर आया था. सामान लेने के बाद वह सदर किसी काम से गया, यहां पर मोटर साइकल सवार युवकों को नंदलाल का धक्का लग गया, जिसके चलते युवकों की शराब की बोतल फूट गई. इसी बात पर उपजे विवाद पर तीनों बदमाशों ने नंदलाल की चाकू मारकर हत्या कर दी. नंदलाल पर हमला होते देख आसपास के लोगों की भीड़ एकत्र हो गई, जिन्होने एक आरोपी को पकड़कर बुरी तरह पीटा और पुलिस के हवाले कर दिया था.

# मुख्यमंत्री को ज्ञापन पत्र सौंपने को लेकर कांग्रेस पार्षद दल को किया गिरफ्तार





नेता प्रतिपक्ष श्री अमरीश मिश्रा ने बताया कि 19 फरवरी 2025 को माननीय मुख्यमंत्री जी के नगर आगमन के दौरान शहर विकास के संबंध में जिला कलेक्टर को पत्र सौंपकर भेंट वार्ता के लिये समय चाहा गया था परंतु माननीय मुख्यमंत्री जी का समय न मिलने के कारण कांग्रेस पार्षद दल ने शहर विकास के लिए फण्ड का अभाव न रहे । अतिरिक्त फण्ड शहर विकास के लिए दिया जाये । राईट टाउन, नेपियर टाउन, गोल बाजार की लीज-फ्री-होल्ड की प्रक्रिया रूकी हुई है, इसका उचित निराकरण किया जाये । पुराना बस स्टेंड से लेकर शास्त्री ब्रिज, छोटी लाईन फाटक तक नया फ्लाई ओवर ब्रिज निर्माण की स्वीकृति प्रदान की जाये । अम्बेडकर चौक से अधारताल एवं दमोहनाका तक फ्लाई ओवर ब्रिज निर्माण की स्वीकृति प्रदान की जाये । नगर सत्ता द्वारा की जा रही वित्तीय अनिमितताओं की उच्च स्तरीय कमेटी बनाकर जांच की जाये । के बिन्दुओं पर अपना ज्ञापन पत्र माननीय मुख्यमंत्री को सौंपना चाहा परंतु पार्षद दल को नगर निगम के मुख्य द्वार पर ही पुलिस के द्वारा जाने से रोक लिया गया और इसके पश्चात् कांग्रेस पार्षद दल को गिरफ्तार कर लिया गया । गिरफ्तारी के दौरान नेता प्रतिपक्ष अमरीश मिश्रा, उपनेता प्रतिपक्ष शगुफ्ता उस्मानी गुड्डू नबी, सचेतक अयोध्या तिवारी, पार्षद संतोष दुबे पंडा, वकील अहमद अंसारी, गुलाम हुसैन, हर्षित यादव, श्रीमती गार्गी रामकुमार यादव, गुड्डू तामसेतवार, प्रमोद पटेल, अख्तर अंसारी, श्रीमती तुलसा लखन प्रजापति, राकेश पाण्डेय, सत्येन्द्र चौबे, पूर्व पार्षद मदन लारिया, शेख शेरू, जावेद अंसारी, सोहेल अंसारी तथा बड़ी संख्या में कांग्रेस, युवक कांग्रेस एवं एन.एस.यू.आई के कार्यकर्ता उपस्थित रहे ।

**न्यायलय तहसीलदार तहसील गोरखपुर, जिला जबलपुर**

**रा.प्र.क्र......../अ-6/2024-25 जबलपुर,दिंनाक 10/02/2025**

**आम इश्तेहार**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता ग्राम **गढ़ा,** प.ह.न.28, तहसील गोरखपुर-1 जिला जबलपुर को सूचित किया जाता है कि आवेदक **श्री शम्भू प्रसाद विश्वकर्मा, पिता स्व. श्री राम प्रसाद विश्वकर्मा,** निवासी गढ़ा जबलपुर के द्वारा ग्राम गढ़ा में स्थित **भूमि खसरा नं. 417,484 रकवा 1200 वर्गफुट/** हेक्टेयर भूमि पर विक्रय पत्र/ बंटवारा/वसीयत/फौती नामांतरण दर्ज किये जाने हेतु इस न्यायलय में आवेदन प्रस्तुत किये जाने से प्रकरण विचाराधीन है। ।

तत्सम्बंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति लिखित में मय- दस्तावेज पेशी **पेशी दिनांक 25/02/2025** तक इस न्यायलय में स्वयं उपस्थित होकर अथवा अधिवक्ता के द्वारा पेश कर सकता है। पेशी अवधि व्यतीत हो जाने पर प्राप्त आपत्तियों पर किसी प्रकार का विचार नहीं किया जावेगा।

**यह इश्तेहार न्यायालय की मुहर एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।**

**जारी दिनांकः- 10-02-2025**
**पेशी दिनांकः- 25-02-2025**

मुहर

**तहसीलदार गोरखपुर**
**कार्यपालिक दण्डाधिकारी**
**गोरखपुर, जबलपुर**

# सीएम को काले झंडे दिखाने के पूर्व पुलिस ने छात्र नेताओं को गिरफ्तार कर किया नजरबंद



जबलपुर/विभिन्न कार्यों का लोकार्पण करने शहर आएं मुख्यमंत्री मोहन यादव को एनएसयूआई कार्यकर्ताओं द्वारा प्रदेश में बढ़ती बेरोजगारी, कमीशन खोरी, तथा शहर मे बढ़ते अपराध पुलिस के गुंडाराज के विरोध में सीएम को काले झंडे दिखाने के पूर्व ही पुलिस ने अनेक छात्र नेताओं को गिरफ्तार कर उन्हें नजर बंद किया। घमापुर पुलिस ने छात्र नेता अनुराग शुक्ला,अंकित कोरी,युग ठाकुर, निखिल वंशकार सहित अन्य को उनके घर से बलपूर्वक गिरफ्तार कर नजरबंद किया।

अनुराग शुक्ला ने कहा की प्रदेश में लगातार महंगाई बढ़ रही है गैस और सब्जियों के दाम आसमान छू रहे हैं, बेरोजगारी में प्रदेश पहले नंबर पर है मध्यप्रदेश का युवा पलायन करने को मजबूर है, प्रदेश में भर्ती परीक्षाओं में सत्ता में बैठे सरकार के दलालों के द्वारा परीक्षा में घोटाले के नए कीर्तिमान स्थापित किए जा रहे है, प्रदेश में लगातार महिला अपराधो में वृद्धि हो रही लेकिन मोहन जी की पुलिस प्रदेश में गुंडाराज स्थापित कर रही है हमें जनता की आवाज को उठाने से रोका जा रहा है उन्होंने कहा कि आज जिस प्रकार पुलिस द्वारा उन्हें गिरफ्तार किया गया है अगर पुलिस इतनी ईमानदारी और सख्ती के साथ अपराधियों पर नकेल कशती तो शायद संस्कारधानी में बढ़ रहे अपराधों में कमी होती शहर में हर रोज चोरी, हत्या, डकैती जैसी घटनाएं घटित हो रही है लेकिन पुलिस अपराधियों पर कार्रवाई करने की वजाह मूकदर्शक बनी रहती है।

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-09 लालमाटी नगर निगम जबलपुर**

**पत्रांक-स.अधि/09/2024-25/ एम/691/ दिनांक 17.02.2025**

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्री इला रॉय, पिता - विनोद बिहारी राय** ने मकान नं. 397 ध 2 पिन नं.1000467660 **वार्ड आचार्य विनोवा भावे वार्ड ,** भूतल आर.सी.सी. 206 व.फु., प्रथमतल आर.सी.सी. 206 व.फु., **शपथपत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, विक्रयपत्र** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. 397 ध 2 पूर्व पार्षद निवास के पास, पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-09 लालमाटी नगर निगम जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी**
**संभाग-09 लालमाटी**
**नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-09 लालमाटी नगर निगम जबलपुर**

**पत्रांक-स.अधि/09/2024-25/ एम/690/ दिनांक 17.02.2025**

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्री सोमनाथ चौरसिया, पिता- स्व. श्री सरजू प्रसाद चौरसिया** ने मकान नं. 2273 पिन नं.1000473169 **वार्ड सेठ गोविन्द दास वार्ड ,** भूतल आर.सी.सी. 956 व.फु., प्रथमतल आर.सी.सी. 956 व.फु., **शपथपत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, बटवारानामा** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. 2273 चांदमारी रोड, शुक्ला होटल के पास, पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-09 लालमाटी नगर निगम जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी**
**संभाग-09 लालमाटी**
**नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-03 रामपुर ( शक्ति भवन रोड ) नगर निगम जबलपुर**

**पत्रांक-स.अ./03/2024-25/ एम/312/ दिनांक 19.02.2025**

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्री विजय कुमार श्रीवास्तव, पिता- श्री रामदरबारी लाल श्रीवास्तव** ने भवन क्रंमाक. टॉवर- 1, फ्लैट नं.1104 **वार्ड दादा बाबूराव परांजपे वार्ड ,** भूतल 1132 व.फु., **विक्रयपत्र** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त भवन क्रंमाक. टॉवर- 1, फ्लैट नं.1104 **वार्ड दादा बाबूराव परांजपे वार्ड ,** पंजीकृत गृहस्वामी कम्प्यूटर प्रविष्टि अनुसार- श्री बाबू लाल वर्मा, पिता श्री राधा किशन वर्मा एवं श्री अनुपम वर्मा के स्थान पर नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। जिस किसी को उक्त प्रस्तुत नामांतरण पर आपत्ति हो तो इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर संभागीय कार्यालय **संभाग क्रमांक-03 शक्ति भवन रोड, रामपुर** नगर निगम जबलपुर में प्रमाण दस्तावेजो सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी**
**संभाग क्रं-03 रामपुर**
**नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-04,छोटी लाईन फाटक गोरखपुर नगर पालिक निगम जबलपुर**

**पत्रांक-स.अधि/04/एम/306 2024-25 दिनांक 19/02/2025**

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है,कि संपत्तिकर पिन नं. **1003059755** में पंजीकृत भवन स्वामी **श्री राजकुमार बत्तरा, पिता स्व. श्री एच.एन.बत्तरा एवं श्रीमती भावना बत्तरा, पति राकुमार बत्तरा एवं पश बत्तरा, पिता राजकुमार बत्तरा** के स्थान पर आवेदक **श्रीमती अनीता माखीजा, पति श्री कन्हैया लाल माखीजा एवं श्री अमन माखीजा, पिता- श्री कन्हैया लाल माखीजा ने मकान नं. 670 का भाग आमनपुर, वार्ड क्र.-14 ,नरसिंह वार्ड,** प्लाट क्षेत्रफल 2472 व.फु. खुलीभूमि, **दस्तावेज- विक्रयपत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया हैं। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर **संभागीय कार्यालय क्रमांक-04 छोटी लाईन फाटक गोरखपुर** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी**
**संभाग क्रमांक-04**
**नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-10,रांझी नगर निगम जबलपुर**

**पत्र क्रं. -107, सं.अधि./ रांझी/10 / 2024-25 दिनांक 19.02.2025**

**भवन नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्रीमती कृष्णा यादव, पति- स्व. श्री दीनदयाल यादव** ने मकान नं. 4406/ए-22 पिन नं. 1000699737 **वार्ड शहीद भगत सिंह वार्ड,** भूतल 930 व.फु. , **आधार कार्ड, ऑन लाईन विक्रय पत्र,** के आधार पर नगर निगम के कम्प्यूटर रिकार्ड में दर्ज भवन स्वामी- श्री रमेश कुमार कुशवाहा, पिता- श्री छिदामी लाल कुशवाहा, मकान नं. 4406/ए-22 पिन नं. 1000699737 द्वारा प्रदत मकान नम्बर पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया जाता है। अतः जिस किसी को उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय **संभाग क्रमांक-10 रांझी** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी**
**संभाग-10 रांझी**
**नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-5,संजय गांधी मार्केट नगर निगम जबलपुर**

**पत्रांक-स.अधि/सं.क्रं. 5/2024-25/ एम .113 दिनांक - 19/02/2025**

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्री विक्रांत उपाध्याय, पिता- स्व. श्री जगदीश उपाध्याय** ने भवन क्रं. 397 **वार्ड महात्मा गांधी वार्ड,** भूतल 480 व.फु. आ., **शपथपत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र** के आधार पर नगर निगम द्वारा भवन क्रं. 397 पर नामांतरण हेतु, पंजीकृत स्वामी श्रीमती उमा उपाध्याय, पति- स्व. श्री जगदीश उपाध्याय, भवन क्रं. 397 पिन नं. 1000369107/ 41000145 पर जिस किसी को उक्त में प्रमाण सहित आपत्ति हो तो इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर **कार्यालय संभाग क्रमांक-05** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-5,संजय गांधी मार्केट नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-5,संजय गांधी मार्केट नगर निगम जबलपुर**

**पत्रांक-स.अधि/सं.क्रं. 5/2024-25/ एम .112 दिनांक - 19/02/2025**

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **1. श्री सुशील कु.जैन, पिता स्व. श्री धन्ना लाल जैन, 2. श्रीमती प्रतिभा जैन, पति- सुशील कु. जैन,** ने भवन क्रं. 105/2 **वार्ड कस्तूरबा गांधी वार्ड,** भूतल 162 व.फु. व्या., **विक्रयपत्र** के आधार पर नगर निगम द्वारा भवन क्रं. 105/2 पर नामांतरण हेतु, पंजीकृत स्वामी श्री अशोक तिवारी, पिता- द्वारका प्रसाद तिवारी, भवन क्रं. 105/2 पिन नं. 1000610099/ 41002880 पर जिस किसी को उक्त में प्रमाण सहित आपत्ति हो तो इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर **कार्यालय संभाग क्रमांक-05** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-5,संजय गांधी मार्केट नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-5,संजय गांधी मार्केट नगर निगम जबलपुर**

**पत्रांक-स.अधि/सं.क्रं. 5/2024-25/ एम .114 दिनांक - 19/02/2025**

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्रीमती कीर्ति जैन, पति- श्री नीरज कुमार जैन** ने भवन क्रं. 827 **वार्ड जवाहरगंज वार्ड,** क्षेत्रफल 235 व.फु., भूतल 235 व.फु. व्या., प्रथमतल 235 व.फु. आ., द्वितीयतल 235 व.फु. आ., तृतीयतल 235 व.फु. आ., **विक्रयपत्र** के आधार पर नगर निगम द्वारा भवन क्रं. 827 पर नामांतरण हेतु, पंजीकृत स्वामी श्री दशरथ लाल जैन, पिता- सुखई जैन, भवन क्रं. 827 पिन नं. 1000390723/ 41400978 पर जिस किसी को उक्त में प्रमाण सहित आपत्ति हो तो इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर **कार्यालय संभाग क्रमांक-05** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-5,संजय गांधी मार्केट नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-5,संजय गांधी मार्केट नगर निगम जबलपुर**

**पत्रांक-स.अधि/सं.क्रं. 5/2024-25/ एम .111 दिनांक - 19/02/2025**

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्री धर्मेन्द्र खटीक, पिता- जगमोहन खटीक** ने भवन क्रं. 599 **वार्ड जवाहरगंज वार्ड,** क्षेत्रफल 395 व.फु., भूतल 335 व.फु. आ., प्रथमतल 335 व.फु. आ., द्वितीयतल 156 व.फु. आ., **विक्रयपत्र** के आधार पर नगर निगम द्वारा भवन क्रं. 599 पर नामांतरण हेतु, पंजीकृत स्वामी 1. श्री भरत चौइथवानी, पिता सुरेश चौइथवानी, 2. श्रीमती कीर्ति, पति सुरेश चौइथवानी, भवन क्रं. 599 पिन नं. 1000391364/ 41500856 पर जिस किसी को उक्त में प्रमाण सहित आपत्ति हो तो इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर **कार्यालय संभाग क्रमांक-05** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-5,संजय गांधी मार्केट नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-6,नगर निगम जबलपुर**

**पत्रांक-स.अधि/06/2024-25/ एम/296 जबलपुर दिनांक 18.02.2025**

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्रीमती रानी सिंह, पति- श्री मनीष सिंह** ने शॉप यूनिट 708 का भाग **वार्ड पं. दीनदयाल उपाध्याय** पिन नं. 1004430281, क्षेत्रफल 200 व.फु., भूतल 200 व.फु. , **विक्रयपत्र** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय **संभाग क्रमांक-6 दमोहनाका** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी**
**संभाग-6**
**नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-6,नगर निगम जबलपुर**

**पत्रांक-स.अधि/06/2024-25/ एम/295 जबलपुर दिनांक 18.02.2025**

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्री रमेश कुमार मिश्रा, पिता- श्री शिवफल मिश्रा** ने मकान नं. 3434/ 263 **वार्ड पं. दीनदयाल उपाध्याय** पिन नं. 1000353383, क्षेत्रफल 1600 व.फु., भूतल 240 व.फु. , **विक्रयपत्र** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय **संभाग क्रमांक-6 दमोहनाका** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी**
**संभाग-6**
**नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-6,नगर निगम जबलपुर**

**पत्रांक-स.अधि/06/2024-25/ एम/294 जबलपुर दिनांक 18.02.2025**

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि **1. श्रीमती किरण शुक्ला, पति- श्री दिनेश कुमार शुक्ला, 2. श्रीमती संस्कृति मदियलागन, पिता- श्री मदियलागन सुब्रामणि, पति- श्री प्रियांश शुक्ला** ने मकान नं. 3434/ पी 810/बी **वार्ड पं. दीनदयाल उपाध्याय** पिन नं. 1000351390, क्षेत्रफल .......... व.फु., भूतल ............ व.फु. स्वयं रहवास, **विक्रयपत्र** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय **संभाग क्रमांक-6 दमोहनाका** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी**
**संभाग-6**
**नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-6,नगर निगम जबलपुर**

**पत्रांक-स.अधि/06/2024-25/ एम/293 जबलपुर दिनांक 18.02.2025**

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि **1. श्रीमती किरण शुक्ला, पति- श्री दिनेश कुमार शुक्ला, 2. श्रीमती संस्कृति मदियलागन, पिता- श्री मदियलागन सुब्रामणि, पति- श्री प्रियांश शुक्ला** ने मकान नं. 3434/ पी 810/ऐ **वार्ड पं. दीनदयाल उपाध्याय** पिन नं. 1000353327, क्षेत्रफल 250 व.फु., भूतल 250 व.फु. स्वयं रहवास, **विक्रयपत्र** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय **संभाग क्रमांक-6 दमोहनाका** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी**
**संभाग-6**
**नगर निगम जबलपुर**

स्वात्ताधिकारी मुद्रक प्रकाशक कृष्णकांत सक्सेना की ओर से श्री बालाजी प्रिंटर्स, प्लाट नं.21,सेक्टर-एच,इंडस्ट्रियल एरिया,गोविंदपुरा भोपाल से मुद्रित तथा मकान नंबर 358 साठियां कुआं जबलपुर से प्रकाशित। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र जबलपुर रहेगा। मो.नं. 9300696096, भोपाल 9425025999